हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार 27.11.2023 वर्ष 10, अंक 321
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
उस ज्ञान का कोई लाभ नहीं, जो समाज के हित में ना हो !

## क्विक न्यूज

### पीएम की सुरक्षा में चूक को लेकर पंजाब पुलिस के 7 सुरक्षाकर्मी किए गए निलंबित

**चंडीगढ़ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक को लेकर पंजाब पुलिस के सात सुरक्षाकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है. पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पंजाब यात्रा के दौरान सुरक्षा उल्लंघन का मामला सामने आया था. जिन पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है उनमें फिरोजपुर जिले के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक और दो डीएसपी रैंक के अधिकारी भी शामिल हैं. पीएम की सुरक्षा में चूक का यह मामला पिछले साल 5 जनवरी को सामने आया था. उस दौरान प्रधानमंत्री मोदी विधानसभा चुनावों के लिए एक रैली में हिस्सा लेने के लिए पंजाब में थे. प्रदर्शनकारी किसानों की नाकाबंदी के कारण प्रधानमंत्री का काफिला करीब 20 मिनट तक फ्लाईओवर पर फंसा रहा था.

### यूनिवर्सिटी में भगदड़ में चार छात्रों की मौत पर राज्यपाल ने दुख जताया

**तिरुवनंतपुरम :** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कोचीन यूनिवर्सिटी में एक टेक फेस्ट के दौरान भगदड़ की घटना का जायजा लिया. इस घटना में चार लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए. खान ने यूनिवर्सिटी के कुलपति से बात भी की.केरल के राज्यपाल ने एएनआई से कहा, फ्रघटना के बारे में बहुत दुख है. मुझे इसके बारे में कल रात में पता चला. मैंने कुलपति से बात की. कुलपति को इसकी विस्तृत जानकारी नहीं थी. उन्होंने कल रात में मुझे बताया कि वे जांच का आदेश देने जा रहे हैं. जांच जो भी हो, यह बहुत बड़ी क्षति है.

### उत्तराखंड में सुरंग के पास कचरे का विशाल पहाड़ बहुत खतरनाक : विशेषज्ञ

**उत्तरकाशी (उत्तराखंड) :** उत्तराखंड की सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बचाने के लिए हाई-टेक मशीनों का उपयोग किया जा रहा है. बचाव टीमें जहां काम कर रही हैं उसके पास कचरे का पहाड़ है. यह कचरा उस सुरंग के निर्माण के दौरान इकट्ठा हुआ है जो महत्वाकांक्षी चार धाम प्रोजेक्ट का हिस्सा है.कचरे का यह विशाल हिस्सा पहाड़ी पर है. भारी बारिश होने पर इसे कीचड़ में बदलने और नीचे की ओर आवासीय क्षेत्रों की ओर बढ़ने से रोकने के लिए कोई सुरक्षात्मक दीवार नहीं है.

### प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रताप टोप्पो का निधन

**लातेहार :** जिले के गारू प्रखंड में पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रताप टोप्पो की मौत शनिवार की रात इलाज के दौरान वेल्लोर में हो गई। वे कैंसर से पीड़ित हो गए थे।वेल्लोर में उनका पिछले 15 दिनों से इलाज चल रहा था। शनिवार की रात उन्होंने अंतिम सांस ली। प्रताप टोप्पो की मौत की पुष्टि लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन ने की है।

## दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन का 64वां वार्षिक सम्मेलन

# 20 हजार डॉक्टरों ने ली अंग दान की शपथ

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन का 64वां वार्षिक सम्मेलन मेडिकॉन रविवार को दिल्ली के अशोक होटल में हुआ. इसमें दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन से जुड़े न केवल 20 हज़ार डॉक्टरों ने अंग दान की शपथ ली, बल्कि भरोसा दिलाया कि वो अपने मरीजों को भी अंग दान को लेकर समझ बढ़ाएंगे और प्रेरित करेंगे, ताकि जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे मरीजों और उनके परिवार को तकलीफ कम हो पाए. इस मौके पर दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर अश्विनी डालमिया ने कहा कि ये मौका है,जब हम एक मंच पर जुटते हैं. जानकारी साझा करते हैं. जरूरी है कि साइंटिफिक सोशल समागम में हमारी तकलीफ और हमारे मुद्दों को भी आपस में हम साझा करें और उन ज़रूरी चीज़ों को भी, जिनसे सामाजिक सोच भी बदले और राष्ट्र प्रगति के पथ पर भी आगे बढ़े. ऐसे में एक मुद्दा ऑर्गन डोनेशन का है. लिहाज़ा न सिर्फ यहां मौजूद डॉक्टरों, बल्कि एसोसिएशन से जुड़े हमारे 20 हज़ार साथी डॉक्टर्स ने भी ऑर्गन डोनेशन का प्रण लिया और यही नहीं, जहां वो मरीजों से मिलेंगे उनको अंगदान को लेकर प्रेरित करेंगे. अंगदान की शपथ नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन के निदेशक अनिल कुमार ने दिलवाई.

### * मरीजों को भी अंग दान को लेकर करेंगे प्रेरित

#### अलग-अलग बीमारी और उनके उपचार को लेकर भी हुई चर्चा

डीएमए के मेडिकॉन में अलग-अलग बीमारी और उनके उपचार को लेकर भी कई सेशन हुए. इनमें कैंसर, स्ट्रोक, हार्ट डिजीज, नेफ्रो, नी रिप्लेसमेंट सर्जरी के क्षेत्र में हासिल उपलब्धि और चुनौती पर अलग-अलग सत्र का आयोजन हुआ. जहां आपस में इलाज के ज्ञान का आदान प्रदान भी किया गया. यही नहीं, दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन के इस कार्यक्रम के दौरान मेडिकल प्रोफेशन एट क्रॉसरोड्स, रोल ऑफ काउंसिल, मीडिया, ज्यूडिशियरी एंड पुलिस पर पैनल डिस्कशन भी किया गया.दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर अश्विनी डालमिया ने कार्यक्रम के अंत में दोहराया कि आपस के संवाद से समस्याओं का हल आसानी से निकलता है.




#### मेडिकल एथिक्स का मुद्दा उठाया

करीब 2000 की डॉक्टरों को जुटी भीड़ ने अशोक होटल में फिर से राजघाट के तर्ज पर वहां पैदल मार्च किया.अपनी नाराज़गी और आपत्ति ज़ाहिर की. दिल्ली मेडिकल काउंसिल के अध्यक्ष डॉक्टर अरुण गुप्ता ने मेडिकल एथिक्स का मुद्दा दोहराया. उन्होंने कहा कि डॉक्टर गलत हो, तो उसको टांग दोसजा दो,फांसी पर लटका दो. लेकिन आखिर तय कौन करेगा कि गलती डॉक्टर की है ? कोर्ट, मीडिया ट्रायल गलत है. धारा 304 भी पुलिस का खुद से लगाना गलत है, क्योंकि इस धारा को लेकर पहले दिल्ली मेडिकल कमीशन के कमिटी की अनुमति चाहिए. पर नहीं, बिना उसके ये करना गलत है. सुप्रीम कोर्ट ने अपनी स्थिति इसपर साफ की है, तो पुलिस का मनमर्जी का धारा लगाने का हम विरोध करते हैं. आज चुप रहे, तो ये परंपरा बन जायेगी.

#### डॉक्टरों के साथ मारपीट का मुद्दा दोहराया गया

डीएमए के सचिव डॉक्टर अजय बेदी और पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर विनय अग्रवाल ने डॉक्टरों के साथ मारपीट का मुद्दा दोहराया. उन्होंने कहा,जब डॉक्टर पिटते रहेंगे, तो भला इलाज कौन करेगा? ठोस नीति और ठीक नियत का अभाव दिखता है. आए दिन मरीज के तीमारदार गुस्से में आपा खो देते हैं और शिकार डॉक्टर हो जाता है. ये गलत है. डॉक्टर की सुरक्षा को लेकर सरकार की सजगता जरूरी है. साथ ही पब्लिक को भी समझना होगा कि अस्पताल में डॉक्टर मरीजों की सेवा के लिए है, जान बचाने के लिए है.जान लेने के लिए नहीं. इस मारपीट की घटना को डॉक्टर मैरिज के बीच का संवाद भी रोक सकता है और अगर अस्पताल में प्रबंधन की तरफ से किसी चीज की कमी है तो ध्यान उस दिशा में देने की जरूरत भी.

# सड़क दुर्घटना में पति पत्नी व पुत्र की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बालूमाथ :** बालूमाथ-रांची एनएच 22 मुख्य पथ पर चितरपुर ग्राम के समीप रविवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसा में एक ही परिवार के तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार विजय गंझु 27 वर्ष पिता बुधन गंझु एवं उसकी पत्नी देवंती देवी 24 वर्ष एवं उसका पुत्र अमृत गंझु 8 वर्ष की मौत हो गई। जबकि विजय गंझु की छोटी पुत्री अंकिता कुमारी तीन वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना की सूचना पाकर बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घायल अंकिता कुमारी एवं देवंती देवी को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सक डॉक्टर ध्रुव कुमार द्वारा देवंती देवी को मृत घोषित कर दिया। जबकि अंकिता कुमारी का प्राथमिक इलाज करने के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार विजय गंझु हेरहंज के हूरटांड अपने ससुराल से एक पल्सर मोटरसाइकिल जेएच08ई0102 में सवार होकर अपने घर अनगड़ा,दामोदर थाना चंदवा जा रहा था। इसी दौरान अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट से स्क्रैप लेकर जा रही ट्रेलर नंबर पीबी 11सीक्यू 8573 ने मोटरसाइकिल सवार को रौंदते हुए आगे निकल गया। जिससे विजय गंझु एवं उसका पुत्र अमृत गंझु की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। टेलर के चालक ने मानवता को शर्मसार करते हुए मोटरसाइकिल सवार परिवार को धक्का मारने के बाद उसे लगभग 100 मीटर तक घसीटते रहा।




# पीएम मोदी ने मुंबई हमलों के पीड़ितों को किया याद



*** मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने मुंबई हमले को सबसे जघन्य आतंकवादी हमला करार दिया**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के पीड़ितों को याद किया. उन्होंने इसे भारत का सबसे जघन्य आतंकवादी हमला करार दिया.अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा, हम 26 नवंबर को कभी नहीं भूल सकते. इसी दिन देश में सबसे जघन्य आतंकवादी हमला हुआ था. आतंकियों ने मुंबई और पूरे देश को हिलाकर रख दिया था. यह भारत की क्षमता है कि हम उस हमले से उबर गए और अब पूरी हिम्मत के साथ आतंकवाद को कुचल रहे हैं.बता दें कि साल 2008 में 26 नवंबर के दिन भारी हथियारों से लैस 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों ने मुंबई में सिलसिलेवार हमलों को अंजाम दिया था.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $30^0$ |
| न्युनतम | $23^0$ |

### हर नागरिक के लिए हमेशा खुले हैं न्यायपालिका के दरवाजे : डीवाई चंद्रचूड़

**नई दिल्ली :** संविधान दिवस समारोह पर सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने देश को संबोधित करते हुए भरोसा दिलाया कि न्यायपालिका के दरवाजे हर एक नागरिक के लिए लिए हमेशा खुले हैं. उन्होंने कहा कि किसी को भी अदालत में आते हुए नहीं डरना चाहिए. लोगों का विश्वास ही हमारा श्रद्धास्थान है. कहा कि यहां आया हर एक मुकदमा संविधान के राज की मिसाल है. संविधान अन्य विवादों के साथ राजनीतिक विवाद सुलझाने का भी अधिकार देता है. बाबासाहेब अंबेडकर जी की प्रतिमा प्रतीक है कि संविधान न्याय के लिए कोर्ट तक पहुंचने का अधिकार भी सुनिश्चित करता है.चीफ जस्टिस ने कहा कि लोग साफ हवा और साफ पानी की आस लिए भी सुप्रीम कोर्ट का रुख करते हैं. उन्होंने कहा कि न्यायपालिका में लोगों का भरोसा इस कदर है कि वो पोस्टकार्ड के जमाने में भी एक चिट्ठी लिखकर सुप्रीम कोर्ट से न्याय की गुहार लगाते रहे हैं और संतुष्ट होते रहे हैं. मीडिया रिपोर्ट्स इसकी गवाह हैं. उन्होंने कहा की कहा कि पिछले साल राष्ट्रपति ने जेलों में भीड़भाड़ पर चिंता जताई थी. इस पर भी काम किया गया. उन्होंने कहा कि हमने जेलों और ट्रायल कोर्टों को आदेश को जल्द से जल्द पहुंचाने की व्यवस्था को तेज किया है. इसके अलावा सालों पुरानी जेल नियमावलियों को दुरुस्त करने के लिए परीक्षण किया जा रहा है.






प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# लाखो की लागत से राजा तालाब सुंदरीकरण का सांसद और विधायक ने किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** गरबाँध पंचायत स्थित राजा तालाब सुंदरीकरण 53 लाख की लागत से कार्य का पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद विष्णु दयाल राम तथा भवनाथपुर विधान सभा के विधायक भानु प्रताप शाही ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबिधित करते हुए पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि आदर्श पंचायत में विजली पानी स्वास्थ्य,सड़क की व्यवस्था के लिए ही गाँवो को गोद लिया जाता है।इस ग्राम में धीरे धीरे विकास हो रहा है।उन्होंने कहा कि गरबाँध ग्राम के लोगो की नगर उंटारी से गरबाँध होते हुए रोहिनिया तक सड़क बनाने की मांग है जो जल्द ही पूरा हो जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित भवनाथपुर विधान सभा क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप शाही ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गरबाँध ग्राम का हजारो साल पुराना गावँ है।पुराना इतिहास है इस गावँ का।रोहतास की लड़ाई के बाद नीलाम्बर- पीताम्बर यही रुके थे। लोगो की सूचना पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है।बाद में भंडरिया में उन्हें फांसी दे दिया गया।बिना नाम लिए पूर्व विधायक पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि राजा लोग कहते है कि हमने इस गावँ को बसाया है।जब कि यह गावँ राजाओ का शिकारगाह था।उन्होंने कहा इस गावँ में बिजली,पानी, स्कूल, अस्पताल पहुचा है तो ओ भी हमारे द्वारा किया गया है।हमने इस गावँ का विकास हमने किया है।सारे जानवरों का शिकार करके खा गए। इस गावँ का विकास नही होने दिया।उन्होंने कहा कि गरबाँध में पानी उपलब्ध कराने की उद्देश्य से पांच करोड़ रुपया सीएम द्वारा जल मीनार के लिए दिया गया है।ठीकेदार बोर करके गढ़वा में मंत्री के यहां बैठता है।उसे लगता है कि मंत्री के यहां बैठने से बच जाएगा।उन्होंने कहा कि ठीकेदार इस गावँ में आया विकास का पैसा हजम नही कर पायेगा।आज यहां दसवी तक पढ़ाई होता है।आने वाले समय मे 12वी तक पढ़ाई होगी। एक काम बाकी है नगर से गरबाँध होते खरौंधी तक रोड।हमारे सांसद महोदय दोनो इसका प्रयास किया है।सरकारी अफसर और सरकार में शामिल लोग बहाने बाजी करते करते सालो बिता दिए।फिर भी यह रोड़ बनेगा।इसके अलावा तिलैया नाला को बांध कर डैम बनाने का काम रह गया है।जो कि जल्द ही इस पर भी पहल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तीन तीन महीने का गरीबो का राशन हेमंत सरकार और उनके अफसर खा जा रहे है। इससे बचने के लिए भाजपा के सरकार की जरूरत है। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव,लवली आनंद,मथुरा राम, मुकेश चौबे, लक्ष्मण राम, लाल मोहन यादव, ओम प्रकाश चौबे, विक्की देव, कुमार कनिष्क,मुनिप यादव,विकास पांडेय, बबलू तिवारी, राहुल कुमार, वार्ड सदस्य ललिता देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## एनसीपी ने 2024 को लेकर की तैयारी शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** 2024 के चुनाव की तैयारी में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पूरे जोर शोर के साथ जुट गई है। इसकी शुरुआत रविवार को एनसीपी के हुसैनाबाद कार्यालय परिसर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कर दी है। सभी ने दो मिनट का मौन रख कर 26/11 के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान ने की। संचालन पलामू जिला प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने किया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी जात पात से उपर विकास की राजनीति में विश्वास रखती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि चार वर्ष के दौरान हुसैनाबाद हरिहरगंज में जो विकास के कार्य हुए हैं, इससे जनता को अवगत कराने का काम कार्यकर्ता करें। उन्होंने इस दरम्यान बूथ कमेटियों को मजबूत करने का भी आह्वान किया। विधायक ने कहा कि बूथ से प्रदेश स्तर तक संगठन को बजबूत करने की जवाबदेही सभी की है। सभी को अपने दायित्वों को मजबूती के साथ निभाने की जरूरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया की वह जात धर्म समुदाय से परे सभी को जोड़ने का प्रयास करे। चार वर्ष के इस कार्यकाल में कितना काम हुआ बताने का काम करें। उन्होंने कहा कि एनसीपी सम्पूर्ण राज्य में संगठन मजबूती की दिशा में काम कर रही है। कुछ लोकसभा व विधानसभा क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है।

## गैस उपभोक्ताओं को नियमित सब्सिडी लेने के लिए करना होगा ई-केवाईसी

**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार के बांग्लामुखी भारत गैस एजेंसी के प्रोपराइटर अंगद कुमार ने अपने समायोजित सभी उपभोक्ताओं को जानकारी देते हुए बताया है कि उनको सरकार द्वारा दिये जा रहे सब्सिडी का लाभ लेने के लिए एक बार बायोमेट्रिक प्रमाणिक प्रकिया ई-केवाईसी से गुजरना होगा। उन्होंने बताया की इसमें सभी उपभोक्ताओं को बंग्लामुखी भारत गैस ऐजेंसी के कार्यालय या उनके द्वारा लगाये जाने वाले शिविरों में अपना बायोमेट्रिक करना होगा। जिससे उनको सब्सिडी का लाभ नियमित रूप से मिलता रहेगा। उन्होंने बताया कि यह कार्य बीते शुक्रवार से प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया की सभी उपभोक्ता अपना बायोमेट्रिक कराकर इसका नियमित लाभ उठाये। इसके लिए उनको किसी भी तरह का शुल्क नहीं देना है।वहीं उज्जवला योजना के तहत छुटे हुए लाभुक ई-केवाईसी कराकर इसका लाभ ले सकते हैं।

## थाना प्रभारी पहुंचे स्कूल, दिये बच्चों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी



**बिशुनपुरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिन शनिवार को बिशुनपुरा थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा ने बिशुनपुरा थाना अंतर्गत विभिन्न सरकारी स्कूलों में जाकर छात्र छात्राओं के बिच दिया ट्रैफिक नियमों की जानकारी। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया की आज हमलोग न्यूज या एक दुसरे के माध्यम से देखते हैं की वहां गाड़ी से ऐसे घटना हो गया। उसका मुख्य कारण ट्रैफिक नियमों की जानकारी नहीं होने से ऐसी दुर्घटना होता है। उन्होंने बताया की आप जब भी सड़क पर बाइक, कार से निकलें तो हेलमेट और सीट बेल्ट को जरूर इस्तेमाल करें। वहीं उन्होंने बताया की बाइक पर कभी भी ट्रिपल लोडिंग और लिमिटेशन से अधिक स्पीड न चलें। जिससे आपको दुर्घटना का सामना करना पड़े।मौके पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका सहित, पुलिस बल मौजूद थी।

# प्रखंड सभागार में महिला जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** राष्ट्रीय महिला आयोग के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।शिविर अध्यक्षता का शुभारंभ प्रमुख गायत्री देवी, बीडीओ नितेश भास्कर, सीओ संजय कुमार बखला, उप प्रमुख सुनील सिंह द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रखंड अंचल पदाधिकारी बताया कि समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों की न्याय तक पहुंच आसान बनाने के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किए कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों व कानून के प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया। शिविर में रिसोर्स पर्सन ने संविधान में महिलाओं को प्रदान किए मूल अधिकारों, संवैधानिक उपायों, पारिवारिक कानूनों, फौजदारी एवं दीवानी कानूनों, श्रम कानूनों, महिलाओं बंदियों की जानकारी दी। बीडीओ नितेश भास्कर ने लोगो को उत्साहित करते हुए गरीब असहाय लोगो को कंबल दिया व जॉब कार्ड का वितरण किया और मौके पर दीदी बाड़ी वाले महिलाएं को शुकृति पत्र दिया। बच्चों, विधवाएं, दिव्यांगो, महिलाये, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति समुदाय एव वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु आयोजित की गई थी। मौके पर बैठक में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और सभी पंचायत के मुखिया और सभी पदाधिकारी बैठक में शामिल थे।

# थाना परिसर में मनाया गया संविधान दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा) :** रविवार को थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया के नेतृत्व में थाना परिसर में संविधान दिवस मनाया गया। इस पर थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने पुलिस कर्मियों को भारतीय संविधान की विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा संविधान दिवस के मौके पर पुलिस कर्मियों को संविधान के निर्माण एवं इसकी मुख्य विशेषताओं के बारे में बताया गया। साथ ही बताया भारतीय संविधान में समय-समय पर जरूरत के आधार पर बदलाव भी किया जाता है। उन्होंने पुलिस कर्मियों को संविधान का शपथ दिलाते हुए कहा भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्त, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज 26 नवंबर 1949 को संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मर्पित करते हैं। इस दौरान एसआई सुनील कुमार दास, सुशील कुमार नायक, एएसआई सुरेंद्र दुबे, परमेश्वर राम, हवलदार प्रयाग सिंह, चरवा उरांव सहित सभी पुलिस जवान उपस्थित थे।

## झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन की बैठक संपन्न



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन गढ़वा जिला इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को गढ़वा पुरानी परियोजना कार्यालय के प्रांगण में हुई जिसका अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कौशल्या देवी एवं संचालन प्रदेश संयोजक रामचंद्र पासवान ने किया। आज के बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष वीणा सिन्हा एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बाल मुकुंद सिन्हा उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से 7 जनवरी 2024 को रांची के हरमू मैदान में राज्यस्तरीय महासम्मेलन को सफल बनाने पर विशेष रूप से चर्चा हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बाल मुकुंद सिन्हा ने कहा भारत सरकार का नियत साफ नहीं है, भारत सरकार आंगनबाड़ी को निजीकरण की ओर ले जाने का प्रयास कर रही है जिसका इस बैठक के माध्यम से मै विरोध प्रकट करता हूँ। वही बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष वीणा सिन्हा ने कहा की केंद्र सरकार और राज्य सरकार से मांग है की सेविका,सहायिका को सेवानिवृत होने पर अन्य राज्य के भांति एक मुस्त पांच लाख रुपये आर्थिक लाभ तथा मानदेय का आधा हिस्सा पेंशन के रूप में दिया जाए। बैठक मे जिला अध्यक्ष कौशल्या देवी, कांडी अध्यक्ष निभा सिंह, रेखा देवी, इस्लाम अंसारी, मेराज अंसारी, आदी वक्ताओं ने अपनी-अपनी विचार व्यक्त किया।

## कर्नल कप: चौथे दिन बैंराव ने बरेवा को हराकर जीत के साथ किया शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन भी दर्शकों रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। यह मैच बरेवा बनाम बैराव के बीच खेला गया जिसमें दोनों टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। जिसके बाद फैसला पेनाल्टी शूटआउट में हुआ। जिसमें बैरांव की टीम 2—1 से विजई हुई। बैराव के तरफ से अमित सिंह और नीरज कुमार ने गोल किया। इसके पूर्व मैच शुरू होने से पहले मुख्य अतिथि बैंराव पंचायत के मुखिया आत्मेश कुमार सिंह उर्फ डब्लु सिंह ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन कर खिलाड़ियों को संयम के साथ खेलने का अनुरोध किया। क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों से अपील किया कि खेल को खेल भावना के साथ खेले। मौके पर क्लब के उपाध्यक्ष डबल सिंह, प्रमोद बैठा, गणेश प्रजापति, मशहूर फुटबॉलर मेजर चौधरी, विनय कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, निर्णायक नेहाल मिर्जा, जय कुश सिंह, सगीर अहमद, सुभाष कुमार, रजनीश सिंह, लड्डू सिंह, मनु सिंह व हजारों खेल प्रेमी मौजूद थे।

## राज्य स्तरीय 16 वीं यूथ वॉलीबॉल प्रतियोगित

# बालक वर्ग में हजारीबाग और धनबाद तथा बालिका वर्ग में गोडडा व पश्चिमी सिंहभूम फाईनल में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** 16 वीं राज्य स्तरीय बालक-बालिका यूथ वॉलिबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन बालक वर्ग के पहले सेमीफाईनल में धनबाद ने मेजबान गढ़वा को तथा दुसरे सेमीफाईनल में हजारीबाग ने रांची को पराजित कर फाईनल में प्रवेश किया। बालक वर्ग का फाइनल हजारीबाग एवं धनबाद तथा बालिका वर्ग का फाईनल गोडडा तथा पश्चिमी सिंहभूम के बीच समाचार लिखे जाने तक जारी है। पहला सेमीफाइनल मैच गढ़वा और धनबाद के बीच खेला गया जिसमें धनबाद की टीम ने गढ़वा को 3-0 से परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया। जबकि दूसरा सेमीफाइनल मैच रांची और हजारीबाग के बीच खेला गया जिसमें हजारीबाग की टीम ने रांची टीम को 3-0 से हराया। तीसरे स्थान के लिए गढ़वा और रांची के बीच मैच खेला गया। इसमें गढ़वा की टीम 2-1 से विजयी रही। गढ़वा जिला वालीबाल संघ के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता के तीसरे दिन बालक वर्ग का सेमीफाइनल मैच का प्रारंभ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस मौके पर झारखंड वालीबाल संघ के महासचिव शेखर बॉस आयोजन समिति के अध्यक्ष उप विकाश आयुक्त राजेश कुमार राय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध प्रसाद यादव, अध्यक्ष आनंद प्रकाश दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष नवीन कुमार पाठक, कोषाध्यक्ष प्रणव कुमार, सचिव ओमप्रकाश तिवारी प्रसाद, कमलेश पांडेय, अरविंद दुबे, अंशु दुबे, अरुण तिवारी, अंशु पांडेय, सुमित मिश्रा, रमाशंकर सिंह, विशाल पांडेय, श्याम नारायण पांडेय, विकास तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुरेंद्र यादव ने अपने आवास पर किया प्रेस कॉन्फ्रेंस

**पांकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के 27 नवंबर दिन सोमवार को पांकी आगमन पर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रखंड के सभी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्ध जनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

## नौड़ीहा बाजार में संविधान दिवस मनाया गया



**नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखण्ड के डुमरी अम्बेडकर चौक के प्रांगण मे 76 वें सविंधान दिवस मनाया गया। संविधान दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रामगोविंद राम शिक्षक और सफल संचालन शिक्षक लल्लू राम ने किया।बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर जी के प्रतिमा पर मुखिया संघ के अध्यक्ष श्री गौतम कुमार एवं सहायक अवर निरीक्षक श्री सुरेश पासवान एवं मुखिया जितेंद्र कुमार भारती ने संयुक्त रूप से दीप प्रजावलित और मालायर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि श्री गौतम कुमार एवं विशिष्ट अतिथि सहायक अवर निरीक्षक श्री सुरेश पासवान मौजूद थे। वही पर कार्यक्रम के सम्बोधन करते हुए बसपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष श्री अनुज कुमार ने कहा कि भारत के संविधान भारत के सर्वोत्तम विधान माना गया और 26 नवम्बर 1949 को पारित हुआ था और 26 नवम्बर के दिन पुरा भारत वर्ष संविधान दिवस घोषित किया। कार्यक्रम की मिशन गायक बादल राव ने एक से एक बढ़ कर गीत सांगित पेश किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी ने भी कार्यक्रम के सम्बोधन किया।मौके पर रविदास विकास समिति के संरक्षक जुदागिर राम शिक्षक, उपाध्यक्ष गोपाल राम शिक्षक, कोषाध्यक्ष जगदीप कुमार राम, सचिव कृष्ण कुमार रवि शिक्षक, मुखिया प्रतिनिधि राजेश्वर राम, पंचायत समिति सदस्य शत्रुधन साव, सूत्रीय सदस्य नितीश कुमार, पत्रकार संघ उपाध्यक्ष विश्वप्रेम कुमार के आलावा संजय कुमार, रामचंद्र राम (डीलर संघ अध्यक्ष) बसंत कुमार, गणेश कुमार, भोला राम, बिंदेश्वर राम, राजकुमार भुइयाँ समेत्त काफी संख्या मे मौजूद थे।

# एसपीडी कॉलेज में एनएसएस इकाई द्वारा मनाया गया संविधान दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** स्थानीय सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज गढ़वा में एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई) द्वारा महाविद्यालय परिसर में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा संविधान की विशेषता एवं इसके बारे में विस्तृत रुप से चर्चा की गयी। मौके पर विनीत चौबे, पुनीत चौबे, लौकिक विश्वकर्मा एवं सिमरन सोनी को भाषण एवं पेंटिंग के लिए पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे ने कहा कि भारत का संविधान विश्व में सबसे बड़ा संविधान माना जाता है। प्राचार्य ने कहा कि संविधान किसी भी लोकतान्त्रिक देश के लिए शीर्ष होता है। देश में सभी कार्य संविधान के तहत ही होते हैं। इस दिन का प्रमुख उद्देश्य संविधान की विशेषता को और इसके बारे में लोगों को जानकारी प्रदान करना है। वर्ष 2015 में भारत सरकार ने 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रुप में मनाने का निर्णय लिया था। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कमलेश सिन्हा ने कहा कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व के विकास तथा राष्ट्र की भावना को जागृत करने की दिशा में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में आज यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम किया गया। प्रो. भरत उपाध्याय ने कहा कि संविधान के दिए मौलिक अधिकार हमारी ढ़ाल बनकर हमें हमारा हक दिलाता है। वहीं इसमें दिए मौलिक कर्त्तव्य में हमें हमारी जिम्मेदारियां भी याद दिलाते हैं। डा. उमेश सहाय ने कहा कि संविधान तैयार करने में 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन लगे थे। यह 26 नवम्बर 1949 को पुरा हुआ और इसे अपनाया गया। आज का दिन हमें इसी महत्वपूर्ण तिथि की याद दिलाता है। डा. अरविन्द कुमार गुप्ता ने कहा कि हम संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाते हैं। मौके पर डा. शारदा कुमारी, प्रो. दिवाकर चतुर्वेदी, प्रो. शबनम, प्रो. सत्यदेव कुमार आदि उपस्थित थे।

# 151 बेटियों के सामूहिक विवाह में सोसाईटी को करुंगा सहयोग : पूर्व सांसद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी द्वारा आगामी छह दिसंबर को आयोजित किये जाने वाले 151 ग़रीब, असहाय बेटियों के सामूहिक विवाह की सारी तैयारियां युद्धस्तर पर ज़ारी है। आयोजन स्थल पर टेंट लगाया जा रहा है वहीं बेटियों को विदाई में दिए जाने वाले सामग्री को भी तैयार किया जा रहा है। आयोजन की तैयारी का जायज़ा लेने आज पलामू के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा पहुंचे। पूर्व सांसद श्री बैठा द्वारा सोसाइटी के सचिव विकास माली के इस पुनीत अभियान की सराहना की गई। मौके पर पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने कहा की कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी द्वारा ऐतिहासिक सामूहिक विवाह कराया जा रहा है। गढ़वा की धरती पर अभी तक कोई भी राजनीतिक नेता या सामाजिक कार्यकर्ता इस तरह का कार्य नहीं कर पाए हैं। लेकिन विकास माली 151 बेटियों का सामूहिक रूप से शादी करने का कार्य ठाना है। उन्होने कहा कि सामूहिक विवाह आसानी से संपन्न हो जाए। इसके लिए मैं सोसाईटी को तन, मन, धन से सहयोग करूंगा। उन्होंने कहा कि विकास कुमार माली बिहार राज्य के विभिन्न जिलों में इस तरह का सामूहिक विवाह पहले करा चुके हैं। उन्होंने कहा कि एक बाप को अपनी बेटी की शादी करने में कितना परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसका कोई अंदाज नहीं है। लेकिन विकास माली सामूहिक रूप से 151 बेटियों का डोली सजाने का काम कर रहे हैं। मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता फरीद खान ने कहा कि कन्या विवाह एंड़ विकास सोसाईटी द्वारा आगामी 6 दिसंबर को इस तरह का कार्य कर गरीब, असहाय व अनाथ बेटियों का हाथ पीला कराने का काम कर रहे हैं यह बहुत ही गौरव की बात है। विकास माली निःस्वार्थ भाव के साथ सामूहिक विवाह करने का कार्य करते हैं। इसी का देन है कि आज वह इतना बड़ा कार्यक्रम गढ़वा में करने जा रहे हैं। सामूहिक विवाह में हिंदू और मुस्लिम लड़कियों की शादी करायी जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

### संविधान दिवस मनाया गया



**रांची :** संविधान दिवस के अवसर पर कांटा टोली के रविदास मोहल्ले में अंकुर महिला समिति के बैनर तले संविधान पाठ कराया गया । उसके बाद बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की मूर्ति पर मार्ल्यापण कर पुष्प अर्पित किया गया। संविधान पाठ में अंकुर महिला समिति की सचिव फरजाना फारूकी, पल्ली , बंटी राम, पार्वती देवी, लीला देवी, बिंदिया देवी, माही देवी सहित 50 महिलाएं कांटा टोली रविदास मोहल्ला से शामिल हुई।

### कांके जमीन विवाद में तीन युवक हिरासत में

**रांची।** कांके थाना क्षेत्र के बाजारटांड के पास बीते दिनों हुई जमीन विवाद को लेकर मारपीट और हवाई फायरिंग की बात आने के बाद कांके थाना प्रभारी ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है । बताया जा रहा है कि बिट्टू, मंजर और इसके एक साथी को हिरासत में लिया गया है। वहीं दो गुटों में जमीन को लेकर मारपीट का मामला सामने आया था। पुलिस छानबीन कर रही है । जो लोग फरार है उसे पर भी एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने की तैयारी पुलिस अपने स्तर से कर रही है । थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया कि तीन लोगों को हिरासत में लिया गया उससे पूछताछ हो रही है । इसमें से एक युवक के हाथ में पिस्तौल था, गोली चलाई गई है यह नहीं इसकी जांच हो रही है।

# जगन्नाथ मंदिर में चोरी करने वाला सामान के साथ गिरफ्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** धुर्वा थाना क्षेत्र में स्थित जगन्नाथ मंदिर में बीते 21 नवंबर 2023 को अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा मंदिर में लगे साउण्ड सिस्टम, पार लाईट तथा अन्य सामानों की चोरी कर ली गई थी। वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा के निर्देशानुसार एक टीम गठित की गई तथा गुप्त सूचना के आधार पर पुनि सह थाना प्रभारी, धुर्वा थाना, राँची के निर्देशानुसार गठीत पुलिस टीम के द्वारा सन्नी उराँव शिव मंदिर, जगरनाथपुर, 26.11.2023 को छापामारी की गई तथा इसके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर जगन्नाथ मंदिर में चोरी की बात को स्वीकार करते हुए इसके निशानदेही पर चोरी गये सामान बरामद किया गया एवं इसे विधिवत गिस्तार किया गया। **बरामद सामानः** पारा लाईट-5 पीस,माईक सेट-2 पीस तार सर्हित (आहुजा कम्पनी का), 4000/- (चार हजार) रूपया, दो हजार का नोट दो पीस,सोने जैसे रंगा का एक छोटा टिकूली, सोने जैसा रंग का दो,जितिया लॉकेट, (3) चाँदी जैसा धातु का बना एक छोटा बेलपत्र,चाँदी जैसा धातु का बना एक पायल, चाँदी जैसा धातु काएक बिछिया, चाँदी जैसा धातु में बना तितली जैसा तीन लॉकेट, (7) चाँदी जैसा एक छोटा सिक्का, (8) चाँदी जैसा बना तीन छोटा-छोटा पत्तर।

**छापामारी दल में शामिल पुलिसः** छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल पुअनि, नारायण सोरेन, धुर्वा थाना (अनुसंधानकर्ता), पुअनि, नन्द कुमार यादव, धुर्वा थाना, पुअनि अशोक कुमार राय, . चाआ- मिथिलेश कुमार, निराला, धुर्वा थाना,एओ- 1805, राजेश कुमार, धुर्वा थाना, 7. एच- 37 राकेश उराव, गृहरक्षक अजीत कुमार।

# रांची : आदिवासी युवा महात्सव -23 का हुआ जोरदार आगाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** आदिवासी युवा महोत्सव की शुरुआत आदिवासी परंपरा रीति रिवाज के साथ पाहन के पूजा के साथ हुआ।संविधान दिवस के अवसर पर हजारों के भीड़ में संविधान के प्रस्तावना को एक साथ पड़ कर शपथ लिया गया।झारखण्ड के 32 आदिवासी समुदाय के द्वारा आदिवासी रीति रिवाज परंपरा के साथ गीत संगीत एवं सांस्कृतिक नृत्य पेश किया गया। लातेहार जिला के महुआडांड़ प्रखंड से भूईहर मुंडा आदिवासी समुदायों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य पेश किया गया । यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि हम मुंडा की उपजाति हैं हम भी आदिवासी है हमारा भाषा संस्कृति परंपरा रीति-रिवाज सब कुछ आदिवासी का है केंद्र सरकार हमें अनुसूचित जनजाति का सूची में शामिल करे । बिहार के वक्त हम अनुसूचित जनजाति के श्रेणी में ही आते थे। दीपक तिर्की (चक दे बच्चे सिंगिंग रिअलिटी शो - 2008 के विनर ) के द्वारा नागपुरी गाना प्रस्तुत किया गया। जिससे सभी लोग झूम उठे। जमशेदपुर के अर्पै बैंड द्वारा नागपुरी गाना प्रस्तुत किया गया ट्राइबल फैशन शो में आदिवासी परिधान में राम वॉक भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ÷मानव कल्याण÷, द्वारा तथा को-आर्डिनेट ÷इंडिजीनस वेलफेयर सोसाइटी÷ तथा मैनेज ÷ट्राइबल युथ फेस्ट टीम - 23÷ कर रही है। इस महोत्सव में झारखंड सरकार के सांस्कृतिक निदेशालय, पर्यटक, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, द्वारा झारखंड के कला एवं संस्कृति को प्रस्तुत एवं बढ़ावा देने के लिए सहयोग किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडार विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं राज्यसभा सांसद महुआ माजी शामिल हुई। आयोजन कमिटी के अध्यक्ष अजीत लकड़ा ने कहा कि ऐसा कार्यक्रम आने वाले दिन में मील का पत्थर साबित होगा।सचिव शशि पन्ना ने कहा कि इस कार्यक्रम है, आदिवासी समुदाय के वैसा युवा जो अपना संस्कृति को भूलते जा रहे है उसे अपने आदिवासी संस्कृति की जोड़े कर रखे । संरक्षक अनिल अमिताभ पन्ना का कहना है कि झारखंड के 32 जनजातियों को एक मंच में लाना और एक दूसरे के सामाजिक संस्कृति मिलन करना है ताकि युवा अपने जड़ से जुड़े रहे।संरक्षक अमरनाथ लकड़ा ने कहा कि आने वाले दिनों में देश के आदिवासियों को एक मंच में लाने का प्रयास होगा। आयोजक समिति सदस्यों में अजित लकड़ा ( अध्यक्ष ) कृष्णा लकड़ा( महासचिव )शशि पन्ना ( सचिव ) बिनोद कच्छप ( कोशाध्यक्ष )पंकज भगत ( कोशाध्यक्ष ) प्रतीत कच्छप ( संयोजक )आकाश बाड़ा ( संयोजक )बिपिन टोप्पो- जिप सदस्य ( संरक्षक सह सलाहकार ) अमरनाथ लकड़ा ( संरक्षक सह सलाहकार )अनिल अमिताभ पन्ना ( संरक्षक सह सलाहकार ) नितिन तिर्की ( संरक्षक सह सलाहकार )कुणाल किशोर उरांव( संरक्षक सह सलाहकार ) अल्बीन लकड़ा( संरक्षक सह सलाहकार शामिल हैं।

## पुलिस मुख्यालय में संविधान का प्रस्तावना पढ़ा गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** संविधान दिवस के अवसर पर 26. 11. 2023 को पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, राँची के प्रांगण में भारत के संविधान की प्रस्तावना का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में पुलिस वरीय पुलिस पदाधिकारियों/कनीय पुलिस पदाधिकारियों/ कर्मियों के द्वारा भारतीय संविधान के उद्देशिका। हम,भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को ÷ सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारिख 26 नवंबर, 1949 ई0 को एतदद्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं÷की शपथ ली गई।

## जरूरतमंद गरीबों के बीच कंबल वितरण

**रांची ।** गौस नगर, सुल्तान नगर अंसारी मोहल्ला चास बोकारो सेक्टर में 50 कंबल जरूरतमंद गरीबों और मिस्किनो के दरमियान सोसाइटी फोर ब्राइट फ्यूचर नई दिल्ली के जानीब से बोकारो यूनिट के अमीर ए मुकामी की निगरानी में तकसीम किया गया ।अल्लाह इस कार्य को कबूल फरमाए -इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हुमायूं अजीम , पूर्व डीएसपी बोकारो झारखंड।



# छठे वेतन विसंगति के निराकरण को लेकर पांच सदस्यीय कमेटी गठित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** योजना सह वित्त विभाग के संकल्प संख्या 2623/वि0 1.10.2019 के द्वारा छठे पुनरीक्षित वेतनमान के परिपेक्ष में दिनांक 01/01/ 2006 के पूर्व से पदस्थापित झारखंड सचिवालय के सहायक/ निजी सहायक के मूल कोटि के कर्मियों के वेतन निर्धारण हेतु न्यूनतम वेतन रुपए 18460/ की स्वीकृति के संबंध में लिए गए निर्णय की अनुमान्यता की जांच एवं तदअनुसार निर्धारित किए जाने वाले वेतन के संबंध में मंतव्य के लिए वित्त विभागीय कार्यालय आदेश संख्या 9/वि0 सह ज्ञापांक 1948 दिनांक 31/8/ 2021 द्वार वित्त विभाग अंतर्गत एक समिति का गठन किया गया था, परंतु उक्त समिति द्वारा इस पर अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका। वस्तुत संदर्भित मामले पर स्पष्ट अनुशंसा हेतु निम्न रूपेण समिति का गठन किया जाता है।अरुण कुमार सिंह विकास आयुक्त झारखंड सरकार कमिटी केट्ठ अध्यक्ष, अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/ सचिव, वित्त विभाग ट्ठ सदस्य, अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/ सचिव, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभागट्ठ सदस्य , अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/ सचिव,योजना एवं विकास विभाग सदस्य ,विशेष सचिव, वित्त विभाग सदस्य सचिव को बनाया गया है। समिति द्वारा समिति द्वारा छठे वेतन पुंडरीक्षण के परिपेक्ष में भारत सरकार द्वारा समय-समय पर लिए गए निर्णय तथा छठे वेतन पुनरीक्षण के परिपेक्ष में वित्त विभाग झारखंड द्वारा लिए गए निर्णय जो अधिकतम प्रभावित है के आधार पर संकल्प संख्या 2623/वि0 1/ 10/ 19 की अनुमंता की जांच एवं तदनुसार निर्धारित किए जाने वाले वेतन के संबंध में मंतव्य गठित कर स्पष्ट अनुशंसा की जाएगी।अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद बताया कि छठे वेतनमान में प्रारंभिक शिक्षकों के वेतन निर्धारण में आरंभिक वेतन विसंगति का निराकरण करने की मांग को समय समय पर कई बार वित सचिव अजय कुमार सिंह से मिला गया। वित सचिव को बताया कि जनवरी 2006 से छठे वेतनमान में शिक्षकों का वेतन पुनरीक्षण करते समय सरकार के संकल्प के अनुसार वेतन निर्धारण नहीं किया गया जिसके परिणामस्वरूप जनवरी 2006 के पूर्व से कार्यरत शिक्षकों का न्यूनतम आरंभिक वेतन संकल्प में स्वीकृत वेतन से कम पर निर्धारित कर दिया गया, इस कारण जनवरी 2006 के पूर्व से कार्यरत शिक्षकों के वेतन निर्धारण की विसंगति बनी रही, शिक्षकों ने वित सचिव को यह भी बताया कि सादृष्य विसंगति सचिवालय सहायक संवर्ग में भी थी, जिसका निराकरण 2019 में कर दिया गया लेकिन शिक्षकों के विषय को नजरंदाज कर दिया गया।

# मदद करने वाले पुलिसकर्मी पर ही लगा यौन शौषण का आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जगरनाथपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने जगरनाथपुर थाना प्रभारी पर यौन शोषण का आरोप लगायी है। मामले को लेकर युवती ने राँची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा,राँची जोन के डीआईजी और डीजी को आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने हटिया डीएसपी राजा मित्रा को जांच की जिम्मेवारी सौंपी गई है। एसएसपी ने अभी मौखिक आदेश दिए है। एसएसपी के आदेश पर डीएसपी ने जांच शुरू कर दी है। वहीं थाना प्रभारी ने हटिया डीएसपी को युवती से बातचीत का वायस रिकार्ड भी उपलब्ध कराया है।जिसकी जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि पीड़िता की ओर से एसएसपी को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि एक साल पहले उसका छेका हुआ था। इस दौरान लड़का पक्ष ने उसके परिवार वालों से एक बड़ी रकम ली थी।बाद में लड़का पक्ष के लोगों ने शादी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद युवती के परिवार वालों ने लड़का के परिजनों से छेका में लिए दिए गए रकम को वापस करने का दबाव बनाया।मगर उन लोगों ने देने से इंकार कर दिया। इसके बाद युवती थाना पहुंची और थानेदार को मामले की पूरी जानकारी दी। इसी आधार पर युवती के बयान पर थाने में लड़का पक्ष पर प्राथमिकी दर्ज की गई। जिस आईओ को केस दिया गया, उसने जांच शुरू ही नहीं की। जांच नहीं करने की शिकायत लेकर पीड़िता थाना प्रभारी के पास पहुंची। थानेदार ने उसे आश्वासन दिया कि वह खुद इसकी जांच करेगा।पीड़िता का आरोप है कि थानेदार और उसके बीच लगातार फोन पर बातचीत होने लगी।पीड़िता का आरोप है इसी क्रम में थानेदार उससे शारीरिक सम्बंध बना लिए। इस संबंध में एसएसपी ने कहा कि इस संबंध में मामला आया है जगन्नाथ पुरी थाना प्रभारी के खिलाफ जिसकी जांच के लिए हटिया डीएसपी को जिम्मेदारी दी गई है।

## कला मंदिर के वर्ष 2022-23 के 36 प्रशिक्षणार्थियों को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड कला मंदिर, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम डॉ0 रामदयाल मुण्डा राजकीय कला भवन, होटवार, राँची में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सांस्कृतिक कार्य निदेशालय के निदेशक धर्मेन्द्र दीक्षित द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर संविधान की प्रस्तावना का पठन हुआ। झारखण्ड कला मंदिर के शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट स्वरूप दिया गया। कला मंदिर के वर्ष 2022-23 के कुल 36 टापर्स प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में उम्र के अनुसार तीन खंडों के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान के कुल 9 (नौ) प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कार तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।तदोपरांत झारखण्ड कला मंदिर के सभी प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा ओडिसी नृत्य, तबला वाद्य, कथक नृत्य, बांसुरी वाद्य, शास्त्रीय गायन, मुण्डारी नृत्य, भरतनाट्यम नृत्य, मांदर वाद्य तथा कार्यक्रम के अंत में लोकनृत्य (नागपुरी) की प्रस्तुति दी गई। इन सबके अलावा झारखण्ड कला मंदिर के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा चित्रकला प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। इस कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुति देखकर अभिभावकगण बहुत प्रसन्न दिखे। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारीगण, शिक्षकगण, कर्मचारी तथा करीब 700 से उपर अभिभावकों / दर्शकों ने प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

# जयपाल-जुलियुस-हन्ना साहित्य सम्मान कार्यक्रम संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दूसरा 'जयपाल-जुलियुस-हन्ना साहित्य सम्मान कार्यक्रम रांची के प्रेस क्लब में किया गया। समारोह का उद्घाटन नागालैंड की प्रख्यात आदिवासी लेखिका डॉ. लानुसांगला त्जुदिर और आदिवासी कवि व केरल साहित्य अकादमी के सदस्य सुकुमारन ने किया। इस अवसर पर बहुभाषाई आदिवासी-देशज दुरङ परफॉरमेंस भी हुआ जिसमें झारखंडी भाषाओं के 20 से ज्यादा कवि-गीतकार भाग लिया। झारखंडी भाषा साहित्य संस्कृति अखड़ा और टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से समारोह का आयोजन प्यारा केरकेट्टा फाउंडेशन द्वारा किया गया था।फाउंडेशन की मुख्य कार्यकारी वंदना टेटे ने बताया कि 2023 का अवार्ड अरुणाचल की डॉ. ताबिङ तुनुङ के कविता संग्रह 'गोम्पी गोमुक', महाराष्ट्र के संतोष पावरा के काव्य संकलन 'हेम्टू' और पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार की डॉ. पूजा प्रभा एक्का की अनुवादित हिंदी कथा संग्रह 'सोमरा का दिसुम' के लिए दिया गया। समारोह के अगले सत्र में बहुभाषाई आदिवासी-देशज दुरङ परफॉरमेंस हुआ। जिसमें स्वर्णलता आइंद, सनगी समद, अगुस्तुस मुण्डू (मुण्डा); तारकेलेंग कुल्लू, जुएल लकड़ा (खड़िया); सीता उरांव, सुखदेव उरांव (कुड़ुख); डुमनी माई मुर्मू, गणेश मुर्मू, शिवनारायण हेम्बरोम, लखिया टुडू (संताली); हलधर अहीर, अपराजिता मेहता (पंचपरगनिया); सादरी (कार्मेला एक्का); डॉ. वृंदावन महतो (कुड़मालि); जेठा असुर, रेशमी असुर (असुर); अणिमा तेलरा, सुरेन्द्र बिरजिया (बिरजिया); दीपक कुमार दीपक (खोरठा); साधना समद चाकी और जगन्नाथ हांसदा (हो) अपनी मातृभाषाओं में गीतों की प्रस्तुति दी।

## बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर गांजा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**रांची** : रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति अमन जैन हरियाणा का रहने वाला है। बताया जाता है कि शनिवार देर रात बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से इंडिगो विमान से रांची से हैदराबाद के लिए यात्रा करने वाले यात्री अमन जैन खुद का सेवन करने के लिए गांजा अपने बैग में रखे हुए था। जांच के दौरान सीआईएसएफ की टीम ने उसे पकड़कर रांची पुलिस को हवाले कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# सीसीएल कमांड क्षेत्रों में संविधान दिवस मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटिड(सी सी एल) मुख्यालय, दरभंगा हॉउस, रांची सहित कमांड क्षेत्रों में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी , निदेशक (तक./संचा.) आर. बी. प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) बी. साईराम, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार सहित ऑल इंडिया एससी एसटी ओबीसी एम्पलाई कोआर्डिनेशन काउंसिल (सीसीएल) के प्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। वर्ष 2015 में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के 125वें जयंती वर्ष में संविधान दिवस की शुरुआत हुई। 26 नवंबर 2015 को समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने संविधान दिवस के रूप में मनाने के केंद्र के फैसले को अधिसूचित किया था। सीएमडी , सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है। उन्होंने कहा कि संविधान में देश के नागरिकों के मौलिक अधिकार, कर्तव्यों , सरकार की भूमिका आदि की शक्तियों का वर्णन किया गया है. डॉ रेड्डी ने कहा कि 26 नवंबर का दिन हर भारतवासी के लिए गर्व का दिन है। निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि वह दिन है जब भारत में ऐसी किताब बनकर तैयार हुई जिसने हर भारतीय को समानता का अधिकार दिया, हर भारतीय को खुलकर जीने का अधिकार दिया, हर भारतीय को अपने फैसले खुद लेने का अधिकार दिया। श्री ब्रिज किशोर पासवान, महामंत्री ,ऑल इंडिया एससी एसटी ओबीसी एम्पलाई कोआर्डिनेशन काउंसिल (सीसीएल) ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान रचयिता डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी के द्वारा दुनिया का सबसे बड़ा संविधान का निर्माण हुआ और पूरे विश्व में भारत का सविंधान के कारण अलग पहचान है. इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हॉउस में स्थापित डॉ बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर डॉ. बी. वीरा रेड्डी , श्री आर. बी. प्रसाद, हर्ष नाथ मिश्र, श्री बी. साईराम, पंकज कुमार सहित यूनियन के माननीय सदस्यगण और प्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/ विभागाध्यक्ष द्वारा श्रद्धा के फूल चढ़ाए गए। सीएमडी , सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना को हिंदी में पढ़ा और उपस्तिथ सभी ने उद्देशिका को दोहराया । वीपी जोबी , विधि विभाग के विभागाध्यक्ष ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और कार्यक्रम का संचालन ऋचा मित्तल द्वारा किया गया।

# ख्रीस्त राजा पर्व के अवसर पर परंपरागत जुलूस निकाला गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ख्रीस्त राजा पर्व के अवसर पर ख्रीस्तीय विश्वासियों का परंपरागत जुलूस संत मेरिज महागिरजा से पवित्र साक्रमेंत को लेकर सजाए हुए वाहन पर श्रद्धेय फादर अजीत कुमार खेस, प्रोविंशियल येसु समाजी, रांची पल्ली पुरोहित आनंद डेविड खलखो और अन्य सहायक पुरोहितों की अगुवाई में शुरू किया गया। कुम्हारटोली के स्वयं सेवकों ने इस कार्य में विशेष योगदान दिया। इस जुलूस के पंक्ति में क्रमशः महिला संघ के झंडो को उठाए हुए तीस महिला स्वयंसेवक और साथ में युवा संघ के ज्योति धारक शामिल थे। रांची पल्ली के तरफ से जुलूस में गीत और संगीत के संचालन में चुनवाटोली की मुख्य कॉयर दल अपने मधुर धार्मिक गानों के साथ जुलूस की शोभा बढ़ा रही थी। जुलूस में रांची पल्ली के सभी 16 यूनिटों के अलावे लालपुर , डोरंडा , कोकर, हरमू, सामलोंग, हेसाग, भीठा, आरा गेट, और कांके पल्ली के हजारों हजार की संख्या में लोग अपनी अपनी संगीत और प्रार्थना के साथ सम्मिलित हुए । कुछ युवा और टोला वाले धार्मिक संगीतों पर थिरकते हुए जुलूस में भाग लिया और बीच बीच में ख्रीस्त हमारा राजा है का नारा लगाया। विदित हो कि इस तरह की परंपरागत जुलूस आज के दिन पूरी दुनिया में अच्छी खासी संख्या में काथलिक समुदाय के द्वारा सन 1925 से संत पापा पियूष ग्यारह के आहूत करने पर उनके समय से निकाला जाता है। जुलूस में लगभग 25000 लोग शामिल हुए जो लोयोला मैदान में प्रार्थना सभा के साथ संपन्न हुवा, जिसकी अगुवाई अस्वस्थ होने के बाद भी महा धर्माध्यक्ष फेलिक्स टोप्पो के द्वारा किया गया। रांची पल्ली के सहायक पुरोहित फादर अंजलुस के द्वारा उपदेश दिया गया। जिसमे उन्होंने कहा कि येसु सभी राजाओं में महान हैं। जो न्याय और प्रजा की भलाई के लिए सदा तत्पर रहते हैं। थके मांदे लोग मेरे पास आओ मैं तुम्हे विश्राम दूंगा। प्रार्थना आराधना और आशीष के साथ संपन्न हुवा। पवित्र साक्रामेंत को पुनः संत मारिया महागिर्जा में भक्तिपूर्वक वापस स्थापित कर दिया गया।




# कंट्री क्रिकेट क्लब का चुनाव संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लंबे समय बाद रविवार 26 नवंबर 23 को जेएससीए के कंट्री क्रिकेट क्लब (सीसीसी) का चुनाव शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हो गया। बताया गया कि 779 मतदाताओं में करीब 619 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतगणना देर रात तक चली। इस मतदान में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी अपना मतदान करने पहुंचे थे। 2012 में कंट्री क्रिकेट क्लब (सीसीसी) बनने के बाद पहली बार मतदान के जरिए चुनाव हुआ। इसके पहले अब तक जेएससीए के सदस्य सर्वसम्मति से क्लब के पदाधिकारियों का चुनाव किया करते थे। चुनाव में दो गुट आमने-सामने हैं, एक गुट की अगुवाई वर्तमान सीसीसी अध्यक्ष राजेश वर्मा बॉबी कर रहे हैं। राजेश वर्मा जेएससीए के पूर्व सचिव भी रह चुके हैं। वहीं, दूसरे गुट का नेतृत्व सुनील कुमार साहू कर रहे हैं। इन दोनों के अलावा 24 प्रत्याशियों ने नामिनेशन किया था, जिनमें से 12 कमेटी मेंबर चुने जाएंगे। दोनों टीमों से 12-12 सदस्य मैदान में डटे थे। वोटिंग शाम 5 बजे तक चली। इसके तुरंत बाद मतगणना शुरू हो की गई। बता दें कि चुनाव में एक अध्यक्ष और 12 कमेटी मेंबर चुने जाएंगे। हर वोटर कुल 13 मत डाले।

**ये थे चुनाव मैदान में:** टीम बॉबी÷ भानु प्रताप, गुरुदयाल नामधारी, इंद्र शेखर, अजीत कुमार, अर्शे आलम,नीतिन सर्राफ, पवन कुमार, राजीव रंजन, संजय पांडेय, सुशील कुमार, विशाखा झा राहुल झा।

**टीम सुनील साहू :** मो. राशिद, राजदीप सिंह, विभूति भूषण प्रसाद, विनय बिहारी, राजेश कुमार वर्मा, रुद्रदेव कुमार, संजय कुमार विद्रोही, शिवेंद्र नाथ दुबे, सुनील कुमार सिंह, श्वेता बुधिया, दिनेश कुमार, जय कुमार सिन्हा।

## संविधान का आदर व पालन करना सभी भारतीयों का कर्तव्य : सिस्टर जयंती

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया गया. जिसमें संत एंजेला हाउस के जूनियर ग्रुप के विद्यार्थियों ने नृत्य नाटिका व भाषण द्वारा संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला. नृत्य अभिनय द्वारा विद्यार्थियों ने संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों के बारे में बताया. जिसमें शिक्षा का अधिकार, समता का अधिकार, धर्मनिरपेक्षता आदि के बारे में बताया गया.कक्षा पांच की छात्रा अनन्या कुमारी के नेतृत्व में पूरे विद्यालय के विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया. अंत में प्राचार्या सिस्टर जयंती ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतिभाशाली एवं महान व्यक्तित्व के धनी डा भीमराव अंबेडकर ने भारत के महान संविधान की रचना की और इसी संविधान से यह देश चल रहा है, अतः हम सभी भारतीयों का यह परम कर्तव्य है कि हमारे संविधान का आदर करें एवं इसका पालन करें. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मैडम अलका राही और मैडम सुनिता खलखो की सराहनीय भूमिका रही.इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के अलावा सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित थे.

## दूसरों के लिए जीते थे प्रभु यीशु मसीह : फादर हिलारियुस

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : शांति नगर चर्च खलारी में ख्रीस्त राजा का पर्व धूमधाम से मनाया गया. रविवार सुबह मसीही विश्वासियों द्वारा जुलूस के शक्ल में झांकी निकाली गई. सर्वप्रथम डकरा यूनियन चर्च से शोभायात्रा उर्सुलाइन कान्वेंट पहुंची. इसके बाद ढोलक नगाड़े के साथ भव्य झांकी निकाली गई. भक्ति गीतों के साथ झांकी ख्रीस्त राजा चर्च खलारी में प्रवेश किया.फादर हिलारियुस तिग्गा, आस्कर टोप्पो के द्वारा मिस्सा अनुष्ठान किया गया. हिलारियुस तिग्गा ने बताया कि प्रभु यीशु मसीह अपने लिए नहीं बल्कि दूसरों के लिए जीते थे. असहायों की मदद करना ही उनका एकमात्र उद्देश्य है. यीशु मसीह अन्य राजाओं से अलग हैं. वर्ष के अंतिम रविवार को यीशु राजा के रूप में लोगों के बीच निकलते हैं और सभी को प्रेम, शांति भाईचारा का संदेश देते हैं, ताकि लोगों को खुशियों की सौगात मिलें.प्रभु प्रेम व शांति का राजा है और वही राजा हम सबको स्वर्ग में ले जाएगा, जहां शांति है, वहीं खुशी है.हर यूनिट से सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया. इस मौके पर सिस्टर जयंती, सुप्रियर नेली, मरियानुस किंडो, प्रकाश कुजूर, नरेश करमाली, रोबिन एक्का, ज्ञान कुजूर, बबलू किस्कू, इनोसेंट कुजूर, अनुप मुंडा, ज्योति कुजुर, संगीता खलखो, ऐरिक कुजूर, तेरेसा तिग्गा, पूनम किस्कू, निलम टोप्पो, डॉ. अगस्तीन कुजूर, मनोहर लकड़ा, कुसुम टोप्पो, सी कुजूर, माइकल मेर्यस, प्रमोद तिग्गा, बिनोद टोप्पो, जेवियर तिग्गा, जॉन मारिया, केतरिना कुल्लू, लीवीन तिग्गा, अध्या रानी, आरव राज आदि उपस्थित थे.

## देवी पिंड स्थापना के 16 वें वर्षगांठ के मौके पर अखंड हरीकीर्तन शुरू

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : करकट्टा बस्ती देवी मंडप में रविवार को देवी पिंड स्थापना का 16 वीं वर्षगांठ के मौके पर 24 घंटे की अखंड हरिनाम संकीर्तन के शुरू किया गया.इससे पहले ब्राह्मन लोकनाथ पाण्डेय द्वारा देवी माँ का विधिवत पूजन किया गया. ततपश्चात मंडप परिसर में 24 घंटे का 卐हरे राम हरे कृष्ण का अखंड कीर्तन शुभारंभ हुआ जो कि दूसरे दिन सोमवार दोपहर 12:30 बजे कृतन समाप्ति के बाद मंदिर कमेटियों द्वारा श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाएगा. इस मौके पर गणेश पाहन, किशुन मुंडा, अनिल कुमार पासवान, चितरंजन सिंह, रविन्द्र पासवान, कृष्णा प्रसाद, शियाराम सिंह, अजय केशरी, हरि प्रसाद गुप्ता, अनिल प्रसाद गुप्ता, हरेश सिंह, आशीष कुमार सिंह, रंजीत रजक, विमल वर्मा, नागदेव सिंह, राहुल सिंह, गौरव सिंह, शुभम गुप्ता,विकास तिवार, अमित सिंह, हिमांशु तिवारी, अभिषेक सिंह आदि उपस्थित थे.

## चार घन्टे बंद के बाद प्रबंधन का निर्णय वापस

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)** :पांच सुत्री मांगों को लेकर आरसीएमएस द्वारा रविवार को बुलाया गया बंद का एनके एरिया में असर देख प्रबंधन अपना निर्णय वापस ले लिया.चार घंटे तक काम प्रभावित होने के बाद एक लिखित आदेश निकाले जाने के बाद आंदोलन स्थगित किया गया.सुबह प्रथम पाली शुरू होते ही बंद समर्थक सभी हाजिरी घर में आकर बैठ गए जिससे संगठित क्षेत्र के मजदूर बगैर हाजिरी बनाए घंटो खड़े रहे और खदान का काम बंद रहा वहीं दूसरी ओर असंगठित क्षेत्र के मजदूरों ने कोयला ढूलाई का काम बंद कर दिया जिससे प्रबंधन तुरंत हरकत में आई और संडे मुद्दे पर एक लिखित आदेश निकाली जिसमें संडे ड्यूटी के लिए तीन दिन फिजिकल एटेंडेंट में एक सुधार कर अधिकृत छूट्टी को भी स्वीकार करने का निर्णय लिया है.इस आदेश के बाद संगठन ने अपना आंदोलन को स्थगित कर दिया.संगठन के बीएन पांडेय और अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि यह मजदूरों की एकता की जीत है.जो लोग मजदूरों के हक-अधिकार को गिरवी रख कर अपनी राजनीति की दूकान चमकदार बनने में लगे हुए हैं वैसे लोगों को सबक सिखाने की जरूरत है.बताया कि अन्य मुद्दों के भी समाधान का भरोसा प्रबंधन द्वारा दिया गया है.इस आंदोलन में सोनू पांडेय, सुनील सिंह, कमला मुंडा, जयंत पांडेय, मुमताज अहमद, पज्जु महतो, जशवंत पांडेय, प्रदीप पांडेय, प्रमोद कुमार, रंजीत नोनिया, अशोक सिंह, अमजद खान, अफजल अंसारी, संदीप कुमार, कुलदीप कुमार, इंद्रेश मद्रासी, मनोज महतो, अशोक महतो, अजय सिंह सहित संगठित व असंगठित मजदूर लोग शामिल थे.

## तुमांग पंचायत भवन में संविधान दिवस मनाया गया

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : तुमांग पंचायत भवन में संविधान दिवस मनाया गया. तुमांग पंचायत के मुखिया संतोष कुमार महली सहित अन्य अतिथियों ने भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया.उंसके बाद संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गयी.साथ ही सभी को शपथ दिलाई गई.मुखिया संतोष महली ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने भारत का संविधान बनाकर दलित,शोषित वंचितों को अधिकार दिया.इस मौके पर रामजी यादव,सरजू सिंह,विनोद राम,बलराम राम,दिनेश्वर सिंह, रमेशर भोगता,संजय राम,सुरेश राम,बबलू उरांव, दिलीप, देवनारायण गंझु सहित कई लोग मौजूद थे.

## बुढ़मु ठाकुर गांव के गुलैची टोली पंचायत में चिकित्सा शिविर कार्यक्रम का आयोजन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड , रांची , झारखंड द्वारा भारत@75 भारत का अमृत महोत्सव के अंतर्गत कृभको द्वारा अंगीकृत ग्राम पंचायत गुरगाई के ग्राम -गुलैचीटोली , जिला- रांची में प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि कृभको के सदस्य समिति डण्डिया गौलेची टोली फल सब्जी उत्पादक सहयोग समिति लिमिटेड के अध्यक्ष श्री कर्मा साहू जी एवम राकेश कुमार ,क्षेत्रिये प्रतिनिधी थे। सभी उपस्थित अतिथि एवं किसान भाई का स्वागत एवं जोहर किया गया। इसके बाद प्रक्षेत्र प्रदर्शन में प्रयोग किए गए तरल जैव उर्वरक एवं जिंक सल्फेट का प्रयोग विधि एवं फसलों पर लाभ के बारे में बताया गया द्य किसानों को अपने खेत की मिट्टी जांच कराने के लिए आग्रह किया गया द्य सभी उपस्थित किसानों को प्रक्षेत्र प्रदर्शन का फील्ड दिखाया गया द्य इस कार्यक्रम में लगभग 83 किसानों ने भाग लिया एवं सभी को नि:शुल्क तरल जैव उर्वरक वितरण किया गया ।

## मंगलवार को स्व. कार्तिक उरांव की जयंती सह जतरा का आयोजन किया जायेगा

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : प्रखंड के तरगड़ी गांव स्थित जुमरा मैदान में 28 नवंबर मंगलवार को झारखंड के आदिवासी समाज के प्रेरणाश्रोत स्व कार्तिक उरांव जयंती समारोह सह जतरा का आयोजन किया गया है। समारोह में झारखंड के सामाजसेवी, बुद्धिजीवी सांस्कृतिक ,शिक्षाविद शामिल होंगे। जिसमें आदिवासी समाज के सामाजिक आर्थिक शैक्षणिक, राजनैतिक दशा दिशा पर चिंतन मंथन किया जायेगा। इसके सफल संचालन के लिए एक कमिटि का गठन किया गया है। जिसके अध्यक्ष मंटू केरकेट्टा, संतोष लोहरा, विश्वनाथ केरकेट्टा, नारायण पाहन, पॉल्यूश मिंज, अंगना तिग्गा, गन्दरू तिर्की सहित ग्रामीण शामिल हैं।

# ख्रीस्त राजा पर्व पर मसीहियों ने शोभायात्रा यात्रा व झांकी निकाली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के दिघिया गांव स्थित रोमन कैथलिक चर्च परिसर से रविवार को मसीहियों ने ख्रीस्त राजा पर्व के अवसर पर शोभायात्रा यात्रा व झांकी निकली गई। ख्रीस्त राजा शोभायात्रा में बतौर मुख्य अनुष्ठानकर्ता फादर भिमसेंट मिंज थे। फादर अजय मिंज अपने प्रवचन में कहा कि राज राजेश्वर हमारा यीशु शांति प्रिय न्यायकर्ता है। ख्रीस्त राजा राजाओ का राजा है। इसका राज्य कभी समाप्त नहीं होगा। यीशु का राज्य समर्पित राज्य है। हम लोग ईश्वर की चुनी ही प्रजा है। मसीह की ज्योति से पूरा विश्व दिव्यमान व प्रकाशमय है। हमें अन्याय,शोषण के विरुद्ध प्रेम शांति व भाईचारा का बीज बोना चाहिए। शोभायात्रा में सामिल लोग पारम्परिक वेशभूषा, ढ़ोल, नगाड़े, गाजे बाजे झंडा बैनर के साथ 180 युनिट के मसिहीयो ने झांकी निकली गई। मौके पर फादर पियुष मिंज, फादर रोर्बट मिंज,पल्ली के अध्यक्ष देवनिश तिग्गा,माता प्रर्बला केरकट्टा,सिस्टर दिव्या, सिस्टर किरण,सिस्टर निलिमा, दिलीप कुजुर, रवि फ्रांसिस मिंज, निकोलस प्रकाश मिंज, सुबल टोप्पो, कमला, अंजला सहित कई लोग मौजूद थे। गायक मंडली ग्राम करांजी व दिघिया द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। समारोह की संचालन बिमल व जूलिया ने किया।

## यूवा जनमत कार्यक्रम का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली पंचायत सचिवालय में शनिवार को संविधान दिवस के अवसर पर अंबेडकर ग्राम विकास समिति सिल्ली एवं रांची के संयुक्त तत्वाधान में युवा जनमत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिल्ली आसपास के युवा शामिल हुए। मुख्य अतिथि शिक्षाविद डॉक्टर अशोक नाग, घासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष रिझु नायक, जिला अध्यक्ष वीर सिंह नायक ने कार्यक्रम को संबोधित किया। रिझू नायक ने गांव समाज के युवाओं को संगठित रहकर अपने अधिकार के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। डॉ अशोक नाग ने शिक्षा के प्रति युवाओं को सदैव जागरूक रहने रहने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री वितरण किया गया। वहीं अतिथियों ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य है कि हम अपने युवा पीढ़ी को इस बढ़ती गैर बराबरी और भेदभाव के खिलाफ जागरूक कर एक बेहतर समाज एवं बेहतर राष्ट्र का निर्माण करें। कार्यक्रम में हेमंत नायक, काली नायक, अनीता देवी, विशाल नायक, अग्नि नायक, बावरी नायक, वीरेन नायक, श्रीहरि नायक ने भी अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अंबेडकर ग्राम विकास समिति सिल्ली के ललन कुमार ने एवं धन्यवाद ज्ञापन अगनू नायक किया।

## आजसू पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक में 26/11 के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** आजसू पार्टी रांची जिला कार्यसमिति की समीक्षा बैठक अनगड़ा प्रखंड के चमघटी राजाडेरा में जिला अध्यक्ष संजय महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो उपस्थित हुवे। कार्यक्रम की शुरुवात संविधान दिवस के रूप में हुई। केंद्रीय अध्यक्ष ने रांची जिला कार्यसमिति को संबोधित करते हुवे कहा की आजसू पार्टी को हर गांव तक मजबूती से पहुंचना ही पार्टी का प्रमुख लक्ष्य है। आप सभी जिम्मेदारी से अपनी भूमिका निभाएं, संगठन में सबों की अपनी अपनी जिम्मेवारी है उसके प्रति जवाबदेह बने। राज्य की जिम्मेवारी लेने के लिए आजसू पार्टी मजबूती से खड़ी है, उसमें आपका नेतृत्व बेहद खास है, प्रदेश को सजाने संवारने की जिम्मेवारी हमारी है और इसके लिए हम संकल्पित है। कार्यक्रम में 26/11 के शहीदों की याद में 1 मिनट का मौन रख शहीद हुवे लोगों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का समापन पारसनाथ उरांव ने किया। जिला कार्यसमिति की अगली बैठक 3 दिसंबर को नामकुम प्रखंड में होगी। जिला कार्यसमिति की बैठक में जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ वीना देवी, जिला अध्यक्ष छात्रसंघ राजकिशोर महतो, जिला परिषद अध्यक्ष रांची निर्मला भगत, उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, आदिल अजीम, परमेश्वरी शांडिल्य,भरत कांशी साहू, हकीम अंसारी, पार्वती देवी, जितेंद्र बड़ाइक, चितरंजन महतो, सुशील महतो, जितेंद्र सिंह, प्रकाश लकड़ा, रोशन मुंडा, बीरबल बैठा, जुबैर आलम, जलनाथ चौधरी, विरेंद्र सिंह भोगता, अजीत महतो, राजू महली, बलराम साहू, दिलीप बेदिया, मो0 रिजवान, महावीर महतो, सज्जाद आलम,साहेब् राम महतो, जगरनाथ महतो,आतिश महतो, शंकर बेदिया सहित जिला कमेटी के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थें।

# संविधान दिवस के अवसर पर जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों व कर्मियों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** संविधान दिवस के मौके पर समाहरणालय सभागार एवं सभी प्रखंड में पदाधिकारियों और कर्मियों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई। समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त ने संविधान के प्रस्तावना को पढ़कर उन्होंने स्वयं भी शपथ ली और दिलाया कि हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उनसब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करनेवाली बंधुता बढ़ाने के लिए. दृढ़ संकल्प होकर अपने इस संविधान सभा में 26 नवंबर 1949 ई को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश का संविधान बनाने के लिए एक संविधान सभा का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद को बनाया गया था तथा संविधान सभा द्वारा संविधान का प्रारूप तैयार करने के लिए डॉ भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में प्रारूप समिति का गठन किया गया था। संविधान सभा के 2 साल 11 महीने और 18 दिनों की कड़ी मेहनत के उपरांत भारतीय संविधान को तैयार किया गया। आज का दिन संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संविधान दिवस हर्ष एवं उल्लास के साथ पूरे जिले मनाया जा रहा है। इसके अलावा संविधान दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय समेत सभी अनुमंडल/प्रखंड/अंचल व अन्य कार्यालयों में संविधान दिवस की शपथ दिलाई गई। साथ ही संविधान की प्रस्तावना का पठन किया गया।

## कर्रा नगर भवन में जिला स्तरीय झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड के नगर भवन में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज कि अध्यक्षता पर किया गया. जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि झामुमो जिला अध्यक्ष जुबेर अहमद उपस्थित होकर जिलाध्यक्ष जुबेर अहमद ने झारखंड के वीर सपूतों को नमन करते हुए कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन का मुख्य उदेश्य है कि पार्टी को हर स्तर पर मजबूतीकरण प्रदान करना है जिसमें बूथ, पंचायत, प्रखंड , जिला, स्टेट व सेन्ट्रल कमिटी को सभी स्तर मजबूत करना है जिसमें सबसे मजबूत कड़ी बूथ कमिटी को बताया गया. जिसका बूथ कमिटी मजबूत है उसे विधानसभा व लोकसभा में जीत से कोई नहीं रोक सकता है गुरू जी नेतृत्व? में हमलोगों ने झारखंड अलग राज्य का लड़ाई लड़ें है और आज झारखंड प्रदेश? में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व पर सरकार चल रही है जिसे भाजपा किसी न किसी रूप में तोड़ने एवं परेशान करने का काम कर रही है जिससे हम सभी कार्यकर्ताओं को सतर्क रहना है और अपने बुनियादी उदेश्य से पिछे नहीं हटना है और जल, जंगल, जमीन के लड़ाई को पूरा करना है. पार्टी के लड़ाई में अगर तन मन धन भी लगाना पड़े या खून भी बहाना पड़े तो हमलोग पिछे नहीं हटेंगे. 15 दिसम्बर को खूंटी जिला में माननीय मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम कि तैयारी पर जुटने कि बात कही गयी. सभा को संबोधित झामुमो केन्द्रीय सदस्य सुशील पहान, मकसूद अंसारी, हेमंत तोपनो, सुदीप गुड़िया, विजय संगा, गुलशन सिंह मुंडा, जिला सोशल मिडिया प्रभारी राहूल केशरी, मुरहू प्रखंड अध्यक्ष सनिका बोदरा ने अपने संबोधन में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नीति सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित होने,बुथ कमिटी को मजबूत करने पर कार्यकर्ताओं का दो से तीन चरण प्रशिक्षण कराये जाने पर बल दिया गया.खूंटी व तोरपा विधानसभा क्षेत्र में आगामी चुनाव 2024 में जीत दर्ज कराना ही पार्टी के कार्यकर्ताओं का संकल्पित होने बात कही .

## बीडीओ ने संविधान दिवस पर संविधान प्रस्तावना की दिलाई शपथ

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में बीडीओ सह सीओ प्रताप मिंज ने रविवार को संविधान दिवस पर आम जनता को संविधान प्रस्तावना की दिलाई शपथ दिलाई। अपने देश के गौरवमयी 'संविधान दिवस' (26 नवम्बर) पर सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई देते हुए बीडीओ प्रताप मिंज ने कहा कि विश्व के वृहत्तम संविधान को हार्दिक नमन करते हैं। साथ ही अनंतकाल तक के लिए भारतीय संविधान की सबलता की कामना करता हूं। मौके पर अभियंत अभिषेक कोया, नारायण महली,साबिर अंसारी, रामेश्वर बैठा, अनमोल बिनय तिर्की,राकेश कुमार, मनोरंजन देवघरिया, बोनिफ़स कच्छप, राजमोहन, पंकज पाल, शिबू वर्मा, समेत कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने अनगड़ा में कंबल व साड़ी वितरण किया

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लगातार बढ़ रही ठंड को देखते हुए भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने अनगड़ा प्रखंड के लुपुंग,पितरोल,महली टोला,लुपुंग ढीपा में कंबल वितरण किया। इस दौरान लगभग 100 लोगों के बीच कंबल एवं साड़ी वितरण किया। मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने बताया कि राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान चयनित लाभूको को ही कंबल वितरण किया गया जिससे कई जरुरतमंदों को कंबल नहीं मिला। ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए मंडल अध्यक्ष के सहयोग से कंबल वितरण कराने की अपील की । बताया कंबल एवं साड़ी प्राप्त करने वालों में ज्यादातर बुजुर्ग एवं विकलांग ग्रामीण शामिल थे। उन्होंने बताया कि नामकुम, अनगड़ा एवं ओरमांझी प्रखण्ड में लगातार कार्यक्रम चलाकर कंबल एवं साड़ी वितरण किया जाएगा। मौके पर रवि सागर, चंचल करमाली, पंचायत समिति सदस्य कुंती कुमारी, उपमुखिया शर्मिला कुमारी, रंजीत महतो, रमेश महतो, संदीप मंडल आदि उपस्थित थे।

## युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सिल्ली रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 2 के समीप सिल्ली की युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गईं। जानकारी के मुताबिक रविवार लगभग दोपहर 2,30 बजे रांची से मुरी की ओर आ रही आसनसोल मेमू पैसेंजर की चपेट में आने से लगभग 30 वर्षीय युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि उक्त युवक सिल्ली काड़ाकाटा निवासी विदेसी कोईरी है। पिछले कई महीनो से उसके दिमागी हालत ठीक नहीं चल रही थी। रांची रेल पुलिस ने शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया ।

## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में मनाया गया संविधान दिवस

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में रविवार को संविधान दिवस मनाया गया।इस मौके पर कई जगहो पर कार्यक्रम का आयोजन कर संविधान की रक्षा को लेकर शपथ दिलाई गई,साथ ही डॉ भीम राव आम्बेडकर की प्रस्तावना संदेश को पढ़ा गया।जानकारी के अनुसार पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय मे संविधान दिवस मनाया गया।इस मौके पर जीएम सीबी सहाय ने प्रस्तावना संदेश पढ़कर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाया।इस मौके पर जीएम सीबी सहाय ने संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संविधान की रक्षा करते हुए राष्ट्रहित मे बेहतर कार्य करने की अपील की।इस मौके पर कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय,एसओ ईएण्डएम जेएन दत्ता,एसओ सेफ्टी मुकेश तोषांग,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग,हेमचंद महतो, सौमित सेनापति,उज्जवल कुमार,कामेश्वर राम,टिकेश्वर ठाकुर,बिरेन्द्र महतो, दिलनवाज अंसारी सहित कई लोग मौजुद थे।




## गुरुद्वारा में गुरुनानक जयंती पर आज सजेगा दरबार

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में आज गुरुनानक जयंती मनाई जाएगी।इस मौके पर पिपरवार के बचरा गुरुद्वारा में आज कई प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।जानकारी के अनुसार बचरा गुरूद्वारा मे दीवान सजेगा, साथ ही शब्द कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।वही गुरू का लंगर का आयोजन होगा,जिसमे करीब पांच हजार से अधिक लोग शामिल होगे।इधर गुरुनानक जयंती से पूर्व रविवार की सुबह बचरा गुरुद्वारा में बाबा निशान साहब का चोला बदला गया।इस कार्यक्रम में सिख समुदाय की कई महिला पुरुष और बच्चे शामिल हुए।इस दौरान जो बोले सो निहाल के जयकारे के साथ बाबा निशान साहब का चोला बदला गया।बचरा गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों ने गुरुनानक जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले विशाल लंगर कार्यक्रम में कोयलांचल क्षेत्र के सभी लोगों से शामिल होने की अपील की है।इधर गुरुनानक जयंती के मौके पर बचरा गुरुद्वारा को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।इस मौके पर प्रधान निर्मल सिंह,सुखदेव सिंह,ग्रंथी कुलदीप सिंह, अमन मेहरा,इन्दर सिंह, पृथ्वीपाल सिंह,कलवंत सिंह, गुरजीत सिंह,बक्सी सिंह, सेवा सिंह,प्रताप सिंह, गुरजीत सिंह,राजेन्द्र सिंह, अमनदीप सिंह,दिलबाग सिंह,कमलजीत सिंह सहित बचरा गुरुद्वारा कमेटी के कई लोग मौजूद थे।



## इंटर मीडिएट भवन का राज्यसभा सांसद ने किया शिलान्यास

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)** :सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में रविवार को दो नये इंटर मीडिएट भवन का शिलान्यास किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू और विशिष्ट अतिथि में कांके विधायक सरीलाल व भाजपा अनुसूचित जाति के प्रदेश मंत्री कमलेश राम ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर और शिलापट्ट से पर्दा हटाकर भवन का शिलान्यास किया।इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन के द्वारा सभी अतिथियो का बुके और माला पहनाकर स्वागत किया गया।जानकारी के अनुसार स्कूल प्रांगण में स्कूल भवन की कमी को देखते हुए राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने अपने मद से भवन निर्माण की घोषणा की थी,जिसके बाद करीब साढ़े 14 लाख रुपए की लागत से दो नए इंटर मीडिएट भवन का शिलान्यास किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद किया जाएगा। स्कूल प्रांगण में दो नए भवन बनने से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को इसका लाभ मिलेगा।इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य गणेश कुमार महतो,राजेंद्र महतो,अनिल सिंह,मनोज कुमार,अंजू झा, ज्योति सिंह,ओंकार तिवारी, शिव प्रसाद,रामप्रसाद महतो, सुखदेव महतो,तेजू महतो, एतवारा महतो,सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह,शशि भूषण सिंह, खलारी भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा,अरविंद सिंह,प्रीतम साहू,कार्तिक पांडेय,आनंद सिंह,गणेश यादव,भरत रजक,सत्यम सिंह,चतुर्गुण भुईयां,गणेश यादव,रितेश केसरी,रामेश्वर महतो,राजू गुप्ता सहित स्कूल के सभी शिक्षक और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



## कोल इंडिया एससी/एसटी इम्पलाईज एसोसिएशन सिस्टा द्वारा मनाया गया संविधान दिवस

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : कोल इंडिया एससी/एसटी इम्पलाईज एसोशियेसन सिस्टा पिपरवार क्षेत्र के द्वारा बचरा के अंबेडकर चौक में संविधान दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कामेश्वर राम एंव संचालन बाबूलाल राम ने किया।कार्यक्रम की शुरूआत युसीडब्लुयु के क्षेत्रीय अध्यक्ष मुंद्रिका प्रसाद ने डॉ. भीम राव आम्बेदकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की, जिसके बाद उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से श्रद्धा सुमन अर्पित किया।जिसके बाद बाबा साहेब के द्वारा लिखे गये संविधान के उद्देशिका को पढ़कर सभी को शपथ दिलायी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने संविधान दिवस पर प्रकाश डाला।इस मौके पर कामेश्वर राम,बाबूलाल राम,विमल महतो,बसंत कुमार,गणेश राम,गंगा राम,फलेंद्र कुमार, रामजीत राम,ललिंद्र कुमार, हिमांशु चाटर,ईश्वर दयाल मेहता,उमेश मेहता,संतोष राम,जेम्स उरांव,लकेश्वर लाल,रविंद्र महतो,चमन महतो,ललकू भुइंया,हरिलाल महतो,किशोरी साव,बालदेव महतो,व्याकुल सेठ,मो. मुमताज,मुंशी राम,टिकेश्वर ठाकुर,नरेश सेठ सहित कई लोग मौजुद थे।



## महापड़ाव कार्यक्रम में शामिल हुए पिपरवार के एटक कार्यकर्ता

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : ऑल इंडिया किसान सभा एंव एटक के द्वारा राजभवन रांची मे आयोजित महापड़ाव कार्यक्रम मे पिपरवार क्षेत्र से कई एटक कार्यकर्ता शामिल हुए।जानकारी के अनुसार एटक के सभी कार्यकर्ता बचरा चार नम्बर चौक मे जमा हुए और जमकर नारेबाजी किया।जिसके बाद युनाईटेड कोल वर्क्स युनियन के अशोक परियोजना शाखा अध्यक्ष अरविन्द शर्मा के नेतृत्व मे सभी कार्यकर्ता रांची के लिए रवाना हुए।इस संबंध में वक्ताओं ने कहा कि रांची में महापड़ाव कार्यक्रम में कई श्रमिक संगठन के अलावे किसान संगठन के लोग शामिल हो रहे हैं,जिसमें केंद्र सरकार के मजदूर,किसान और गरीब विरोधी नीतियों का विरोध किया जाएगा।इस मौके पर सीसीएल कल्याण समिति सदस्य अरविंद कुमार शर्मा,अशोक परियोजना शाखा अध्यक्ष धनेश्वर गंझु, रामनाथ महतो,सेवक गंझु, मिश्रा पासवान,रहमतुल्लाह, अनित कुमार,राजकुमार,बंटी मोदी,ऋषिकेश मिश्रा,अरुण गंझु,मोहन गंझु,शिवचरण महतो,योगेश्वर भोक्ता,भारत नोनिया सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## गुरुनानक हॉस्पिटल के निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 210 मरीजों ने उठाया लाभ

**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चांडिल प्रखंड के चिलगू पंचायत भवन में रविवार को जमशेदपुर के मानगो स्थित गुरुनानक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में चांडिल क्षेत्र के विभिन्न गांवों के 210 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। शिविर में गुरुनानक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर मानगो के जेनरल मेडिसिन, शिशु रोग, स्त्री रोग, जेनरल सर्जरी, किडनी रोग, ईएनटी रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य जांच किया गया। जांचोपरांत मरीजों को निःशुल्क दवा का वितरण भी किया गया। जबकि कई मरीजों का निःशुल्क शुगर जांच भी किया गया। हॉस्पिटल के मैनेजर राजपाल सिंह ने बताया कि गुरुनानक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में सभी तरह का इलाज किया जाता है, सभी बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक भी हॉस्पिटल में हैं। इस दौरान डॉ. नरेंरा सिंह, डॉ. शाकिब अहसान, डॉ. राजन कुमार, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. नागेंद्र महतो, एवं चिलगू पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मौजूद थे।



## सेंट ग्रेगोरियोस ऑर्थोडॉक्स चर्च व सेंट मैरी नर्सरी स्कूल, कदमा में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल और सेंट ग्रेगोरियस ऑर्थोडॉक्स चर्च एवं सेंट मैरी नर्सरी स्कूल, कदमा के संयुक्त तत्वावधान में मेगा निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन फादर एमजे मैथ्यू ने दीप प्रज्वलित करके किया। शिविर में करीब 85 मरीजों की निःशुल्क ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन, ईसीजी एवं स्तन कैंसर की जांच की गई। शिविर में जनरल फिजिशियन डॉ शुभाशीष डे ने मरीजों को परामर्श दिया एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।



## पिकअप वैन की चपेट में आने से बाइक पर सब्जी बेचने जा रहा किसान घायल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा थाना अंतर्गत लावा में जलडहर पेट्रोल पंप के पास टाटा- पटमदा मुख्य सड़क पर एक अज्ञात अनियंत्रित पिकअप वैन ने बाइक सवार किसान को टक्कर मार दिया। जिससे वह घटनास्थल पर ही गिर गए और उनके दायें पैर की हड्डी टूट गई। घटना में कमलपुर थाना क्षेत्र के कुमीर गांव निवासी करीब 40 वर्षीय भूषण महतो गंभीर रूप से घायल हो गए एवं उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना रविवार की दोपहर करीब 12 बजे उस वक्त हुई जब भूषण अपनी बाइक पर सब्जी लेकर बेचने के लिए जमशेदपुर जा रहे थे। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस पर बेहतर इलाज हेतु एमजीएम अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने बाइक संख्या जेएच 05 एच 2098 को जब्त कर लिया है जबकि घटना में शामिल पिकअप वैन की तलाश की जा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह ने बताया कि दोपहर को हुई घटना के बाद तेज गति से पिकअप वैन चालक वाहन को लेकर भागने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा घायल व्यक्ति को इलाज हेतु एमजीएम अस्पताल भेज दिया गया है जबकि पिकअप वैन की तलाश जारी है।

## पार्टी के स्थापना दिवस पर आप के जिला उपाध्यक्ष गणपति करुआ ने दिव्यांगों में बांटे कंबल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गणपति करुआ ने रविवार को पार्टी के स्थापना व संविधान दिवस के मौके पर रविवार को बंगाल सीमा से सटे पटमदा के राहेड्डीह गांव में तीन दर्जन दिव्यांगों के बीच कंबलों का वितरण किया। इस संबंध में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गणपति करुआ ने बताया कि जाड़े के मौसम में दिव्यांगों को कंबल मिलते ही चेहरे में खुशी की झलक देखने को मिली। समिति के पटमदा प्रखंड अध्यक्ष भजहरि महतो ने बताया कि दिव्यांगों को आज तक कोई भी मान सम्मान नहीं दिया। इस दौरान पटमदा प्रखंड अध्यक्ष मनसाराम पावरी, जिला सचिव शंभू सिंह गांधी, जिला सह सचिव कन्नन गणेशन, जितेंद्र यादव, अनिल मांझी, फूलचांद सिंह, सुभाष सहिस, दोलगोविंद सिंह, सुकुमार सिंह व दिलीप महतो आदि मौजूद थे।



## जमशेदपुर के कलाकारों को भी लघु फिल्मों में मिल रहा है मौका : तथागत भट्टाचार्जी

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिष्टुपुर स्थित सेंटर फॉर एक्सीलेंस में दो दिवसीय शॉर्ट फिल्म फेस्टीवल 2023 का आयोजन टेक 5 कम्यूनिकेशन कोलकाता के नेतृत्व में रविवार को संपन्न हुआ। इस दो दिवसीय फिल्म फेस्टीवल में पहले दिन शनिवार को 7 और अंतिम दिन रविवार को 6 कुल 13 फिल्में (8 हिंदी, 2 अंग्रेजी, 2 बांग्ला एवं 1 आसामी फिल्म) दिखायी गयी। जिसमें 6 से लेकर 29 मिनट तक की फिल्में शामिल थी। दो दिनों तक दिखायी गयी 13 फिल्मों में से कई ऐसी फिल्में थी, जिसे इंटरनेशनल एवं नेशनल अवार्ड मिल चुका है और मौजूद दर्शकों ने भी उसे खुब सराहा। रविवार को फ़र्क (हिन्दी), तलाशी - द सर्च (हिन्दी), नक्शा (हिन्दी), सुवर्णरेखा के तट पर (हिन्दी), हाथी खेड़ा का पवित्र उपवन (हिन्दी), नो पार्किंग (असमिया) फिल्में दिखायी गयी। रविवार को टेक 5 कम्यूनिकेशन के प्रमुख एवं फिल्म डायरेक्टर तथागत भट्टाचार्जी ने बताया कि इस शॉर्ट फिल्म का आयोजन सेंटर फॉर एक्सीलेंस जमशेदपुर तथा टेक 5 कम्यूनिकेशन कोलकाता के द्वारा संयुक्त रूप से करते हुए 16 साल बीत गये।



# टाटा स्टील यूआईएसएल ने किया बिस्टुपुर में शानदार जैम@स्ट्रीट का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूआईएसएल, टाटा स्टील और टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से रविवार को बिस्टुपुर में बहुप्रतीक्षित जैमञस्ट्रीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 15,000 से अधिक भागीदारों की एक अत्यधिक भीड़ देखने को मिली। प्रतिभागियों ने रोमांचकारी गतिविधियों में खुद को डुबोया साथ ही वातावरण उत्साह और उमंग से भर गया। सड़कों पर ऊर्जा की गूंज थी, जिसमें जूम्बा, बास्केटबॉल, गोल्फ पुटिंग, घुड़सवारी, लाइव बैंड प्रदर्शन, शतरंज, स्केटिंग, सेल्फी कॉर्नर, कॉस्मिक योगा, कैरोके प्रदर्शन और बहुत कुछ शामिल था। इस कार्यक्रम में विविध रुचियों को ध्यान में रखते हुए मनोरंजन की एक जीवंत श्रृंखला बुनी गई थी। इस साल के जैमञस्ट्रीट के मुख्य आकर्षण में गोल्फ पुटिंग, शतरंज, सेल्फी कॉर्नर, बारीडीह लाफ्टर क्लब, मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स, स्लो साइकिलिंग, 360 डिग्री कैमरे का अनुभव और इस साल अधिक चित्र कलाकार शामिल था। इन परिवर्धनों ने कार्यक्रम को एक विशिष्ट सार से भर दिया, प्रतिभागियों की कल्पना को प्रज्वलित किया और समग्र उत्साह को बढ़ाया। टाटा स्टील यूआईएसएल के अध्यक्ष चाणक्य चौधरी और प्रबंध निदेशक ऋतु राज सिन्हा की महत्वपूर्ण उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय बनाया। उनका उत्साह भीड़ में गूंजा और खुशी और उत्सव के दिन के लिए माहौल तैयार किया। पूर्वी सिंहभूम के वरिष्ठ अधीक्षक पुलिस किशोर कौशल भी इस अवसर को सम्मानित करते हुए साझेदारी के आयोजन की महत्ता पर जोर दिया। झजो समुदाय में एकता की भावना को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान होटेलियर्स एसोसिएशन द्वारा प्रबंधित एक लाजवाब खाद्य स्टॉल का व्यवस्थित की गयी थी, जिसका लोगो ने भरपूर आनंद उठाया। बिस्टुपुर में जैम@स्ट्रीट एक कार्यक्रम ही नहीं उभरते कलाकारों के लिए जीवंत एक मंच है जिसका इंतज़ार जमशेदपुर की जनता को हर वर्ष रहता है। यह समुदाय की भावना, मजे और अनुभवों का एक उत्सव है।



## श्रीलेदर्स के किरणोत्सव का पहला चरण सम्मान समारोह के साथ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** श्रीलेदर्स के महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम किरणोत्सव के दूसरे चैप्टर की शुरूआत हो गई है।रेडियो धूम के सहयोग से 12 सितंबर को शुरू किरणोत्सव के तहत 15 सरकारी/ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय/ माध्यमिक एवं उच्च विद्यालयों की छात्राओं को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग दी गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान लगभग एक हजार छात्राओं को प्रशिक्षकों द्वारा आत्मरक्षा की ट्रेनिंग दी गई। पहले चरण की समाप्ति के बाद दूसरे चरण की शुरुआत हुई। इस दौरान प्रत्येक विद्यालय से दो छात्राओं का चयन भी किया गया, जिन्हें रविवार को श्रीलेदर्स सभागार में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर आस्था रमण एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएएफ 106 बटालियन की इंस्पेक्टर लाइसम्मा एंटनी उपस्थित रहे। समारोह में सभी विद्यालयों की 30 छात्राओं, 15 शिक्षक, प्रधानाध्यापक और वार्डन को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्रीलेदर्स से जुड़े लोग उपस्थित थे।

# संविधान ही राष्ट्र का आधार है : डॉ. संजीव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर के राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा के सीवीसी डॉ. संजीव आनंद शामिल हुए। सभा की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने की। मुख्य अतिथि डॉ आनंद ने छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों से भरे हुए सभागार को संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान ही राष्ट्र का आधार है। मुख्य रूप से उन्होंने संविधान के प्रस्तावना को सामने रखते हुए बताया कि हमारा संविधान भारत में सत्ता के स्रोत, सरकार का प्रारूप अर्थात प्रजातांत्रिक शासन व्यवस्था तथा उद्देश्यों को परिभाषित करता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि हमें संविधान का अध्ययन करना चाहिए । कार्यक्रम के आयोजन में सैयद साजिद परवेज, अमीषा मिश्रा, अंकित मोदी तथा हर्ष झा का विशेष योगदान रहा।



## दिघी पंचायत मंडप में मनाया गया संविधान दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के दिघी पंचायत मंडप में रविवार को पंचायत के प्रतिनिधियों ने संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि दीपक मुर्मू के नेतृत्व में युवाओं ने डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर युवा समाजसेवी विश्वनाथ महतो ने कहा कि ब्रिटिश हुकूमत से मुक्ति के बाद देश में लोकतंत्र स्थापित करने के लिए एक संविधान की जरूरत महसूस हुई। संविधान किसी भी देश की शासन प्रणाली और राज्य को चलाने के लिए बनाया गया एक दस्तावेज है। भारत का संविधान भारत का सर्वोच्च विधान है जो संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर 1949 को पारित हुआ और 26 जनवरी 1950 से यह प्रभावी हुआ। 2 साल 11 महीने और 18 दिन में हमारे देश के संविधान को तैयार किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से ग्राम प्रधान मथुर प्रसाद महतो, सनत बेसरा, रमेश महतो व जगन्नाथ महतो आदि मौजूद थे।



## राजनगर प्रखंड कार्यालय में संविधान दिवस पर दिलाई गई शपथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** राजनगर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी डांगुर कोड़ाह की अध्यक्षता में रविवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डांगुर कोड़ाह एवं अंचलाधिकारी हरीश चंद्र मुंडा ने सभी कर्मियों को संविधान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी और पालन करने के लिए शपथ दिलाई। मौके पर बीपीओ मनोज तियु, पीएमआवास प्रखंड समन्वयक, पी एल वी भक्तु मार्डी समेत प्रखंड व अंचल के कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# हरिजन महिला ने ईचागढ़ के सूद ब्याज कारोबारी पर लगाया गंभीर आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के ईचागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बांकसाई गांव निवासी हरिजन महिला बुधी कालिंदी ने ईचागढ़ गांव निवासी गजानंद साहु के खिलाफ उसके पति देवी कालिंदी के साथ मारपीट करने, पुत्र अमर कालिंदी को जान से मारने एवं उसको जाति सूचक गंदी गालियां देने का आरोप लगाते हुए ईचागढ़ थाना में लिखित शिकायत की है। आवेदन पत्र में कहा गया है कि उनके पति को कान में सुनाई नहीं देता है जिससे वे काफी कमजोर है। 1994 में उनके पति ने गजानंद साहु से पांच हजार रुपए उधारी लिया था। उस समय से पति का वेतन गजानंद साहु द्वारा गलत तरीके से निकासी 2023 तक करते आ रहा है। बुधी कालिंदी ने चांडिल में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कहा कि हमलोग सुवर्णरेखा परियोजना के विस्थापित है। मेरा पति झारखंड सरकार में सिंचाई विभाग में चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी है और दलित परिवार से आते हैं। 10 नवंबर को ईचागढ़ थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। लेकिन आज तक कारवाई नहीं हुई। इसलिए 23 नवंबर को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चांडिल को फिर से लिखित आवेदन दिया गया है। अगर 10 दिनों के अंदर गजानंद साहु के खिलाफ जांच करते हुए कानूनी कार्रवाई नहीं किए जाने पर चांडिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय के सामने सपरिवार अनिश्चितकालीन धरना देंगे। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता कार्तिक कुमार कालिंदी व अमर कालिंदी उपस्थित थे।

**एसडीपीओ से जांच कर जल्द कारवाई की मांग**



## आनंद मार्ग की ओर से पटमदा में बांटे गए 200 फलदार पौधे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं प्रीवेंशन ऑफ क्रुएलिटी टू एनिमल्स एंड प्लांट्स जमशेदपुर की ओर से कुकुड़ू , सिसदा व पटमदा के ग्रामीण क्षेत्र के अन्य ग्रामीणों के बीच पृथ्वी बचाओ अभियान के तहत 200 से भी ज्यादा फलदार पौधों अमरूद, आम, कटहल एवं काजू का वितरण किया गया। साथ ही साथ ग्रामीणों को भोजन भी कराया गया। पीसीएपी जमशेदपुर की ओर से पिछले 15 सालों से आज तक लगभग 1लाख 50 हजार से भी ज्यादा पौधा का निःशुल्क वितरण किया जा चुका है। आनंद मार्ग के आचार्य मानवमित्रनंद अवधूत कहना है कि फलदार पेड़ों का रोपण करने से पर्यावरण को तो लाभ पहुंचता ही है साथ ही साथ समाज से गरीबी भी कम होती है इससे धन का उपार्जन किया जा सकता है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा फलदार पौधे का रोपण करना जरूरी है, जब तक हम पेड़ पौधों एवं जीव, जंतु को अपने परिवार का सदस्य के रूप में स्वीकार नहीं किया करेंगे तब तक प्रकृति का कल्याण संभव नहीं है। इसलिए नव्य -मानवतावादी विचारधारा से समाज का कल्याण संभव है, नव्य मानवतावाद बताता है कि इस पृथ्वी पर मनुष्य ही नहीं अनेक प्रकार के पेड़, पौधे जीव जंतु इस पृथ्वी रूपी परिवार के सदस्य हैं।

# स्वदेशी खादी महोत्सव का हुआ भव्य उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कदमा स्थित गणेश पूजा मैदान में स्वदेशी खादी महोत्सव द्वारा आयोजित खादी एवं ऊनी वस्त्रों की प्रदर्शनी एवं बिक्री का उद्घाटन जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने किया। बतौर मुख्य अतिथि सरयू राय ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी सह सेल का आयोजन समय-समय पर किया जाना चाहिए इससे खादी ग्रामोद्योग के अनुभवी एवं विशिष्ट कारीगरों को एक प्लेटफॉर्म मिल जाता है, जहां उनके द्वारा बनाये गये उत्पादों को लोग खरीदकर उन्हें रोजगार का भी अवसर प्रदान करते हैं। उक्त अवसर पर फेयर के आयोजक अनुराग मिश्रा ने कहा कि हमारे इस फेयर में बिहार के भागलपुरी सिल्क, सूट, साड़ी, जम्मू काश्मीर के काश्मीरी सिल्क साड़ी, सूट, असम के असम सिल्क साड़ी, सूट, उत्तर प्रदेश के बनारसी सिल्क साड़ी, सूट, आंध्रप्रदेश के पोचमपल्ली पटोला साड़ी, सूट, उत्तर प्रदेश के लखनवी चिकन वर्क सूट, टॉप, मध्य प्रदेश के चंदेरी सूट, छत्तीसगढ़ के कोसा सिल्क मटेरियल साड़ी, गुजरात के हैण्डीक्राफ्ट बैग, पश्चिम बंगाल के जूट बैग, जीन्स बैग, दिल्ली के लेदर बैग, राजस्थान के टॉप, सूट, साड़ी, मोजरी, केरला के साड़ी, सूट, पंजाब के फुलकारी वर्क एवं जयपुर के ज्वेलरी उपलब्ध हैं। इसमे 105 से अधिक स्टॉल लगाए गये हैं। उक्त उत्पादों की गुणवत्ता काफी बेहतर एवं कीमत काफी कम हैं। यह प्रदर्शनी सह सेल सुबह 10 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक चलेगी।



## अंतरराष्ट्रीय कवयित्री व लेखिका अंकिता सिन्हा को मिला स्पेनिन गौरव सम्मान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर/रांची :** जमशेदपुर की अंतरराष्ट्रीय कवयित्री एवं लेखिका अंकिता सिन्हा को रांची में आयोजित सम्मान समारोह में उनकी पुस्तक कोरोनाकाल एवं मेरी दुनिया मेरी मां की रचना के लिए स्पेनिन गौरव सम्मान मिला। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सृजनात्मकता के लिए साहित्य जरूरी है। साहित्य से बच्चों के ज्ञान में विविधता आती है। ज्ञान के साथ विकास के लिए जीवन में साहित्य का संबंध जरूरी है। मुख्य अतिथि उर्सुलाइन इंटर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मेरी ग्रेस कॉलेज के सभागार में आयोजित सिद्धानाथ कुमार स्मृति सम्मान समारोह में बोल रही थीं। इस अवसर पर झारखंड के चिंतक और लेखक डॉ मयंक मुरारी को सिद्धनाथ कुमार स्मृति सम्मान प्रदान किया गया। इसके अलावा नंदा पांडेय, अंकिता सिन्हा और मनोज कपरदार को स्पेनिन गौरव सम्मान दिया गया। साहित्यकार डॉ. अशोक प्रियदर्शी ने कहा कि साहित्य सम्मान से युवाओं में रचनात्मक लेखन का विकास होता है। युवा इससे प्रेरित होते हैं और उनमें कुछ बेहतर करने का विश्वास आता है।



## संविधान दिवस पर राजनगर थाना परिसर में पुलिस कर्मियों ने ली शपथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** रविवार को 74वें संविधान दिवस पर राजनगर प्रखंड के सभी सरकारी दफ्तरों में कार्यक्रमों का आयोजन व प्रस्तावना का पाठ कराया गया और मौलिक कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई। वहीं राजनगर थाना परिसर में थाना प्रभारी चंदन कुमार ने थाना के सभी पुलिस कर्मियों को मौलिक कर्तव्यों की शपथ दिलाई। इस मौके पर राजनगर थाना के सभी पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

# टाटा स्टील ने किया एपेक्स टीक्यूएम अवॉर्ड्स नाइट 2023 का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सर्वोत्तम सुधार परियोजनाओं और सर्वश्रेष्ठ डिवीजनों को सम्मानित करने के लिए शनिवार कीनन स्टेडियम में एपेक्स टीक्यूएम अवार्ड्स नाइट 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन और टीक्यूएम के उपाध्यक्ष अवनीश गुप्ता, टीक्यूएम और इंजीनियरिंग एंड प्रोजेक्ट्स, टाटा स्टील ने पुरस्कार प्रदान किया। 2022 में शुरू की गई सभी गुणवत्ता पहलों की थीम टुवर्ड्स गेम्बा फोकस्ड एक्सीलेंस को 2023 में शॉप फ्लोर के साथ फिर से संपर्क स्थापित करने और कार्यस्थल पर सुरक्षा, गुणवत्ता और जीवंतता में सुधार की दिशा में काम करने के उद्देश्य से कायम रखा गया था। शाम के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, टीवी नरेंद्रन ने सभी विजेताओं और उनके परिवार के सदस्यों को बधाई दी और गेम्बा फोकस्ड एक्सीलेंस की ओर बढ़ने के लिए निरंतर सुधार की यात्रा में सक्रिय रूप से दूसरों को सुनने की आवश्यकता को दोहराया। अवनीश गुप्ता ने भी सभी विजेताओं को बधाई दी और परियोजनाओं के पैमाने और गुणवत्ता के साथ-साथ विभिन्न टीमों में प्रतिभागियों की विविधता की सराहना की और निरंतर सुधार की यात्रा पर चर्चा की।




# मुण्डा-मानकियों की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखण्ड के मुण्डा- मानकी सभागार में ग्राम सभा मंच कचाई की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सुखराम सिंह मुण्डा ने किया। बैठक में कुल 35 ग्राम सभा के प्रतिनिधि व ग्रामीण मुण्डा सह ग्राम सभा के पदेन अध्यक्ष उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। मौके पर मुख्य अतिथि राहुल बान्ड्रा ने कहा कि झारखंड सरकार अनुसूचित क्षेत्रों के लिए पेसा नियमावली तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की है जो सराहनीय है लेकिन झारखंड पंचायती राज नियमावली 2001 के तहत प्रारुप ?तैयार किया है।नियमावली 2022 को तैयार की है? जिसे 2023 को विधानसभा में पारित कर लिया गया है तथा ग्राम सभा में पंचायत सेवक को सचिव के पद पर रखा गया है जिसे हटाया जाये। सोहन लाल कुम्हार ने कहा कि स्थानीय? नीति में 1930-32 से 1965 तक के भू- सर्वे खातियान को आधार माना जाये। लेकिन शर्त में यह रखा जाये कि 1930-32 से 1965 तक के सर्वेक्षण खातियान में आवेदकों के नामांकित रहते हुए भी उसे स्थानीयता मान्य नहीं होगा यदि अपने या दादा परदादा के नाम पर? जमीन दर्ज हो और उस जमीन पर दखल न हो उपयोग न करता हो तथा मालिक के पास लगान जमा न करता हो। यदि ऐसा नहीं लिखा जाएगा तो बहुत सारे राजा महाराजाएं भी कई गांव के दावेदार हुआ करेंगे। कुचाई अंचल के विभिन्न ग्रामों के जंगल? का भरपूर बिनाश हो रहा है तथा पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। वन विभाग तथा? खनन विभाग निकम्मा हो गये हैं क्योंकि इन विभाग के पदाधिकारियों को मिलिभगत से जंगल से अवैध रुप से जंगल को बर्बाद किया जा रहा है। वहीं राहुल बान्ड्रा ने उपायुक्त तथा झारखंड सरकार को ईमानदारी के साथ उपरोक्त बिंदुओं पर उपयुक्त कर्रवाई करने का आग्रह किया। मौके पर सोहन लाल कुम्हार ने उपायुक्त का ध्यानाकृष्ट कराते हुए कहा कि अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वनों पर अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 के नियम 2008 के संशोधित नियम 2012 के? तहत विधिसम्मत तैयार कर वनाधिकार प्रमाण-पत्र वितरण करें क्योंकि झारखंड सरकार ने 2020 को आनन-फानन में सरायकेला जिला में कुल 47 ग्राम सभाओं को सामुदायिक वनाधिकार पत्र निर्गत किये जिसे सुधार करने हेतु मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखंड, रांची को 20 फरवरी? 2021 को अपील के रुप में करीब 2 किलो का फाईल सौंपा गया है जिस पर अभी तक करवाई नहीं की गई है। साथ ही साथ जिन-जिन गांव में? वनाधिकार कानून 2006 के तहत अभी तक सामुदायिक तथा व्यक्तिगत दावा पत्र नहीं भरे गए हैं? उन्हें भरने को भी प्रेरित किया गया।

## संपादकीय

# बदलता यात्रा वृतांत

**कुल्लू** की उड़ान के बाद जहाज अब अमृतसर-शिमला को हवाई यात्राओं के नए सफर पर ले जा रहा है। कुछ नए रास्ते इजहार के, आकाश के दरम्यान निखार के। पिछले पांच सालों में विमान सेवाओं में हो रही बढ़ोतरी से प्रदेश में हाई एंड टूरिज्म में बढ़ोतरी का संकेत है और अगर हिमाचल को विशुद्ध रूप से पर्यटन राज्य बनना है, तो शिमला, दिल्ली, चंडीगढ़ के बाद अमृतसर तक की उड़ानें अपने संदर्भों में ऊंचे कदमों से नई मंजिलों के निशान खोज रही हैं। पहले गगल हवाई अड्डे ने उत्तर भारत के तेजी से विकसित होती डेस्टिनेशन के रूप में आकाश पर धाक जमाई है, तो इसी के साथ कुल्लू-शिमला से बढ़ रही उड़ानों के कारण भी अब अंतरराष्ट्रीय पर्यटन की मांग से हिमाचल का नाता जुड़ रहा है। गर्मियां आने तक उम्मीद है कि गगल से पुनः जयपुर, देहरादून और कुछ अन्य उड़ानें भी जुड़ सकती हैं, जबकि हेलि टैक्सी का यात्रा वृतांत भी धीरे-धीरे मंडी के अलावा कुछ अन्य स्थलों को जोडऩे का संकल्प लिए हुए है। सुक्खू सरकार एयर कनेक्टिविटी को लेकर अब तक की सरकारों से कहीं आगे निकलती हुई हेलिपोर्ट बनाने की दिशा में कई कदम ले चुकी है और शीघ्र ही यह संकल्प पालमपुर, रक्कड़, नादौन व कुछ अन्य स्थानों से हेलि टैक्सी का संचालन शुरू कर सकता है। हिमाचल में पर्यटन के हिसाब से कांगड़ा एयरपोर्ट का सपना पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कुछ आरंभिक निर्णय लिए हैं और बजटीय प्रावधान से वह भू-अधिग्रहण के अंतिम चरण को सार्थक बना रहे हैं। जिस दिन कांगड़ा एयरपोर्ट अपनी लंबाई के उत्तर-दक्षिण छोर को तकरीबन तीन किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी से जोड़ पाया, उस दिन यह प्रदेश पर्यटन की नई जमात में प्रवेश करके असीमित संभावनाओं को आमंत्रित कर पाएगा। कुछ इसी तरह फोरलेन के निर्माण से हिमाचल का यात्रा वृतांत बदल रहा है और आने वाले दो सालों में पर्यटक अनुभव की कई नई शाखाएं विकसित हो सकती हैं। एयर व सडक़ कनेक्टिविटी के अलावा ऊना के अंब-अंदौरा तक पहुंच रही 'वंदे भारत' ट्रेन ने दिल्ली से हिमाचल की यात्रा के नए अनुभव जोड़े हैं। अंब-अंदौरा तक पहुंची ट्रेन का रुख जिस दिन मोड़ कर ज्वालामुखी तक भी जुड़ गया, हमारा धार्मिक पर्यटन, बाइक-ट्रक व ट्रैक्टर भ्रमण से कहीं आगे तिरुपति की तरह लाजवाब हो जाएगा। बेहतर तब होगा जब नेता अपनी-अपनी विधानसभा या लोकसभा सीटों के राजनीतिक नक्शे के बजाय प्रदेश की प्राथमिकताओं में ऐसी परियोजनाओं को परिमार्जित करना सीख जाएं। बहरहाल पहली ही उड़ान अमृतसर से शिमला तक 17 यात्री खींच लाई, लेकिन ऐसी उड़ानों को 'ट्रैवल विद टूरिज्म' के इंतजाम के साथ जोडऩा होगा। अभी तक बढ़ती उड़ानें या 'वंदे भारत' का सफर केवल यात्रियों की पसंद और प्राथमिकता हैं। इन्हें 'ट्रैवल विद टूरिज्म' का सहयोगी बनाने के लिए हिमाचल पर्यटन व परिवहन को भी पैकेज टूअर जोडऩे चाहिएं। मसलन 'वंदे भारत' के साथ हिमाचल पर्यटन हर आने वाले को अंब-अंदौरा से आगे विभिन्न डेस्टिनेशन तक पहुंचाने, ठहराने व घुमाने का पैकेज जोड़ सकता है। इसी तरह अमृतसर से शिमला की उड़ान भले ही यात्रा को सुखद बना देगी, लेकिन जुब्बड़हट्टी से शिमला पहुंचना सारी मस्ती को गुम कर देगा। ऐसे में हिमाचल परिवहन या पर्यटन निगम को उड़ानों के हिसाब से भुंतर, कांगड़ा तथा शिमला हवाई अड्डों के लिए बस या टैम्पो सेवाएं चलानी चाहिएं। अंब-अंदौरा स्टेशन से हमीरपुर, बीड़ व धर्मशाला के लिए आरामदायक बस सेवाएं शुरू करके हम लंबी यात्राओं को सरल व सुविधाजनक बना सकते हैं। हिमाचल में 'ट्रैवल विद टूरिज्म' जैसे प्रयोग के लिए देश के ट्रैवल एजेंट के साथ मिल कर प्रयास करने होंगे ताकि रेल व विमान सेवाओं को आगे के सफर और डेस्टिनेशन तक जोड़ा जा सके। प्रदेश में एचआरटीसी ने कुछ धार्मिक स्थलों की दर्शन सेवा शुरू की है, इसी तरह शिमला, मनाली, धर्मशाला, चंबा-डलहौजी, चंडीगढ़, अमृतसर व अन्य स्थलों से साइट सीइंग बस सेवाओं का संचालन करना चाहिए। कायदे से हिमाचल के आसपास के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों यानी चंडीगढ़, अमृतसर, जयपुर, दिल्ली व जम्मू से पर्यटकों को प्रदेश में लाने के लिए एक योजना की आवश्यकता है। यह हाई एंड टूरिज्म की तरफ एक बड़ी छलांग सिद्ध होगा।

> पिछले पांच सालों में विमान सेवाओं में हो रही बढ़ोतरी से प्रदेश में हाई एंड टूरिज्म में बढ़ोतरी का संकेत है और अगर हिमाचल को विशुद्ध रूप से पर्यटन राज्य बनना है, तो शिमला, दिल्ली, चंडीगढ़ के बाद अमृतसर तक की उड़ानें अपने संदर्भों में ऊंचे कदमों से नई मंजिलों के निशान खोज रही हैं। पहले गगल हवाई अड्डे ने उत्तर भारत के तेजी से विकसित होती डेस्टिनेशन के रूप में आकाश पर धाक जमाई है, तो इसी के साथ कुल्लू-शिमला से बढ़ रही उड़ानों के कारण भी अब अंतरराष्ट्रीय पर्यटन की मांग से हिमाचल का नाता जुड़ रहा है। गर्मियां आने तक उम्मीद है कि गगल से पुन: जयपुर, देहरादून और कुछ अन्य उड़ानें भी जुड़ सकती हैं, जबकि हेलि टैक्सी का यात्रा वृतांत भी धीरे-धीरे मंडी के अलावा कुछ अन्य स्थलों को जोडऩे का संकल्प लिए हुए है। सुक्खू सरकार एयर कनेक्टिविटी को लेकर अब तक की सरकारों से कहीं आगे निकलती हुई हेलिपोर्ट बनाने की दिशा में कई कदम ले चुकी है और शीघ्र ही यह संकल्प पालमपुर, रक्कड़, नादौन व कुछ अन्य स्थानों से हेलि टैक्सी का संचालन शुरू कर सकता है। हिमाचल में पर्यटन के हिसाब से कांगड़ा एयरपोर्ट का सपना पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कुछ आरंभिक निर्णय लिए हैं और बजटीय प्रावधान से वह भू-अधिग्रहण के अंतिम चरण को सार्थक बना रहे हैं।

## कुछ अलग

# गारंटियां अथवा रेवड़ियां

**अभी** जारी विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री मोदी ने भी खूब 'गारंटियां' बांटी हैं। उन्होंने भरोसा भी दिया है कि उनकी गारंटियों के मायने हैं कि काम निश्चित तौर पर होगा। कांग्रेस ने हिमाचल और कर्नाटक के चुनावों में 'गारंटी' का राजनीतिक प्रयोग किया था, जो कामयाब रहा। प्रधानमंत्री भी उनसे प्रभावित लगते हैं, लिहाजा भाजपा के घोषणा-पत्र में ऐसी गारंटियों का उल्लेख है। खुद प्रधानमंत्री ने कई चुनावी जनसभाओं में 'मोदी की गारंटी' के जरिए मतदाताओं, खासकर महिलाओं, को आश्वस्त करने की कोशिशें की हैं। कुछ गारंटियां गौरतलब हैं। किसानों को 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' के तहत 6000 रुपए सालाना उनके बैंक खातों में जमा कराए जाते हैं। ऐसे 8-10 करोड़ किसानों में 15 किस्तें बांटी जा चुकी हैं। उसके बावजूद भाजपा घोषणा-पत्र में वायदा किया गया है कि किसानों के खातों में 12,000 रुपए सालाना डाले जाएंगे। किसानों के संदर्भ में ही उल्लेखनीय है कि केंद्रीय कृषि मूल्य आयोग ने गेहूं और धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) क्रमशः 2275 रुपए और 2200 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किए थे, लेकिन राजस्थान और मध्यप्रदेश के भाजपा घोषणा-पत्रों में 2700 रुपए और 3100 रुपए देने का आश्वासन दिया गया है। एमएसपी केंद्र का अथवा राज्य का लागू होगा? राज्य सरकारें कितनी खरीद कर सकती हैं? किसानों के अलावा, कोई और वर्ग या समुदाय नहीं है, जिन्हें ऐसी 'गारंटियों' की सख्त जरूरत हो? भाजपा ने छात्रों को 'स्कूटी' देने की भी घोषणा की है। बेहद गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'मुफ्त अनाज योजना' को 5 और साल, यानी 2028 तक, बढ़ाने की जन-घोषणाएं खुद ही की थीं, लेकिन भारत सरकार के 'पत्र सूचना ब्यूरो' ने एक विज्ञप्ति जारी की है कि 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' को एक साल के लिए बढ़ाया गया है। इस विरोधाभास का सच क्या है? खुद प्रधानमंत्री ही सार्वजनिक मंच से इसे स्पष्ट करें। कांग्रेस ने भी 'गारंटियों' की भरमार लगा दी है। उसका आश्वासन है कि सरकारें बनीं, तो 100 यूनिट, किसी राज्य में 200 यूनिट, तक बिजली मुफ्त, किसानों के 2 लाख रुपए तक के कर्ज माफ, 3000 रुपए बेरोजगारी मासिक भत्ता, घर की मुखिया महिला को 15,000 रुपए सालाना, एक लाख सरकारी नौकरियां दो साल में छत्तीसगढ़ में और 2.5 लाख सरकारी नौकरियां पांच साल में राजस्थान में, मुफ्त स्वास्थ्य योजना आदि की लंबी फेहरिस्त है। अनसुलझा सवाल है कि किसे 'गारंटी' माना जाए अथवा क्या 'मुफ्तखोरी की रेवड़ी' है? क्या दोनों ही देशहित में नहीं हैं? फिर 'कल्याणकारी राज्य' की परिभाषा क्या है? क्या सामाजिक सुरक्षा देना सरकार का दायित्व नहीं है? कई सवाल हैं। प्रधानमंत्री मोदी कई बार चिंता और सरोकार जताते हुए राज्य सरकारों को चेता चुके हैं कि इन 'मुफ्तखोरी की रेवडियों' से देश की अर्थव्यवस्था बिगड़ सकती है। राज्य सरकारों पर कर्ज के बोझ पहले से ही बहुत ज्यादा हैं, लेकिन सवाल प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी भाजपा पर भी हैं।

## एआइ के जरिए डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं

# डीपफेक के इस दौर में 'आंखों देखी' घटना पर भी भरोसा नहीं किया जा सकता

ललित गर्ग

> कृत्रिम बुद्धि, कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जो मशीनों और सॉफ्टवेयर को बुद्धि के साथ विकसित करता है। 1955 में जॉन मैकार्थी ने इसको कृत्रिम बुद्धि का नाम दिया। कृत्रिम बुद्धि अनुसंधान के लक्ष्यों में तर्क, ज्ञान की योजना, सीखने, धारणा और वस्तुओं में हेरफेर करने की क्षमता, आदि शामिल हैं।

**डीपफेक** व्यक्तिगत जीवन से आगे बढ़ कर अब राजनीतिक एवं वैश्विक सन्दर्भों के लिये एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इक्कीसवीं सदी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस या एआई) तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है, एआइ के जरिए डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं। गलत सूचनाएं, ऑडियो-वीडियो और तस्वीरें फैलाने वालों के हाथों में एआइ ने खतरनाक उस्तरा थमा दिया है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा एवं राजनीतिक मुद्दों के साथ व्यक्तिगत छवि को घूमिल करने का हथियार बनकर अनेक चिन्ताओं को बढ़ा रहा है और बड़े संकट का सबब बनता जा रहा है। डीपफेक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी नहीं बक्शा है, उन्हें भी परेशान कर दिया है। उनका एक वीडियो इन दिनों यू-ट्यूब सहित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर खूब चर्चित हो रहा है, इसमें उनको गरबा करते दिखाया गया है। ये पूरा वीडियो डीपफेक नाम की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तैयार किया गया है। इसी तरह देश एवं विदेश की अनेक हस्तियों के अनेक अश्लील एवं राजनीतिक डीपफेक व्यापक स्तर पर प्रसारित हो रहे हैं। डीपफेक एक ऐसी तकनीक है जिसमे आप कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद एवं तकनीक से वीडियो, तस्वीरों और ऑडियो में हेरफेर कर सकते है। इस तकनीक की मदद से आप किसी दूसरे व्यक्ति की फ़ोटो या वीडियो पर किसी और का चेहरा लगाकर उसे पूरी तरह से बदल भी सकते है। एक रिपोर्ट के अनुसार इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल लगभग 96 प्रतिशत के आसपास अश्लील सामग्री बनाने में होता है। कुछ लोग इसका इस्तेमाल अपने मर चुके रिश्तेदारों की तस्वीरों को ऐनिमेट करने में भी करते हैं लेकिन अब डीपफेक कंटेंट का इस्तेमाल देश एवं विदेश की राजनीति में भी होने लगा है। राजनीतिक पार्टियाँ अपने चुनावी प्रचार में इस तकनीक का जमकर इस्तेमाल कर रही है। आम जनता को गुमराह करने एवं बड़ी हस्तियों की छवि एवं प्रतिष्ठा को धूमिल करने में अब इस तकनीक का व्यापक उपयोग होने लगा है। अनेक फिल्मी हस्तियों विशेषतः हीराइनों की अविश्वसनीय अश्लील एवं नग्न वीडियो बड़ी संख्या में आनलाइन आसानी से देखी जा सकती हैं। पब्लिक प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद फोटोज की



मदद से आसानी से डीपफेक वीडियो बनाया जा सकता है। ऐसे वक्त में जब कोई नौसिखिया भी आसानी से फर्जी वीडियो बनाकर सच और झूठ का फर्क मिटा सकता है, किसी भी वीडियो पर झट से भरोसा ना करें क्योंकि डीपफेक वीडियोज से घिरी वर्चुअल दुनिया में आंखों देखा सबकुछ हमेशा सच नहीं होता। देश-विदेश में कई प्रतिष्ठित हस्तियां डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुकी हैं। कई विदेशी हस्तियों के भी डीपफेक वीडियो सामने आ चुके हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के डीपफेक वीडियो में तो वे रूस से लड़ रही अपनी सेना को सरेंडर करने के लिए कह रहे हैं। इजरायल-हमास युद्ध के भी कई डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डीपफेक को देश के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक बता इसके खिलाफ जनता को शिक्षित एवं सावधान करने पर जोर दिया है। भारत के लिये यह बड़ा खतरा इसलिये भी है क्योंकि भारत विविधता वाला देश है, यहां की जनता छोटी-छोटी बातों पर भावुक हो जाती है एवं भड़क जाती है। असली एवं नकली यानी डीपफेक का पता लगाने के लिये सतर्कता एवं सावधानी बरतने की अपेक्षा है। अगर वीडियो में आँख और नाक कहीं और जा रही है या वीडियो में पलक नहीं झपकाई गई है तो समझ जाइए यह डीपफेक कंटेंट है। कंटेंट की कलरिंग को भी देखकर पता लग सकता है कि तस्वीर या वीडियो में छेड़छाड़ हुई है। ढेरों चर्चित महिला हस्तियों एवं सिने कलाकारों के चेहरे डीपफेक टेक की मदद से पॉर्न वीडियोज पर लगाकर उन्हें ऑनलाइन शेयर किया जा रहा है। पॉप्युलर अमेरिकन अडल्ट साइट की ट्रेंडिंग टैग्स रिपोर्ट दिखाती है कि ऐसे वीडियोज पिछले कुछ महीने में तेजी से चर्चित हुए हैं और इन्हें व्यापक रूप में सर्च किया जा रहा है या देखा जा रहा है। इस टेक से किसी का फेक न्यूड वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल भी किया जा सकता है और ऐसे मामले सामने आए भी हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि जैसे-जैसे यह टेक्नॉलजी पॉप्युलर होगी, इसका गलत इस्तेमाल और ऐसे क्राइम भी बढ़ते जाएंगे। कृत्रिम बुद्धि, कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जो मशीनों और सॉफ्टवेयर को बुद्धि के साथ विकसित करता है। 1955 में जॉन मैकार्थी ने इसको कृत्रिम बुद्धि का नाम दिया। कृत्रिम बुद्धि अनुसंधान के लक्ष्यों में तर्क, ज्ञान की योजना, सीखने, धारणा और वस्तुओं में हेरफेर करने की क्षमता, आदि शामिल हैं। कृत्रिम बुद्धि का दावा इतना है कि मानव की बुद्धि का मशीन द्वारा अनुकरण किया जा सकता है। बिजली के बल्ब और मूवी कैमरे के आविष्कारक थॉमस अल्वा एडिसन ने कहा था कि हर नई तकनीक सुविधाओं के साथ कुछ नकारात्मक पहलू भी लाती है। नित नई तकनीक के दौर से गुजर रही दुनिया में उनका कथन प्रासंगिक बना हुआ है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है। किसी भी बात या घटना के सच होने का सबसे बड़ा सबूत उसके किसी वीडियो को माना जाता रहा है लेकिन अब चीजें बदल गई हैं। आंखों देखी पर और किसी भी तरह के डिजिटल फोटो या वीडियो पर भरोसा नहीं किया जा सकता। डीपफेक टेक्नॉलॉजी की मदद से ऐसे वीडियो बनाए जा सकते हैं कि बड़े-बड़े एक्सपर्ट्स भी गच्चा खा जाएं। सामान्य इंटरनेट यूजर शायद ही समझ पाए कि वीडियो डीपफेक है और उसमें दिखने वाला शख्स कोई और है। यह टेक्नॉलॉजी वीडियोज के साथ बिल्कुल वैसे ही काम करती है, जैसा फोटो के लिए फोटोशॉप करता है। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का एक वीडियो वायरल हो रहा है, यह वीडियो फेक (डीपफेक) है। दरअसल इस वीडियो को लेकर मेगा स्टार अमिताभ बच्चन ने भी चिंता जताई है। इस डीपफेक वीडियो पर दिल्ली महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस में मामला दर्ज कराया है। इस मामले में एक गिरफ्तारी भी हो चुकी है। अब काजोल का भी डीपफेक सोशल मीडिया पर आ गया है। इसमें उनको कपड़े बदलते दिखाया गया है। इसमें ओरिजनल वीडियो ब्रिटिश सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रोजी ब्रीन का है। उन्होंने ये वीडियो टिकटॉक पर 'गेट रेडी विद मी' सीरीज के लिए बनाया था।

# बाजारों में मुस्कुराहट का परिदृश्य

> घरेलू निवेशकों के दम पर शेयर बाजार लगातार बढ़ रहा है। देश में रोजमर्रा के उपयोग के सामान (एफएमसीजी) की मांग में भी वृद्धि हो रही है। देश में महंगाई पर नियंत्रण बाजारों में मुस्कुराहट का प्रमुख कारण है। यकीनन यह कोई छोटी बात नहीं है कि इन दिनों वैश्विक खाद्यान्न संकट से वैश्विक महंगाई बढ़ी हुई है और दुनिया के बाजार ढहते हुए दिखाई दे रहे हैं, वहीं ऐसी प्रतिकूलताओं के बीच भी भारत के बाजारों में रौनक दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि अक्टूबर 2023 में प्रकाशित केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक थोक एवं खुदरा महंगाई के सूचकांक महंगाई में कमी का संकेत दे रहे हैं। घरेलू निवेशकों के दम पर शेयर बाजार लगातार बढ़ रहा है। देश में रोजमर्रा के उपयोग के सामान (एफएमसीजी) की मांग में भी वृद्धि हो रही है। देश में महंगाई पर नियंत्रण बाजारों में मुस्कुराहट का प्रमुख कारण है। यकीनन यह कोई छोटी बात नहीं है कि इन दिनों वैश्विक खाद्यान्न संकट से वैश्विक महंगाई बढ़ी हुई है और दुनिया के बाजार ढहते हुए दिखाई दे रहे हैं।

**इस** समय दीपावली त्योहार से देश के शहरी और ग्रामीण बाजारों में शुरू हुआ बढ़ती मांग का परिदृश्य लगातार आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। इस समय देश की कंपनियों का मुनाफा भी बढ़ गया है। घरेलू निवेशकों के दम पर शेयर बाजार लगातार बढ़ रहा है। देश में रोजमर्रा के उपयोग के सामान (एफएमसीजी) की मांग में भी वृद्धि हो रही है। देश में महंगाई पर नियंत्रण बाजारों में मुस्कुराहट का प्रमुख कारण है। यकीनन यह कोई छोटी बात नहीं है कि इन दिनों वैश्विक खाद्यान्न संकट से वैश्विक महंगाई बढ़ी हुई है और दुनिया के बाजार ढहते हुए दिखाई दे रहे हैं, वहीं ऐसी प्रतिकूलताओं के बीच भी भारत के बाजारों में रौनक दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि अक्टूबर 2023 में प्रकाशित केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक थोक एवं खुदरा महंगाई के सूचकांक महंगाई में कमी का संकेत दे रहे हैं। हाल ही में प्रकाशित थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़ों के अनुसार सितंबर 2023 में थोक मुद्रास्फीति दर लगातार छठे महीने शून्य से नीचे घटकर सितंबर में .0.26 प्रतिशत दर्ज की गई। अगस्त महीने में थोक महंगाई दर पांच महीने के उच्च स्तर .0.52 फीसदी पर पहुंच गई थी। माह सितंबर में रासायनिक उत्पादों, खनिज तेल, कपड़ा, बुनियादी धातुओं और खाद्य उत्पादों की कीमतों में गिरावट थोक महंगाई के कम होने का प्रमुख कारण है। ज्ञातव्य है कि थोक मूल्य सूचकांक थोक में बेचे और कारोबार किए गए सामानों की कीमतों में बदलाव का मूल्यांकन करता है। इसी तरह देश में खुदरा महंगाई में भी कमी आई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के अनुसार जुलाई 2023 में जो खुदरा महंगाई दर 15 महीने के उच्चतम स्तर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई थी, वह अगस्त 2023 में घटकर 6.8 फीसदी और सितंबर में 5.02 फीसदी के स्तर पर आ गई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में यह कमी इस बात सूचकांक से तय होने वाली इस दर में अनाज, सब्जी, परिधान, फुटवियर, आवास एवं सेवाओं की कीमतों में आई गिरावट की वजह से हुई है। साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की मुठ्ठियों में सरकारी योजनाओं का अधिक पैसा आया है। लेकिन महंगाई की आशंका के मद्देनजर सरकार महंगाई नियंत्रण के लिए रणनीतिक कवायद करते हुए दिखाई दे रही है। 6 नवंबर को केंद्र सरकार ने भारत आटा नाम ब्रांड से देशभर में 27.50 रुपए प्रति किलोग्राम की दर पर गेहूं के आटे की ब्रिकी शुरू कर दी है। 28 अक्टूबर को महंगाई रोकने के मद्देनजर केंद्र सरकार ने वायदा कारोबार पर अंकुश के लिए एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। इसके तहत सेबी ने सात तरह की एग्री कमोडिटी के वायदा कारोबार पर पाबंदी को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। इनमें गेहूं, सरसों, चना और मूंग जैसे अनाजों के साथ ही तिलहन में सोयाबीन, क्रूड पाम (सीपीओ) के साथ गैर बासमती ट्रेडिंग शामिल है। इन सभी एग्री कमोडिटी के वायदा कारोबार पर दिसंबर 2024 तक पाबंदी जारी रहेगी। अभी दिसंबर 2023 में पिछले आदेश के अनुसार प्रतिबंध खत्म हो रहा था। उल्लेखनीय है कि खाद्य वस्तुओं की महंगाई कोविड के दौर में तेजी से बढ़ी थी। इसके बाद सरकार ने सोयाबीन के बाद गेहूं, चना और अन्य तेल के वायदा कारोबार पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार का उद्देश्य वायदा कारोबार में मनमानी तेजी-मंदी को रोककर हाजिर बाजार में स्थिरता लाना है। इसी तरह देशभर में प्याज की आपूर्ति में कमी के कारण प्याज के खुदरा मूल्य के ऊंचाई पर पहुंचने के मद्देनजर 28 अक्टूबर को केंद्र सरकार ने प्याज के बढ़ते मूल्य पर अंकुश लगाने और घरेलू बाजार में पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए प्याज पर न्यूनतम निर्यात मूल्य तय कर दिया है। अब 800 डालर प्रति टन से कम मूल्य पर प्याज का निर्यात नहीं किया जा सकेगा। यह न्यूनतम निर्यात मूल्य 31 दिसंबर 2023 तक के लिए तय किया गया है। सरकार ने कीमतों पर अंकुश के लिए बफर स्टाक से कम मूल्यों पर प्याज की खुदरा बिक्री भी बढ़ा दी है। केंद्र सरकार ने बफर के लिए अतिरिक्त 2 लाख टन प्याज की खरीद की भी घोषणा की है। गौरतलब है कि सरकार महंगाई नियंत्रण के लिए मौद्रिक आयात नियंत्रण और स्टॉक सीमा निर्धारण के उपायों को भी अपना रही है। 6 अक्टूबर को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगातार चौथी बार नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय लिया है। खुदरा महंगाई के तय दायरे से अधिक होने के कारण रिजर्व बैंक ने यह फैसला लिया है। वस्तुतः रेपो रेट वह दर है जिस पर बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए आरबीआई से ऋण लेते हैं। जब महंगाई ज्यादा होती है तो आरबीआई रेपो रेट बढ़ाकर अर्थव्यवस्था में मुद्रा प्रवाह को कम करने की रणनीति अपनाता है। आरबीआई के रेपो रेट स्थिर रखने के फैसले से फिलहाल मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में कोई बदलाव नहीं होगा और महंगाई में नरमी आएगी। केंद्र सरकार ने विगत 29 अगस्त को घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम 200 रुपए घटाकर भी बड़ी राहत दी है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश में खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण महंगाई को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार और आरबीआई कई प्रयासों के साथ आगे बढ़े हैं। केंद्र सरकार के द्वारा खाद्य पदार्थों के निर्यात पर लगातार सख्ती बरती जा रही है। पिछले साल 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद कम उत्पादन के कारण गेहूं के निर्यात पर जो पाबंदी लगाई थी, वह अब तक जारी है।



## दृष्टिकोण

# चुनावी वादे कितने खरे....आंकड़ों के खेल में झांकने का अवसर

**विधानसभा** चुनावों के दौरान वादों की फेहरिस्त काफी लंबी हो चली है। 12वीं पास को स्कूटी, केजी से पीजी तक फ्री शिक्षा, न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,700 या 2,900 रुपये क्विंटल के अलावा बोनस की भी अतिरिक्त व्यवस्था की जाएगी। लेकिन केंद्र सरकार द्वारा पिछले दस साल में किए गए चुनावी वादे कहां तक पूरे हो पाए? नरेंद्र मोदी जैसे प्रभावी नेता और पूर्ण बहुमत की सरकार के बावजूद दस साल का हिसाब-किताब लगाना जरूरी है। आंकड़ों के खेल से देश को भ्रमित करना भले जारी रहे, पर कोरोना के रूप में वैश्विक महामारी हो या आर्थिक मंदी का दौर, पूर्वोत्तर राज्यों में घरेलू स्तर पर बढ़ती हिंसा हो, पड़ोसी राज्यों के साथ बढ़ता सीमा विवाद या कूटनीतिक रिश्ते, देश में बेरोजगारी की बढ़ती समस्या हो या किसानों की बढ़ती आत्महत्या-मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल ही दिखी है। आज भी देश को कृषि, रोजगार, अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय संबंध और आंतरिक सामाजिक-असामंजस्य की समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है। वर्ष 2004-05 में कृषि, वानिकी और मछली पकड़ना सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 21 प्रतिशत था। पिछले 18 साल में यह घटकर करीब 16 फीसदी रह गया है। लेकिन खेतों में कार्यबल की संख्या में उस हिसाब से गिरावट नहीं आई है। कृषि देश में करीब 55 प्रतिशत कार्यबल को रोजगार देती है। इस क्षेत्र में अनुमानित 26 करोड़ लोग काम कर रहे हैं। यानी करीब 55-57 प्रतिशत आबादी की कृषि पर निर्भरता है, जो नरेंद्र मोदी सरकार के दौरान लंबे समय से संकट में है। मोदी सरकार के तमाम दावों के बावजूद किसानों को उनकी खेती से लाभकारी मूल्य तो दूर, पारिश्रमिक भी नहीं मिल पा रहा। जी-20 समिट के दौरान किए गए कृषि व्यापार समझौते से किसानों की परेशानी और बढ़ गई है, क्योंकि अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते के अनुसार, सरकार ने कई कृषि उत्पादों और पोल्ट्री उत्पादों पर आयात शुल्क कम कर दिया है, जिससे खासकर जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के सेब उत्पादकों पर संकट है। देश के 16 करोड़ किसानों पर सभी प्रकार के बैंकों का करीब 21 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है-यानी प्रति किसान कर्ज 1.35 लाख रुपये है। कृषि क्षेत्र में लगे व्यक्तियों की श्रेणी में वर्ष 2021 में 10,881 लोगों ने आत्महत्या की। इनमें 5,318 किसान थे और 5,563 खेतिहर मजदूर। उसी साल देश में जिन 1,64,033 लोगों ने आत्महत्या की, उनमें से 42,004 दिहाड़ी मजदूर थे, जबकि 4,246 महिलाएं थीं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि भारत में अभी 23 करोड़ लोग गरीबी में जी रहे हैं, जिनमें से कुछ की हालत बेहद खराब है। रिपोर्ट के अनुसार, 2005-06 से 2015-16 तक देश में गरीबी से 27.5 करोड़ लोग बाहर आए, जबकि 2015-16 से 2019-21 तक 14 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। संयुक्त राष्ट्र का आंकड़ा गांवों और शहरों में विकास की खाई को भी दिखाता है। गांवों में रहने वाले 21.2 प्रतिशत लोग गरीब हैं, जबकि शहरों में यह आंकड़ा 5.5 फीसदी है। सालाना दो करोड़ नौकरियों के वादे और 'अच्छे दिन' के नारे ने 2014 और 2019 में नरेंद्र मोदी सरकार को सत्ता में ला दिया था। लेकिन सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2016 की नोटबंदी और 2017 के जीएसटी रोलआउट के दुष्प्रभावों के कारण 2018 में करीब 1.1 करोड़ नौकरियां चली गईं।

## देश दुनीया से

# शूरवीरता की पराकाष्ठा वालोंग युद्ध

> भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री भी चीन की यात्रा पर गए थे। दोनों देशों में 'हिंदी चीनी भाई-भाई' का नारा गूंज रहा था। सन्-1954 में भारत व चीन के दरम्यान हुए 'पंचशील' नामक समझौते के तहत एक दूसरे देश पर हमला न करने की शर्त भी शामिल थी। मगर 20 अक्तूबर 1962 की तारीख जब तोहमत की तालीम में माहिर 'पीएलए' ने भारत पर हमला करके हिंदी चीनी भाई-भाई के शिगूफे की हवा निकाल दी थी। 'पीपल रिपब्लिक ऑफ चाइना' के संस्थापक 'माओत्से तुंग' ने सन्-1938 में एक इजलास में कहा था कि 'सता बंदूक की नली से निकलती है।' शायद हमारे हुक्मरानों ने चेयरमैन माओ के लहजे व नजरिए को संजीदगी से नहीं परखा। चूंकि लफ्जों की तमहीद बहुत कुछ बयान करती है। हर इनसान की फितरत में वफा नहीं होती। सन्-1950 में तिब्बत पर हमला करके चीन ने अपनी लाल सल्तनत के विस्तारवादी मंसूबों की तस्दीक कर दी थी। 25 अगस्त 1959 को नेफा के 'लौगंजू' में पीएलए ने हमला करके 'आसाम रेजिमेंट' के नौ जवानों को शहीद कर दिया था।

**अपने** दुश्मन को जानने के लिए आपको अपना दुश्मन बनना होगा' - यह कथन पच्चीसों वर्ष पूर्व चीन के अजीम सैन्य रणनीतिकार तथा 'आर्ट ऑफ वार' किताब के लेखक 'सुन त्जू' का था। चीन की 'पीपल लिबरेशन आर्मी' अपने अजदाद सुन त्जू की उसी किताब के असूलों पर अमल करती है। सन्-1950 के दशक में चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई ने चार मर्तबा भारत का दौरा किया था। भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री भी चीन की यात्रा पर गए थे। दोनों देशों में 'हिंदी चीनी भाई-भाई' का नारा गूंज रहा था। सन्-1954 में भारत व चीन के दरम्यान हुए 'पंचशील' नामक समझौते के तहत एक दूसरे देश पर हमला न करने की शर्त भी शामिल थी। मगर 20 अक्तूबर 1962 की तारीख जब तोहमत की तालीम में माहिर 'पीएलए' ने भारत पर हमला करके हिंदी चीनी भाई-भाई के शिगूफे की हवा निकाल दी थी। 'पीपल रिपब्लिक ऑफ चाइना' के संस्थापक 'माओत्से तुंग' ने सन् 1938 में एक इजलास में कहा था कि 'सत्ता बंदूक की नली से निकलती है।' शायद हमारे हुक्मरानों ने चेयरमैन माओ के लहजे व नजरिए को संजीदगी से नहीं परखा। चूंकि लफ्जों की तमहीद बहुत कुछ बयान करती है। हर इनसान की फितरत में वफा नहीं होती। सन् 1950 में तिब्बत पर हमला करके चीन ने अपनी लाल सल्तनत के विस्तारवादी मंसूबों की तस्दीक कर दी थी। 25 अगस्त 1959 को नेफा के 'लौगंजू' में पीएलए ने हमला करके 'आसाम रेजिमेंट' के नौ जवानों को शहीद कर दिया था। 21 अक्तूबर 1959 को लद्दाख के 'कोंगका' में गश्त कर रहे सीआरपीएफ के दस जवान पीएलए के हमले में मारे गए थे। सन् 1962 में चीन के हमले का केंद्र लद्दाख तथा अरुणाचल प्रदेश था। साठ के दशक के उम्दा हथियारों से लैस होकर हजारों की तादाद में चीनी सैनिकों ने 21 अक्तूबर 1962 को भारत के अरुणाचल के 'वालोंग' सेक्टर पर हमला कर दिया था। हजारों फीट की बुलंदी पर दुर्गम क्षेत्र वालोंग में चीनी सेना को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारतीय सेना की 'चार डोगरा', 'छह कुमांऊ', 'चार सिख' तथा दो व तीन 'गोरखा' जैसी बहादुर यूनिटें तैनात थीं। चीनी सेना के मुकाबले संसाधनों व हथियारों की भारी कमी के बावजूद भारतीय सैनिकों ने चीन के उस व्यापक हमले को चार सप्ताह तक रोके रखा था। भारतीय सैनिक आखिरी गोली, आखिरी सांस तक लड़े। दुश्मन को हलाक किया। चीनी सेना पर पलटवार के दौरान चार सिख बटालियन के 85 जवान वीरगति को प्राप्त हो गए थे। गोला बारूद खत्म होने के बाद सिपाही 'केवल सिंह' 'महावीर चक्र' ने अपनी राइफल की संगीन से चीन के आठ सैनिकों को काट कर शहादत को गले लगा लिया था। सिखों द्वारा चीनी सेना से छीनी गई राइफलें सिख रेजिमेंटल सेंटर में आज भी मौजूद हैं। वालोंग के उसी भीषण युद्ध में छह कुमांऊ ने दो सौ से अधिक चीनी सैनिकों को हलाक कर दिया था। लेफ्टिनेंट 'विक्रम सिंह राठौर' के नेतृत्व में छह कुमाऊं की लगभग पूरी कंपनी चीन के भयंकर हमले का सामना करते हुए बलिदान हो गई थी। छह कुमाऊं के डॉक्टर कै. बलबीर चंद चोपड़ा को युद्ध में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 'वीर चक्र' से नवाजा गया था। चार डोगरा की कंपनी के एक सौ दस सैनिकों ने वालोंग की जंग में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। कांगड़ा के 'अगोजर' गांव के सिपाही 'कर्मचंद कटोच' चार डोगरा बटालियन में सेवारत थे। 16 नवंबर 1962 को चीनी सेना पर आक्रामक कार्रवाई के दौरान कर्मचंद वीरगति को प्राप्त हो गए थे। वालोंग युद्ध के दौरान कर्मचंद सहित कई सैनिकों के शव बर्फीले हिमपात की चपेट में आ गए थे।

# उपायुक्त ने पदाधिकारियों व कर्मियों को संविधान के अनुपालन का संकल्प दिलाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** उपायुक्त अबु इमरान ने संविधान के उद्देशिका को पढ़कर पदाधिकारियों व कर्मियों को संविधान के अनुपालन का संकल्प दिलाया। संविधान दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय एवं सभी प्रखंड मुख्यालयों के वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा संविधान के अनुपालन हेतु शपथ लिया गया। समाहरणालय परिसर चतरा में उपायुक्त अबु इमरान, वरीय पदाधिकारियों, कार्यालय के अधिकारियों व कर्मियों ने संविधान द्वारा दिए अधिकारों व दायित्वों का ईमानदारी से अनुपालन करने का संकल्प लिया। समाहरणालय में पदस्थापित पदाधिकारी,अधिकारी एवं कर्मियों ने संविधान के प्रति भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के



लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को न्याय, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा, उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करनेवाली बंधुता बढाने के लिए, दृढ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई0 को एतद द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने का शपथ लिया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि संविधान दिवस हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है, जिस दिन भारत के संविधान मसौदे को अपनाया गया था। 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू होने से पहले 26 नवंबर 1949 को इसे अपनाया गया था। सरकार ने 19 नवंबर, 2015 को राजपत्र अधिसूचना की सहायता से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया था। उन्होंने संविधान दिवस की सभी को बधाई दी साथ हीं पदाधिकारियों,कर्मियों को संविधान द्वारा दिए अधिकारों व दायित्वों का कार्य में भी ईमानदारी से अनुपालन करने को कहा गया।इस मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत समेत समाहरणालय के अन्य सभी पदाधिकारी, कर्मी मौजूद थे।

# ख्रीस्त राजा त्योहार को लेकर इसाई समुदाय ने निकाली शोभायात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुआडांड़ :** 26 नवम्बर दिन रविवार को डाल्टनगंज धर्मप्रांत के संत जोसेफ चर्च महुआड़ाड में सभी बिश्वाश्यों ने बड़े फादर सुरेश किडो के साथ मिल कर ख्रीस्त राजा पर्व मनाया। प्रातः 9:00 बजे मिस्सा पूजा द्वारा पर्व की शुरुआत किया गया। मिस्सा के मुख्य अनुष्ठाता के बड़े फादर सुरेश किड़ो रहे। फादर ने लोगों को अपने संदेश में राजा ख्रीस्त की महानता को बताया। उन्होंने कहा कि हम जिस राजा को मानते हैं। वे राजा संसारिक राजाओं से भिन्न हैं। हम उस राजा के मार्ग पर चलते हैं जिसने राजा होते हुए भी सबका सेवक बना। फादर ने तीन बिंदुओं पर अपनी विचार व्यक्त किया। येसु सबके लिए समान है। सबसे बराबर प्यार करता है। हम सभों को भी येसु ने जीने के लिए प्यार का रास्ता दिया है। हमें सभी से प्यार करना चहिए, प्यार सभी सामाजिक बुराई को दूर कर सकता है इस लिए अपने जीवन में सभों से प्यार करें। निस्वार्थ सेवा येसु ने लोगों की निस्वार्थ सेवा की, निस्वार्थ सेवा कभी भी जाति, धर्म, लिंग नही देखता है। येसु ने हमे यह उदाहरण दिया है, की हम सबों की सेवा करें अपने आस पास जितने भी लोग हैं जिन्हें हमारी सेवा की जरूरत है सेवा करें। ईमानदार और नम्रता का जीवन हम सभी को जीना चाहिए येसु अपने जीवन में हमेशा नम्रता रहे।

# एनटीपीसी से निर्मित जलमीनार एक वर्ष से खराब, नदी कुआं का पानी पीने को ग्रामीण हैं विवश



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा में संचालित एनटीपीसी अपने क्षेत्र के प्रभावित गांवों में विकास के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च का दावा किया करती हैं। लेकिन एनटीपीसी के छह गांव के जमीन पर प्लांट खडा कर करोड़ों अरबों कमाने वाली प्लांट के हक़ीक़त कुछ और ही बया करती हैं। कई गांव में आज भी विकास की रोशनी नहीं पहुंच पाई है। परियोजना के आला अधिकारी कई दावे भी करते हैं लेकिन प्लांट से महज एक किलो मीटर की दूरी पर स्थित नईपारएम दुन्दुआ गांव के लोग आज भी पानी,सड़क बिजली से वंचित हैं। यहां के लोगो को पानी के लिए जलमीनार तो बना दिया गया परंतु जलमीनार खराब हो जाने के बाद, लोगो के शिकायत के बाद भी संबंधित अधिकारी कोई सुध नही ले रहे है। जिसका खामियाजा, गांव के लोगो को नदी कुआं का गंदा पानी पी कर भुगतना पड़ रहा है। मीडिया के कैमरे में कैद हुई तस्वीरें विकास के दावों को मुंह चिढ़ाती नजर आती हैं। यहां के लोगों को मूलभूत सुविधाएं तक नसीब नहीं है। एनटीपीसी से खराब पड़े जलमीनार को दुरुस्त कर बनाने की मांग के बाद भी एनटीपीसी नही बना पाई है।

# पूर्व बीडीओ प्रताप टोप्पो का हुआ आकस्मिक निधन



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड कार्यालय में 2017 से लेकर 2021 तक पद स्थापित रहे प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रताप टोप्पो का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर टंडवा प्रखंड कार्यालय कर्मी सहित प्रखंड क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है। दिवंगत श्री टोप्पो बहुत ही कार्य कुशल एवं मृदु भाषी व्यक्ति थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में टंडवा प्रखंड क्षेत्र में चहमुखी विकास का कार्य किया। खासकर गरीब गुरवे लोगों के कोई भी कार्य को लेकर हमेशा सक्त नजर आते थे। उनके इस तरह के कार्यों का पूरा प्रखंड क्षेत्र में गुणगान हुआ करता था। करोना काल में उनके द्वारा किए गए बहुमूल्य कार्यों का आज भी लोग सराहना करते हैं। मिली जानकारी के अनुसार श्री टोप्पो विगत कई दिनों से बीमार चल रहे थे, उनका इलाज वेल्लोर में किया जा रहा था। परंतु इलाज के दौरान ही शनिवार की रात उन्होंने अंतिम सांस ली।

# हंटरगंज में संविधान दिवस पर निकाली गई प्रभात फेरी, जय भीम के नारो से गूंजा बाजार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हंटरगंज :** प्रखण्ड में भीम आर्मी के द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज हंटरगंज पानी टंकी से बाजार होते हुए रैली की शक्ल में कोऑपरेटिव बैंक मोड़ तक पहुंचा। जिसके बाद पुनः लौटकर किसान भवन में एक सभा में तब्दील हो गया।सभा की अध्यक्षता जिप अध्यक्षा ममता देवी तथा संचालन राजू दास ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सह केंद्रीय मंत्री नागमणि मौजूद कार्यक्रम में शामिल हुए। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी उपस्थित थीं। कार्यक्रम का शुरुआत डा बाबा भीमराव अंबेडकर के तैल चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद बारी-बारी से संविधान दिवस पर लोगों ने प्रकाश डाला। बक्ताओ ने संविधान के बदौलत ही जनप्रतिनिधि सरकारी



नौकरी में भागीदारी सुनिश्चित होने की बात कही। पूर्व सांसद एवं केंद्रीय मंत्री नागमणि ने कहा कि बाबा साहब ने जो दलित पिछड़ा एवं कमजोर वर्ग के लोगों के लिए संविधान में जगह दिया है। उसे हम लोगों को बचाकर रखना होगा। उनका सपना तभी सहकार होगा जब आप शिक्षित होगें। जिप अध्यक्षा ममता कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान के बदौलत हीं आज महिलाओं को हर जगह बराबरी के अधिकार मिल रहे है। प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी ने सभा को संबोधित करते हुए कि संविधान में बाबा साहब ने जिस तरह से सभी लोगों को समान अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया आज भी उसकी जरूरत महसूस की जा रही है। हम सभी को संविधान बचाने के लिए एकजुट होना होगा आज संविधान पर खतरा मंडरा रहा है। कार्यक्रम को पूर्व मुखिया दिलीप कुमार, जय हिंद पासवान, कृष्ण सिंह, फेकू राम, जगन्नाथ पासवान, सुरेश पासवान, बेचन पासवान, पिंटू दास, सुनील दास, मुखिया डोमन भुईया, लखन दास, रामविलास दास सहित दर्जनों लोगों ने संबोधित किया।

# जनहित मुददों पर आजसू की समीक्षा बैठक में पहुंचे देवशरण भगत लातेहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** रविवार को माको डाक बंगला में समिक्षा बैठक रखा गया जिसकी अध्यक्षता आजसू जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय के द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय प्रवक्ता डॉक्टर देवशरण भगत जिला प्रभारी लाल गुड्डू नाथ सहदेव भोक्ता समाज उमेश भोक्ता शामिल हुए। इस बैठक में मुख्य रूप से लातेहार में आजसू पार्टी के विस्तार एवं जनहित के मुददों पर विशेष चर्चा हुई। आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि लातेहार में आजसू पार्टी लगातार जनहित के मुददों पर संघर्ष कर रही है जिले में विस्थापन बेरोजगारी भरस्टाचार से लोग त्रस्त हैं जिले के युवा बाहर पलायन कर रहे हैं सरकार आपके द्वार कार्यक्रम कर मुख्यमंत्री लोगों को बेवकूफ बनाने में मशगूल है। सरकारी कार्यालयों में कोई



भी अधिकारी से मिलने के लिए दलाल कि जरूरत पड़ रही है लग रहा है कि दलाल ही सरकार को चला रहे हैं। लातेहार जिला प्रभारी गुड्डू लाल नाथ शहदेव भोक्ता समाज के प्रदेश प्रभारी उमेश भोक्ता दयाशंकर झा जिला सचिव बीरेंद्र ठाकुर जिला प्रवक्ता नीतेश पाण्डे बिजेंद्र दास अमर उरांव शंकर उरांव शयाम प्रसाद अभिजीत कुमार अजीत लोहरा पंकज जयसवाल शेषनाथ पाण्डे ललन तुरी संतोष कुमार विनोद राम सरवन उरांव समी आलम अंकित कुमार अभिजीत कुमार इत्यादि सैकड़ों आजसू कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भारतीय सविंधान दिवस मनाया गया



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुंदवा में शुक्रवार को उत्साह एवं उल्लास के साथ संविधान दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य सिताराम रवी ने संविधान निर्माताओं को नमन करते हुए संविधान निर्माण में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हमारे देश के संविधान के निर्माण में दो वर्ष ग्यारह महीना अठारह दिन लगा था। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने मौजूदा संविधान को पारित किया था। इसलिए हम 26 नंवबर को संविधान दिवस मनाते हैं। विद्यालय के शिक्षक बिरेन्द्र कुमार ने छात्र- छात्राओं एवं सभी शिक्षकों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई।

# जिला समाहरणालय सभागार में अंबेडकर दिवस के अवसर पर शपथ कार्यक्रम आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** संविधान दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप के द्वारा पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारत के संविधान की उद्देशिका को सर्वोपरि रख कर उसकी भावना के अनुरूप काम करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा में संविधान के प्रारूप को स्वीकार किया था और इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। आगे उन्होंने पदाधिकारियों एवंकर्मियों से कहा आप संवैधानिक मूल्यों को आत्मसातकर उसके अनुरूप कार्य करें। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल पत्थलगडा प्रखंड की बैठक संपन्न हुई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पत्थलगड़ा :** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल पत्थलगडा की बैठक बजारटांड में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से चतरा जिला मंत्री सुधिर कुमार एंव जिला संयोजक आंकित पाण्डेय उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड उपाध्यक्ष जनार्दन दांगी व संचालन प्रखण्ड मंत्री मृत्युंजय कुमार ने किया ।इस बैठक में पत्थलगड़ा प्रखंड के प्रखंड टोली एवं पंचायत टोली के साथ-साथ दुर्गा वाहिनी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री श्री सुधिर कुमार ने बताया कि अयोध्या में हो रहे श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होना है तथा विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेतृत्व में प्रखंड के सभी गांव के प्रत्येक घरों में जाकर अयोध्या से पूजित अक्षत और राम जी का चित्र देककर आमंत्रण करना है। साथ ही जिला संयोजक ने बताया कि 7 दिनों के अंदर पत्थलगड़ा प्रखंड के सभी गांव को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की समिति से युक्त करना है। इसके लिए उन्होंने सभी पंचायत स्तर तक के पलकों की घोषणा किया गया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेतृत्व में गांव के सभी मंदिरों में जनवरी को एलइडी टीवी और अन्य माध्यमों से हिंदू जनमानस को एक जगह एकत्रित कर श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा हेतु इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह करेंगे तथा 27 फरवरी के बाद से अयोध्या में श्री राम लाल का दर्शन हेतु सभी को आमंत्रण करेंगे।

# बारियातू प्रखंड के अलग अलग जगहों पर मनाया गया अम्बेडकर दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातु :** थाना परिसर व सभी पंचायत सचिवालय के अलावा कई स्थानों पर रविवार को कार्यक्रम आयोजित कर उत्साहपूर्वक संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय संविधान के रचयिता डॉ0 भीमराव आंबेडकर सहित निर्वाचन के सदस्यों, डॉ राजेन्द्र प्रसाद, पंडित नेहरू, सरदार बल्लभ भाई पटेल, और मौलाना अब्दुल कलाम को याद किया गया। थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उपस्थित पुलिस अवर निरिक्षक व सशस्त्र बलों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना को पढ़ कर संविधान के अनुरूप सच्ची निष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलाई। दुसरी तरफ, बारियातू डाढ़ा, फुलसु, बालूभांग, गोनिया, शिबला, अमरवाडीह, साल्वे व टोंटी पंचायत सचिवालय परिसर में संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों के नेतृत्व में कार्यक्रम की गई एवं मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर के योगदान के बारे में बताया गया एवं भारतीय संविधान की प्रस्तावना को पढ़ कर संविधान की शपथ दिलाई। मौके पर पुलिस अवर निरिक्षक बिंदेश्वर महतो, सहायक अवर निरिक्षक बालेश्वर गंझु सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# एनएसएस के बैनर तले मनाया गया संविधान दिवस



**हंटरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हंटरगंज स्थित राम नारायण मेमोरियल डिग्री कॉलेज के सभागार में एनएसएस के बैनर तले संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभ आरंभ संविधान निर्माता डॉ0भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए एनएसएस पीओ डा0 फहीम अहमद ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है।भारत देश में अनेक धर्म और पंथ के लोग आजादी के साथ रहते हैं।सभी धर्मो का अपनी अपनी धार्मिक ग्रंथ हैं। सभी धर्मो के धार्मिक ग्रंथ व्यापक और बड़ा है।सभी धर्मो में जीवन शैली की व्याख्या की गई है।परंतु भारत का भारतीय ग्रंथ संविधान है जो सभी धर्मावलंबियों को अपने अंदर समाहित किए हुआ है। यही संविधान की खूबसूरती है।भारतीय संविधान लचीला होने के साथ कठोर भी है जो लोकतंत्र को सशक्त और मजबूत बनाए रखने में सहायक है।संविधान जहां व्यापक अधिकार देता है वहीं कर्तव्यों का भी बोध कराता है। जबकि एनएसएस स्वयंसेवक नीरज भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विविधताओं से भरा हुआ है जो यहां की खूबसूरती और अनमोल धरोहर है। उसने आगे कहा कि भारत वही देश है जहां अलीगढ़ की दो पहरी तो अवध की शाम नजर आती है। जहां मौलवी की अजान और पंडित की आरती यहां देखा जा सकता है। यही सदभाव बनाने में संविधान महती भूमिका निभा रहा है। यही सद्भाव की कड़ी संविधान और देश को मजबूती प्रदान करता है। इस संविधान और देश को बचाने की जिम्मवरी नवयुकों के कंधो पर है। संविधान के प्रस्तावना का शपथ छोटी सिंह ने दिलाया। जबकि पवन कुमार, शोएब आलम, गुड्डू कुमार, नाज परवीन, शुभम कुमार, गुलशन परवीन, नेहा परवीन, शाहीन परवीन ने भी संबोधित किया।

# उपायुक्त ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम व प्री रिवीजन के कार्यों का संबंधित अधिकारियों के साथ किया समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** उपायुक्त अबु इमरान ने जिले के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनो मध्यम से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 व प्री गोल्ड रिवीजन के कार्यों का समीक्षात्मक बैठक की। की बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत प्रपत्र 6,7 एवं 8 के कितने प्रपत्र प्राप्त हुए, कितने का निष्पादन हुआ और कितने लंबित है। इसकी विस्तृत जानकारी देंगे।प्रखंडवार सभी सहायक निर्वाचाक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी से लिया। वहीं प्री रिवीजन के तहत चिन्हित किए गए योग्य मतदाता, ब्लैक एंड व्हाइट फोटो, अब्सेंट, मृत्य, सिफ्टेड मतदाता के विरुद्ध प्रपत्र संकलन की समीक्षा कर अब तक लंबित पड़े प्रपत्रों को निष्पादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा प्रपत्र संकलन करने की अंतिम तिथि 9 दिसंबर है तथा संकलित प्रपत्रों का निष्पादन करने का अंतिम तिथि




26 दिसंबर है। इस लिए सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी व्यापक प्रचार प्रसार, जागरूकता कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में शिविर लगा कर शत प्रतिशत प्राप्त लक्ष्य को पूर्ण करना सुनिश्चित कर ले।इसके अलावे उपायुक्त ने जिले के विभिन्न पंचायतों में आयोजित होने वाले आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का समीक्षा करते हुए कहा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी यह सुनिश्चित कर ले की आयोजित कार्यक्रम में लाभुकों से किसी भी प्रकार के बिचौलियों द्वारा वसूली ना हो। अगर इसकी सूचना मिलती है तो बर्दास्त नहीं किया जाएगा। साथ ही कहा अबुआ आवास योजना एवं गुरूजी स्टूडेंस क्रेडिट कार्ड योजना समेत अन्य योजनाओं के लिए शिविर में आए लाभुकों को पात्रता की जांच कर उन्हें लाभान्वित करें।

# मो. अनवर हुसैन बने ऑल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस चतरा सदर प्रखंड अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** ऑल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस चतरा जिला इकाई की अहम बैठक जिलाध्यक्ष हाजी जैनुल आबेदीन की अध्यक्षता में संपन्न की गई। बैठक का आयोजन अंसार नगर स्थित मूसा मेमोरियल स्कूल में किया गया। बैठक की शुरुआत तिलावते कुरआन से की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रधान महासचिव अब्दुल्लाह अंसारी, प्रदेश कमिटी सदस्य कबीर अंसारी, युवा जिला अध्यक्ष नेसार अंसारी मौजूद थे। इस आयोजन का संचालन युवा जिला अध्यक्ष नेसार अंसारी ने किया। इस बैठक में सर्वप्रथम संविधान दिवस मनाया गया। तत्पश्चात मोमिन कांफ्रेंस को सशक्त बनाकर समाज में तेजी से फैल रही वैमनस्ता, कुरीति जैसे दहेज की कुप्रथा, शराब पर पाबंदी, शिक्षा के प्रति जागरूक बनाकर हक अधिकार को समझने वाला बनाया जाय, तथा सामाजिक क्षेत्र, राजनैतिक क्षेत्र में कैसे भागीदारी



सुनिश्चित की जाय इन्ही सब प्रमुख मुद्दों पर परिचर्चा की गई। इस बैठक में तेजी से फैल रही बुराइयों को खत्म करने हेतु जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन से भी सहयोग की अपेक्षा की गई है ।इस बैठक के बाद चतरा जिले के पूरे प्रखंड में अवामी तौर पर सूचना देकर दहेज, शराबबंदी, अशिक्षा जैसी मुद्दों को डोर टू डोर जाकर जागरूक करने का काम मोमिन कान्फ्रेंस ने फैसला लिया है।इस बैठक में सर्वसम्मति से चतरा सदर प्रखंड कमिटी का विस्तार किया गया जिसमे सर्वमसम्मती से अध्यक्ष के लिए मो अनवर हुसैन (गोढाई), उपाध्यक्ष मो रऊफ अंसारी, मौलाना इसराइल, मो एजाजुल, सचिव मो सनाउल्लाह (आरा)संयुक्त सचिव अब्दुल जब्बार(माइल), मोजाहिर अंसारी (गोदाई) कोषाध्यक्ष मो नसीम (होलमगड़ा) तथा कार्यकारिणी सदस्य के लिए मो सहजाद, मो यासीन, हाजी सलीम, अब्दुल गफ्फार, मो रियासत, मो हुसैन, मो इब्राहिम, मो साबिर,मो मिस्टर को मनोनीत किया गया।सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को गर्मजोशी से माला पहनाकर स्वागत किया गया।

# आक्रोशित ग्रामीणों ने पिकअप वैन को किया आग के हवाले



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती बरवाटोली के मड़मा गांव के समीप स्क्रैप माफियाओं के द्वारा चोरी का लोहा तार लोड वाहन को ले जाने से रोकने पर फायरिंग किये जाने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा स्क्रैप लोड पिकअप वाहन जेएच-19-ए-3686 को आग के हवाले कर दिये जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना के बाद चंदवा पुलिस की टीम भी घटना स्थल पहुंचकर पूरे मामले की जांच की व अग्रतर कार्रवाई में जुट गयी है। घटना के सम्बंध में नाम नही छापने के शर्त पर कुछ ग्रामीणों ने बताया कि विगत काफी दिनों से मड़मा, बेतर, रूद, बेलांग आदि क्षेत्र में बड़ी मात्रा में स्क्रैप माफिया हावी है। रात भर अवैध रूप से तार व लोहे की कटिंग कर माफियाओं के द्वारा ले जाकर बेचा जा रहा है। ग्रामीणों ने आगे बताया कि विरोध करने पर स्क्रैप माफिया के लोग मारने पीटने पर उतारू हो जाते हैं।ग्रामीणों की माने तो भागने के क्रम में उन लोगों ने तीन-चार राउंड फायर भी किया है। इसके बाद ग्रामीणों ने उक्त वाहन को वहीं आग लगा दी। इस संबंध में थाना प्रभारी शुभम कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है, जांच जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा किसी भी हाल में हटाने नहीं दिया जाएगा : रंजीत चन्द्रवंशी

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के जतरा मेला टांड़ में भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा स्थापित करने पर वन विभाग की कार्रवाई के ख़िलाफ़ लोगों में ख़ासा आक्रोश देखा जा रहा है। वन विभाग ने प्रतिमा को अवैध करार दिया है। मामले में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चन्द्रवंशी ने कहा कि जिस धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने अपने अदम्य साहस से अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिया। जिनके नाम पर झारखंड राज्य की पहचान है आज उनके ही प्रतिमा को अवैध करार दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वन विभाग राजनीतिक दबाव में आकर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि मामले में वन विभाग ने तब कार्रवाई की जब एक तरफ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनके गाँव आकर भगवान बिरसा मुंडा को याद कर रहे थे, उसी समय वन विभाग ने भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा को अवैध करार दिया। उन्होंने कहा कि वन विभाग अब तक प्रतिमा लगाने के आरोप में एक आदिवासी युवक, एक महिला और एक अतिपिछड़ी महिला समेत दर्जनों अज्ञात पर दो केस कर चुकी है। यदि केस वापस नहीं लिया गया तो आदिवासी समाज आंदोलन करने को बाध्य होगी। वहीं श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि जिस स्थल पर धरती आबा की प्रतिमा स्थापित की गई है उसी भूमि पर बिना एनओसी लिए चार सरकारी कार्य हुए है, लेकिन एक भी मामले में वन विभाग ने सरकारी अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं की। उक्त स्थल पर भूमि समतलीकरण, बिरसा भवन, चबूतरा और स्टेज का निर्माण किया गया है। वन विभाग को सरकारी अधिकारियों के ख़िलाफ़ कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना एनओसी लिए सरकारी कार्य कैसे हुआ। उन्होंने वन विभाग पर राजनीतिक दबाव में केस करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रतिमा स्थल बरही प्रखंड के लिए आदिवासी समाज की राजधानी जैसा स्थल बन गया है। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा स्थापित किया गया है वहाँ राज्यस्तरीय जतरा मेला लगता है।

### शिक्षक संघ ने मृत पारा शिक्षक के स्वजनों को सौंपा 20000 रु की नगद सहयोग राशि

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव प्रखंड संसाधन केंद्र अंतर्गत अंबाजीत संकुल के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मरदुसोती में कार्यरत सहायक अध्यापक ( पारा शिक्षक ) 48 वर्षीय रामजीत राम की आकस्मिक मृत्यु बीते 15 नवंबर की सुबह इलाज के दौरान रांची रिम्स में हो गई थी। उनकी मौत पर पारा शिक्षक संघ ने शोक व्यक्त किया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पारा शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद शमशेर आलम के नेतृत्व में सीआरसी अध्यक्ष रंजीत प्रसाद सिंह, नरेश यादव एवं कर्पूरी ठाकुर के सहयोग से मृतक के परिवार को बीते शनिवार को फ़िलहाल ₹20000 ( बीस हजार रुपए ) नगद सहयोग राशी सीआरसी अम्बाजीत , सीआरसी बादम एवं सीआरसी तलसवार के शिक्षकों के सहयोग से प्रदान किया। साथ ही शोकाकुल परिजन को आगे हर संभव संघ की ओर से सहयोग करने का सांत्वना दिया।दसकर्म कार्यक्रम में शामिल होकर शिक्षकों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया और मृत के आत्मा की शांति के लिए कामना की। सहायक अध्यापक शिक्षक संघ के बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम ने सरकार से मांग करते हुए कहा है कि मृतक के परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी जाए और सहायता राशि प्रदान की जाए।

### आईलेक्स पब्लिक स्कूल ने डीपीएस को 150 रनों से हराया

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग में आयोजित लक्ष्मी देवी जयसवाल मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट आईलैक्स पब्लिक स्कूल बरही ने शकरपुर डीपीएस को हराकर चैंपियन बना। आईलेक्स पब्लिक स्कूल बरही ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। 36 ओवर में 219 रन बनाए। कप्तान सावन कुमार ने कप्तानी पारी खेलते हुए शानदार 109 रन का योगदान दिया। जवाबी पारी खेलते हुए डीपीएस की टीम 26 ओवर में ही 69 रनों पर ही सिमट गई। सोनू कुमार ने सर्वाधिक 4 विकेट लिये। टीम के कोच भूषण कुमार ने इस शानदार जीत के लिए टीम को बधाई दी। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने बच्चों को बधाई दी एवं कहा कि ये तो आरम्भ है इसे मंजिल समझ कर रुक मत जाना।

### जलमीनार को विष्णुगढ़ मुखिया ने किया जनता को समर्पित

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ पंचायत अंतर्गत बढई टोला में विष्णुगढ़ मुखिया पूनम कुमारी दास ने शनिवार को सोलर जलमीनार का विधिवत पूजा अर्चना,नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के मौके पर मुखिया पूनम कुमारी दास ने कहा कि सरकार ने पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए महत्वाकांक्षी योजना चला रखी है।जिसमे पेयजल समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से जगह-जगह पर जलमीनार का निर्माण कराया गया है। यहां के ग्रामीणों को पेयजल को लेकर घोर किल्लत हो रही थी।जिससे यहां के लोगो को काफी परेशानी हो रही थी।अब यहां के ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।गर्मी के मौसम आने वाला है, जिससे इस जलमीनार से क्षेत्र के लोगों को पेयजल की समस्या से निजात मिलेगा।

### नलकारी डैम में विधायक अंबा प्रसाद ने मत्स्य बीज का किया संचयन

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नलकारी डैम में मत्स्य विभाग द्वारा बारह लाख मत्स्य बीज का संचयन किया गया। उक्त मत्स्य बीज का संचयन विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा शनिवार देर शाम को किया गया जिसमें आठ लाख आई एम सी और चार लाख ग्रास कार्प प्रजाति का मत्स्य बीज डैम में संचयन किया गया। इस अवसर पर पहुंची बड़कागांव विधायक सुश्री अम्बा प्रसाद ने कहा कि मत्स्य पालन के जरिए लोगों को रोजगार से जोड़ने की कवायद चल रही है।वहीं मत्स्य विभाग झारखंड के डिप्टी डायरेक्टर संजय कुमार गुप्ता,रामगढ़ जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार, जिला मत्स्य प्रसार पदाधिकारी धनराज आर कापसे,प्रमोद कुमार, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, तलाटांड मुखिया प्रतिनिधि पंचम मुंडा, प्रखण्ड अध्यक्ष सुजीत पटेल, असगर अली,योगेंद्र सरदार, नंदन कुमार,चंदन कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### त्रिवेणीकान्त ठाकुर साहित्य सम्मान समारोह आज

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिक्षाविद त्रिवेणी कांत ठाकुर की 13वीं पुण्यतिथि आज डीवीसी सभागार में मनाया जाएगा। इस अवसर पर इस अवसर पर विभिन्न भाषा के साहित्यकार और पत्रकार सम्मानित किए जाएंगे। समारोह के मुख्य अतिथि सीसीएफ कुमार मनीष अरविंद होंगे। जबकि समारोह के अध्यक्षता डॉ शंभू बादल करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव डॉक्टर बंशीधर रुखियार शामिल होंगे। यह जानकारी ट्रस्ट के सचिव राकेश ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि इस बार हिंदी मे विनोद राज विद्रोही, मैथिली में विजय शंकर मलिक और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले डॉ शैलेश शर्मा को पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ शम्भू बादल की पुस्तक कविता का मैथिली अनुवाद करने वाले हित नाथ झा की पुस्तक चयान मे मैथिली का विमोचन भी किया जाएगा। यह सम्मान तथा पुरस्कार 2016 से विभिन्न भारतीय भाषाओं में त्रिवेणीकान्त ठाकुर की पुण्य तिथि 27 नवम्बर को साहित्यिक समारोह में प्रदान किया जाता है। 20 साहित्यकारों को मिल चुका है अभी तक पुरस्कार सचिन ने बताया कि अभी तक ट्रस्ट ने विभिन्न भाषाओं के विकास को लेकर 20 साहित्यकारों को सम्मानित किया है।

### बरही में इतवारी छठ श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया गया

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांव में इतवारी छठ पूरे श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया गया। बरहीडीह नदी, सूर्य मंदिर नदी, बराकार नदी, बरसोती नदी, बरसोत स्थित पृथ्वीराज तालाब, चुड़ियों छठ घाट समेत बरही प्रखंड के विभिन्न जलाशयों में संध्या अर्घ्य के साथ नेक निष्ठा का पर्व छठ संपूर्ण बरही में रविवार को इतवारी छठ संपन्न हो गया। लोग भक्ति भाव में डूबे रहे। प्रखंड के विभिन्न जलाशयों में श्रद्धालुओं ने रविवार को अस्तांचलगामी भगवान सूर्य को भक्ति भाव साथ वर्तियों व श्रद्धालुओं ने अर्घ्य अर्पित किया गया। कई लोग छठ घाट गाजे-बाजे के साथ पहुंचे। पूजा अर्चना व छठ माता के गीतों से वातावरण भक्तिमय रहा।

# झारखंड राज्य अनुसूचित जाति/ जनजाति अधिकार मोर्चा परिवार ने मनाया संविधान दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड राज्य अनुसूचित जाति/ जनजाति अधिकार मोर्चा परिवार की ओर से अंबेडकर चौक स्थित हजारीबाग में भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष राजेश राम, केंद्रीय महासचिव नंदूवीर राम भुइयां ,केंद्रीय सदस्य बिहार प्रभारी दद्दन रजक ,प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश कुमार पासवान आदि उपस्थित थे । कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पासवान ने कहा 26 नवंबर 1949 को देश का संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था ,जो दुनिया का सबसे सुंदर सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संविधान भारत में लागू किया गया । जिसके तहत भारत में रहने वाले सभी लोगों को समान अधिकार दिया गया ,आए दिन देखने को मिलता है की बहुत से लोग बेवजह संविधान के खिलाफ बात करते हैं ,भारत सरकार से मांग करते हैं ।

# जी.एम. संध्याकालीन महाविद्यालय ने संविधान दिवस मनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जी.एम. संध्याकालीन महाविद्यालय इचाक ने भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार संकाय और छात्रों के बीच संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए संविधान दिवस मनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक शंभु कुमार के नेतृत्व में महाविद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने संविधान का पालन करने की शपथ ली। छात्रों को संबोधित करते हुए अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने ने प्रस्तावना का अर्थ स्पष्ट रूप से समझाया और छात्रों को इसके पीछे की भावना का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

एन.एस.एस. इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी उमेश ठाकुर द्वारा संविधान के गौरव को संजोने और महान भारतीय संविधान की विचारधारा को बनाए रखने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए संविधान के महत्व पर एक व्याख्यान दिया । व्याख्यान में महाविद्यालय के विद्यार्थी के साथ साथ एन.एस.एस. स्वयंसेवकों में पूरे जोश और उत्साह दिखाई दिया।




# हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा 500 से भी अधिक कंबल का किया जाएगा वितरण, कार्य हुआ प्रारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा गुलाबी ठंड के मौसम में गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के लिए कंबल का वितरण किया जा रहा है। पहली पाली में 500 सौ से अधिक कंबल का वितरण किया जाएगा। रविवार को बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण से वितरण प्रारंभ किया गया इसके बाद मंडई क्षेत्र के आसपास के इलाकों में कंबल का वितरण किया गया।वितरण के दौरान एक ऐसी महिला को कंबल उपलब्ध कराया गया है जिनको शनिवार को एक आयोजित कार्यक्रम के दौरान कंबल उपलब्ध नहीं हो सका था, इसके बाद यह जानकारी सोशल मीडिया पर तेजी से दौड़ने लगी, हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों की नजर पढ़ते ही महिला को घर तक जाकर कंबल उपलब्ध कराया गया। महिला मंडई उर्दू विद्यालय के पास की रहने वाली थी। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के कई इलाकों में कंबल का वितरण किया गया है।

# प्रभु यीशु के बताये रास्ते पर चलने की कोशिश करनी चाहिए : बिशप आनंद जोजो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कैथोलिक ईसाई समुदाय द्वारा ख्रीस्त राजा का त्यौहार मनाया गया । इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रभु येसु को संसार का राजा के रूप में देखते हुये उनके बताये पदचिन्हो पर चलने का प्रार्थना किया जाता है।

प्रभु येसु ख्रीस्त राजा त्यौहार के अवसर पर सुबह 10 बजे महागिरजाघर कैथोलिक आश्रम में मिस्सा पूजा के साथ प्रारम्भ हुआ मिस्सा पूजा के मुख्य अनुष्ठाता बिशप आनंद जोजो, साथ में पल्ली पुरोहित फा अन्थोनी,फा रेमण्ड सोरेंग, फा टॉमी, फा विजय, फा मनोज, फा समीर,फा सिल्वस्टर, फा संतोष, फा प्रदीप एक्का, फा राजेंद्र, फा सैजू इत्यादि ने साथ दिया दस बजे पुरे भक्ति भाव, धूमधाम से मिस्सा पूजा प्रारम्भ हुआ जिसमे कैथोलिक ईसाई समुदाय भारी संख्या में उपस्थित थे, मिस्सा पूजा के बाद बिशप आनंद जोजो के अगुवाई में शोभा यात्रा निकाला गया बिशप आनद पवित्र साक्रामेंट को आगे आगे खुले वाहन में ले कर चल रहें थे यह पवित्र साक्रामेंत प्रभु येसु के पवित्र शरीर का चिन्ह है, उनके पीछे विश्वासी कलीसिया प्रार्थना और भक्ति गीत गाते हुये और साथ में येसु हमारा राजा है वह राजाओं का राजा का नारा लगा रहें थे। शोभा यात्रा कैथोलिक आश्रम से प्रारम्भ होते हुये पीटीसी चौक, हीरा बाग़, दीपुगढ़ा चौक, हाऊसिंग कॉलोनी होते हुये डिवाइन आश्रम मरियम टोली में सम्पन्न हुआ जगह जगह पर हॉली क्रॉस विश्वासियों द्वारा झांकी भी सजाया गया था, कुछ लोग जुलुस यात्री के लिए पीने का पानी का भी स्टॉल भी लगाए थे।



# बिना समझौते छाई डेम में काम नहीं करने दिया जाएगा : विप्रसं मोर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** कटिया सरना काली मंदिर परिसर में विस्थापित-प्रभावित ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता आदित्य नारायण प्रसाद तथा संचालन कौलेश्वर महतो ने किया। बैठक में मुख्य रुप से पीवीयूएन द्वारा निर्माणाधीन पावर प्लांट में यहां के विस्थापित-प्रभावितों के स्थाई बहाली बिषय पर विस्तार से विचार किया गया। कहा गया कि मोर्चा लम्बे समय से लगातार उक्त मुद्दे पर आवाज़ उठाते आ रहा है। लेकिन बहुत दुख है कि आज तक कोई नीति नहीं बनी। नए-पुराने एजेंसी विस्थापित-प्रभावितों को शुरु से ही दरकिनार कर बाहर के लोगों को काम पर रखते आ रहे हैं। इसमें अभी प्रमुख बैगिंग इंडिया कंपनी,संतोष इंफ़्रा,आई ओ ऑन एक्सचेंज आदि हैं। शीघ्र ही बैगिंग इंडिया का घेराव किया जायेगा और बाहर के लोगों को खदेडा जायेगा। कहा गया कि छाई डैम में बिना समझौता के काम नहीं करने दिया जायेगा। अगला सप्ताह 03 दिसम्बर

# शिवपुर गड़लाही में संविधान दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही स्थित संत रविदास कल्याण समिति के तत्वाधान में संविधान दिवस के शुभ अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर,प्रस्तावना का पाठ किया गया,मौके पर स्थानीय मुखिया मनोज कुमार ने कहा कि हमें बाबा साहब के द्वारा बनाए गए संविधान के अनुरूप चलना चाहिए हम सभी को संविधान का पालन करना चाहिए,हमे सदैव एक दूसरे का सहयोग कर देश की तरक्की में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए,हमें सदैव सभी के धर्म का सम्मान करना चाहिए। मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी पुरान राम ने कहा कि आज संविधान दिवस हैं जो हर भारतीय के लिए गर्व का दिन है,हमारा संविधान सर्वोपरि संविधान और कानून से बढ़कर कोई नहीं है।मौके पर विजय राम, अजय प्रजापति,विनोद कुमार,रामजी साव, अमरदीप राम,दिनेश राम,कुलदीप राम दिनेश रविदास,सोनू कुमार,अमरेंद्र राम, रौशन कुमार,मनोज कुमार, कमलेश राम, तुलसी पंडित,मोहन प्रजापति,बंगाली राम, सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# डालसा की ओर से केदारुत, गौरियाकरमा, करसो, खोड़ाहर व पंचमाधव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग के सचिव गौरव खुराना के दिशा निर्देश के आलोक में हजारीबाग जिला के बरही प्रखंड अंतर्गत गोरिया करमा, खोड़ाहर, केदारुत, करसो, पंचमाधव में विधिक सेवा के तहत लोगों को मोटर व्हीकल एक्ट, डॉमिस्टिक वायलेंस, चाइल्ड वेलफेयर एंड चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट, दहेज प्रथा एक्ट, पोक्सो एक्ट, लेबर लॉज एक्ट, फंडामेंटल राइट्स के बारे में अधिवक्ता वासुदेव राणा, पीएलवी हरेंद्र कुमार राणा व पंकज कुमार ने लोगो को विस्तृत जानकारी दी। जानकारी देते हुए कहा कि कानून का जानकारी होना अति आवश्यक हैं। कानून का जानकारी नही होने से लोग किसी की बातों में आकर अपनी जमा पूंजी गवा देते है। साथ ही बच्चों एवं बच्चियों को सही शिक्षा देने से समाज, परिवार और देश सशक्त एवं सबल बनता है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत बिना ड्राइविंग लाइसेंस के किसी भी प्रकार का व्हीकल चलाना कानूनन अपराध है। अगर किसी भी कारण कोई दुर्घटना होता है तो व्हीकल के ऑनर पर ही कानूनन करवाई की जाती है। झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार 100 दिनों तक चलने वाला विधिक जागरूकता अभियान हजारीबाग जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। यह अभियान 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 100 दिनों तक चलेगा। जिसका प्रथम चरण समाप्त हो चुका है। जिसके अंतर्गत हजारीबाग जिले के सभी प्रखंडों के गांवो में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। वर्तमान में बरही, चौपारण, बरकट्ठा, पदमा एवम चलकुशा में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश सिन्हा के देखरेख में चलाया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत कई लोग विधिक जागरूकता अभियान से लाभान्वित किया जा चुंका है। लाभुको द्वारा कई आवेदन भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव के नाम से प्राप्त हो रहा है।मौके पर केदारूत मुखिया सरिता देवी, मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, गोरियाकरमा मुखिया कुमारी मीरा, मुखिया प्रतिनिधि रजनीकांत ओम, वार्ड सदस्य बिनोद कुमार, दीपक साव, सुजीत कुमार सिंह, बिरेन्दर कुमार सिंह, ममता देवी, रेणु देवी, यशोधा कुमारी, अंजू कुमारी, राधा देवी, अली हसन वारिस, रंजीत सिंह, विजय मेहता, उमेश सिंह, महेंद्र गोप, रिंकू भुईया, राकेश कुमार, रामचंद्र महतो, रामजीवन पासवान, सनोज चंद्रवंशी, ब्रजकिशोर ठाकुर, अन्य ग्रामीण सब मौजूद रहें।

# दौलत महतो बीएड महाविद्यालय में दो दिवसीय जनजाति शिक्षा सेमिनार का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के बनासो, दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में जनजाति के उत्थान एवं उनसे जुड़ी समस्याओं से सम्बंधित दो दिवसीय संगोष्ठी के प्रथम दिन मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार नायक,विशिष्ट अतिथि बी.बी मल्लिक,महाविद्यालय सचिव गौरव पटेल,महाविद्यालय सह-संस्थापक स्व.रामप्रकाश भाई पटेल की धर्मपत्नी गीता पटेल,प्राचार्य सुनील कुमार चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। संगोष्ठी कार्यक्रम का संचालन डॉ. ओमकारनाथ शर्मा ने किया। इस संगोष्ठी के दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार नायक ने कहा कि दो दिवसीय संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य ही जनजाति समुदाय के उत्थान के प्रयास को ही दर्शाता है। जैसा कि हमसभी जानते है,झारखण्ड में संथाल ,उराँव आज की तारीख में शिक्षा से जुड़कर ज्यादातर मुख्यधारा से जुड़ चुके है,परन्तु मुंडा, बिरहोर आदि जनजाति अभी भी शिक्षा एवं स्किल डेवलपमेंट में काफी पिछड़े है। जिसकी वजह से आज भी इनकीं स्थिति ठीक नही है। दौलत महतो बीएड महाविद्यालय मे आयोजित संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य यहाँ पर प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षु एवं प्रशिक्षक अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए उन पर शोध करें,उन्हें जागरूक करें ।

# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विधायक ने परिसंपत्ति का वितरण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत सीकरी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद, प्रमुख फुलवा देवी, बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, सीओ बालेश्वर राम व उपस्थित अन्य लोगों के हाथों दीप प्रज्वलित कर किया गया। राज्य सरकार के द्वारा संचालित कई विकास योजनाओं का स्टॉल लगाया गया ।

सभी स्टॉल में आवेदकों की भीड़ देखी गई। दर्जनों आवेदन का निपटारा शिविर में ही किया गया। उपस्थित विधायक व अन्य लोगों के द्वारा परिसंपत्ति, कंबल, धोती साड़ी, मृत्यु प्रमाण, जन्म प्रमाण पत्र, वृद्धा पेंशन प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान अबुआ आवास योजना के लिए आवेदको की भीड़ देखी गई। जेएलएसपीएस के द्वारा महिला समूहों के बीच 55 लाख रू 50000 का ऋण वितरण किया गया। मौके पर विधायक ने लोगों से कहा कि हेमंत सरकार के द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं। राज्य में विकास कार्य किए जा रहा है। यह शिविर आप लोगों के लिए ही लगाया गया है अधिक से अधिक लोग शिविर में आए अपने समस्याओं को सरकार के द्वारा दूर कराने का प्रयास करें। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, उपप्रमुख वचनदेव कुमार, मुखिया प्रभु महतो, पंसस सुषमा देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईया, कल्याण पदाधिकारी भास्कर राज, आशीष पासवान दीपक कुमार, डीलर संघ अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता, कृष्णा सिंह, सुरेश महतो, संजय महतो, अरुण महतो के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

# सेना बहाली के लिए युवाओं को तैयार करेगा अदाणी फॉउंडेशन, स्क्रीनिंग में 46 सफल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत बड़कागांव प्रखंड के युवाओं के लिए अदाणी फॉउंडेशन ने एक नयी पहल की है। प्रखंड के वैसे युवा जो भारतीय सेना (पैरामिलिट्री, अग्निवीर, सीआरपीएफ, बीएसएफ आदि ) और पुलिस समेत अन्य नौकरियों के लिए इच्छुक हैं, उन्हें आवश्यक शारीरिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही नौकरी के लिए होने वाली लिखित परीक्षा की तैयारी भी कराई जाएगी।

इस कड़ी में शुक्रवार से युवाओं के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट की शुरुआत कर दी गयी है। बड़कागांव हाई स्कूल मैदान में स्क्रीनिंग कैम्प के पहले दिन हरली, गाली, बलोदर, सुकुल खपिया, साढ़, शिवाडीह, ढेंगा और महुगाई कला के 160 युवाओं ने हिस्सा लिया। इन सबकी लम्बाई, सीना और वजन की माप की गयी, जिसके बाद इन युवाओं ने 1600 मीटर दौड़ में भाग लिया। दौड़ में सफल युवाओं को सिट अप्स और पुश अप भी कराया गया, जिसके बाद इन्हें ग्लूकोज, पेयजल और रिफ्रेशमेंट्स दिए गए। पहले दिन की स्क्रीनिंग में 46 युवाओं का चयन किया गया। अब इन्हें दूसरे दौर की स्क्रीनिंग में शामिल किया जाएगा, जिसके बाद इन्हें आगे प्रशिक्षण दिया जाएगा। दूसरे दौर की स्क्रीनिंग में शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच भी की जाएगी। अदाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न इलाकों में लगातार निशुल्क मेडिकल कैम्प और नेत्र जांच शिविर लगाए जाए रहे हैं, जहां ग्रामीणों के इलाज के साथ-साथ उन्हें आवश्यक दवाईयां और चश्मे प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा हरली हाई स्कूल में विज्ञान और गणित विषय के शिक्षक भी नियुक्त किए गए हैं, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके और उन्हें पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। अब स्वास्थ्य और शिक्षा के बाद प्रखंड के युवाओं के रोजगार के लिए भी अदाणी फॉउंडेशन ने सार्थक पहल शुरू कर दी है।

## रॉयल एनफील्ड ने अपने बहु-प्रतीक्षित एडवेंचर टूरर-ऑल न्यू हिमालयन को लॉन्च किया



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रॉयल एनफील्ड ने ब्रांड के सबसे बड़े मोटरसाइकिल फेस्टिवल, मोटोवर्स 2023 में अपने एडवेंचर टूरर, ऑल न्यू हिमालयन का लॉन्च किया, जो क्षमता और उपयोगिता का बेहतरीन संतुलन प्रदान करता है। यह हर सड़क पर और बिना सड़क के चलने के लिए बनाई गई है। इस महीने EICMA 2023 में अनावरण के बाद ऑल न्यू हिमालयन आज से भारत में रिटेल बिक्री और बुकिंग के लिए उपलब्ध हो गई, और मार्च 2024 से पूरे यूरोप में मिलने लगेगी। इस मोटरसाइकिल की शुरुआती कीमत यूके में 5,750 और पूरे यूरोप में क5900 होगी। भारत में हिमालयन 31 दिसंबर, 2023 तक INR 2,69,000 के विशेष प्रारंभिक मूल्य में मिलेगी। ऑल न्यू हिमालयन 3 अलग-अलग वैरिएंट- बेस, पास और समिट तथा हिमालय से प्रेरित 5 रंगों- काजा ब्राउन (बेस वैरिएंट), स्लेट सीरीज में पॉपी ब्लू और हिमालयन साल्ट (पास-मिड वैरिएंट), और हैनले ब्लैक एंड कामेट व्हाइट (समिट- टॉप वैरिएंट) में उपलब्ध होगी। एशिया-प्रशांत क्षेत्र और अमेरिका को भी जल्द ही एडवेंचर के लिए तैयार हिमालयन का अनुभव मिलेगा, जिससे पूरे विश्व के राइडर्स के लिए रॉयल एनफील्ड की प्रतिबद्धता को बल मिलेगा। इस मोटरसाइकिल के लॉन्च के बारे में रॉयल एनफील्ड के सीईओ, बी गोविंदराजन ने कहा, नई हिमालयन बनाने के लिए हमने पूरी दुनिया में घूमने वाले, खोज करने वाले और एथलीटों के साथ अपने राइडिंग समुदाय के अनुभव का उपयोग किया।

## महाप्रबंधक कार्यालय में मनाया गया संविधान दिवस



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक कार्यालय में रविवार को संविधान दिवस मनाया गया। वहीं महाप्रबंधक संचालन बिनोद कुमार ने सर्वप्रथम बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किया एवं संविधान उद्देशिका को पढ़ा गया। वही मौजूद सभी लोगों ने संविधान के प्रति शपथ दिलाया गया। वही महाप्रबंधक संचालन बिनोद कुमार ने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर हमें न सिर्फ स्वतंत्र भारत का नागरिक होने का अहसास होता है बल्कि संविधान में उल्लिखित मौखिक अधिकारो से हमें अपना अधिकार मिलता है। संविधान सभा ने 26 नवम्बर 1949 को अपना कार्य पूरा कर लिया था और 26 जनवरी 1950 को यह संविधान पारित कर दिया गया। वहीं इस मौके पर एसओ प्रसनल अजय कुमार, एसओ इएंडएम अमरेन्द्र कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक देवव्रत गुप्ता, सुरक्षा पदाधिकारी एन के सिंह, युनियन की ओर से वासुदेव साव, संजय शर्मा, अर्जुन सिंह, सुखदेव प्रसाद, देवेन्द्र सिंह, कृष्णा सोरेन इत्यादि सीसीएल के कर्मचारी मौजूद थे।

## कांग्रेस ने अरगड्डा में सिरका सेल से 80 हजार गबन मजदूरों के पैसे भुगतान करने की मांग रखी



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा के कांग्रेस कार्यालय के प्रांगण में रविवार को सिरका लोकल सेल में रोजगार और मांगों को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता कांग्रेस जिला महासचिव समसुद खान व संचालन बबलू राम ने किया। बैठक में वक्ताओ ने कहां कि सिरका लोकल सेल में रैलीगढ़ा के तर्ज पर मजदूरी भुगतान करने की व्यवस्था हो। जबकि मांग किया कि मजदूरों का सेल से 80 लाख रुपए गबन पैसे दिए जाएं। लोकल सेल सिरका में कांग्रेस को भागीदारी मिले, जिससे बेरोजगार युवाओं के हाथों को रोजगार से जोड़ा जा सकें। मौके पर दीपक कुमार, विक्की कुमार, तबारक अंसारी, दीपक भुईयां, जुगेश कुमार, हसन अंसारी, असगर अंसारी, मोहम्मद चांद, इमरान अंसारी, गुलाब आलम, सिकंदर मुंडा, विनोद टोप्पो, बिट्टू राम, शंकर बेदिया, मोहम्मद मोबारक, अभिषेक कुमार, विजय सिंह, प्रहलाद राम समेत कई युवा उपस्थित थे।

## कंजगी में फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचायत बुमरी ग्राम कंजकी के मैदान में स्वर्गीय सिकंदर बेदिया, पवन बेदिया, महेश बेदिया, सर्वन बेदिया फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 का आयोजन रविवार से किया गया। पहले ओपनिंग मैच में ठाकुर गोड़ा 11 व फुलसराय की टीम आपस में भिड़े। इसमें ठाकुर गोड़ा की टीम ने तय समय पर एक जीरो से विजय हासिल किया। इससे पूर्व खिलाड़ियों से परिचय अतिथियों के द्वारा हाथ मिलाकर किया गया। मौके पर आजसू के नेता तिवारी महतो, बुमरी मुखिया करण बेदिया, मनोज गोप, अमर बेदिया, चरण मांझी, गुड्डन गोफ, संजय नायक, बीरु बेदिया, राजू गोप, अनिल बेदिया, रामचंद्र बेदिया, तिलेश्वर बेदिया, रंजीत बेदिया आदि उपस्थित थे।

## सयाल अंबेडकर भवन में संविधान दिवस मनाया गया



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल के अंबेडकर भवन में सामुहिक रूप से रविवार को संविधान दिवस मनाया गया। यहां सभी ने बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया एवं संविधान में उल्लिखित उद्देश्यो को पढ़ा गया।वहीं इस मौके पर बिरेन्द्र पासवान, सतेन्द्र यादव, कृष्णा साव,अनुप कुमार पिंटू सिंह, सुभाष रजक, अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, सुधीर यादव,जयराम राम, रामजी राम, सुचित राम, महेन्द्र सिंह, अरविंद, सुनील,जसीम,राजनाथ, रामकृपाल आदि लोग मौजूद थे।

## कैथा महादेव मंदिर का ढलाई कार्य आरंभ



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नं 26 कैथा में महादेव मंदिर का ढलाई कार्य शुरू किया गया। मंदिर ढलाई में रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी के करकमलों से आरंभ हुआ।इस अवसर पर उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक सुनिता चौधरी ने कहा कि ग्राम वासियों का ईश्वर के प्रति अगाध श्रद्धा और आस्था ही जिसके कारण आज इस मांगलिक कार्य के अवसर पर सैकड़ों महिला पुरुष जुटे हैं।कैथा महादेव मंदिर आस्था का केंद्र बनेगा,मंदिर ढलाई के अवसर पर भगवान का पूजन कर उन्होंने क्षेत्रवासियों के कल्याण की कामना किया। वहीं मंदिर समिति अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि कैथा ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग, प्रयास और रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी के सहयोग से कैथा महादेव मंदिर का बाबा केदारनाथ धाम के प्रारूप में जीर्णोद्धार किया जा रहा है। मंदिर निर्माण को लेकर ग्रामीणों में हर्ष है इस अवसर पर अध्यक्ष राजेश कुमार महतो,सचिव राजकुमार महतो, कोषाध्यक्ष वार्ड पार्षद देवधारी महतो, सरंक्षक सुदर्शन महतो, चूनीलाल महतो, गणेश महतो, अशेश्वर महतो, सुकर महतो, संजय करमाली, डिया महतो, संदीप महतो, रामप्रकाश महतो, श्रवन कुमार, परमेश्वर महतो, सचिन महतो, सखिगोपाल महतो, जगलाल महतो, शक्ति महतो,टीकमचंद महतो, लोकनाथ महतो,घूरन महतो, देवलाल महतो, ललन सिंह,एवं समस्त ग्रामीण महिला पुरूष उपस्थित थे।

# श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश उत्सव पर रामगढ़ शहर में निकाली गई शोभा यात्रा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सतगुरु नानक प्रकट्या मिट्टी धुन जग चाणण होया, कोई बोले राम राम कोई सेवाईया आदि भजनो से रामगढ़ शहर गुंज उठा । मौका था गुरुनानक देव जी के 554वि प्रकाश उत्सव का । मौके पर रामगढ़ गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा द्वारा नगर कीर्तन सह शोभा यात्रा स्वर्गीय सरदार गुरदत् सिंह जॉली के बिजूलिया निवास से लंगर प्रसाद ग्रहण कर निकालि गयी। मौके पर भारी संख्या पर सिख बुजुर्ग , युवक,महिलाए, बच्चे शामिल हुए। यह शोभा यात्रा गुरुद्वारा मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी और सटिंदर सिंह छबड़ा के नेतृत्व मे निकाली गयी। महाराज की सवारी गाड़ी के आगे गुरु के पंज प्यारे खुली किर्पन लेकर चल रहे थे। पंज प्यारे के रूप मे सरदार कुलबीर सिंह छबड़ा, सरदार यश छबड़ा,सरदार अंगद चंदो क, सरदार विंकल कालरा और सरदार रंजीत सिंह चल रहे थे। उनके पीछे निशान साहिब की सेवा मंजोत्त कौर,रावलीन गांधी, निधी कौर, परमीत कौर और जसलीन कौर गांधी कर रहे थे। सवारी गाड़ी मे प्रसाद वितरण राजू लम्बा,पप्पू चमन,पावी कालरा,गिनी गांधी कर रहे थे एवं लोगो का अभिनन्दन एवं संचालन सरदार हरदीप सिंह कर रहे थे। शोभा यात्रा की शुरुआत मे बैंड पार्टी, उसके बाद गुरु नानक स्कूल के बच्चों का बैंड ग्रुप ,फिर स्कूल के बच्चे भारी संख्या मे गुरु नानक देव जी के नारे एवं भजन करते जा रहे थे । मुख्या आकर्षण के रूप मे आसनसोल से मोहन छबड़ा का अल्केस्ट्रा ग्रुप मंगाया गया था और जमशेदपुर से गात्का ग्रुप बुलवाया गया था । जो संगत को गुरु की बानी से नेहाल कर रहे थे और गात्का के करतब देख के रामगढ़ वासी दांतो तले उंगलिया दबा रहे थे।इसके साथ ही साथ रामगढ़ गुरुद्वारा के हजुरी रागी सारब्जीत सिंह जी भी अपने भजन से संगत को नेहाल कर रहे थे । गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के हेड ग्रंथि गुरजीत सिंह बाबाजी गुरु ग्रंथ साहिब जी की सेवा मे लीन थे और समस्त रामगढ़ वासियो के कल्याण के लिए अरदास करते जा रहे थे।गुरु महाराज के गाड़ी के आगे छावनी परिषद द्वारा पानी के टैंकर से पानी गिरा के रोड की सफाई का काम झाड़ू के साथ बड़ी संख्या मे श्रद्धालु कर रहे थे। सिख सत् संगत महाराज् की सवारी के साथ भजन कीर्तन करते जा रहे थे । ट्रैफिक का संचालन बिट्टो चंदो क , अनमोल सिंह, पलविंदर सिंह सैनी, बिट्टी छबड़ा एवं अन्य कर रहे थे। शोभा यात्रा के दौरान कई सामाजिक संस्थाओ और सिख श्रद्धलुओ ने चाय नास्ते की सेवा दी जो बिजूलिआ , फुटबॉल ग्राउंड,पुराना बस स्टैंड, लोहार टोला, पंचमुखी हनुमान मंदिर,मारवाड़ी धर्मशाला , झंडा चौक, थाना चौक, होटल पर्क, बुधिअ इलेक्टॉनिक्स इत्यादि जगह मे की गयी। शोभा यात्रा बिजूलिया , पुराना बस स्टैंड , लोहार टोला, चट्टी बाज़ार थाना चौक, सुभाष चौक होते हुए रात्रि के समय गुरुद्वारा रामगढ़ पहुंची। मौके पर सरदार रघुबीर सिंह चाबरा, बलजीत सिंह बेदी, गुल्लू आंनद, अनमोल आनंद, अनमोल सलूजा, जवनीश चाबरा, जिगर चाबरा, पाले सैनी,रामिंदर सिंह गांधी, टिट्टो चाबरा,बबलू चाबरा, अनु कालरा, राजा कालरा , इंदरजीत सिंह कालरा, इंदरजीत सिंह कोहली, पप्पू जस्सल, मनमोहन लम्बा, कुलजीत कालरा, हरपाल सिंह अरोरा आदि सिख श्रद्धलुओ के साथ सेवा दे रहे थे। 27 तरिख् को श्री गुरु नानक स्कूल रामगढ़ मे दिन का दीवान सजाया गया है जिसकी सेवा गुरु नानक स्कूल कमिटी, गुरुद्वारा कमिटी सिख् सात् संगत और नौजवान सिख युवा के साथ मिलके तैयारी कर रही है ।

## सामुदायिक सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की ओर से दिवंगत सहायक अध्यापक के परिजनों को दी गई सहायता राशि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** सामुदायिक सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा गोला प्रखंड कमिटी की ओर से दिवंगत सहायक अध्यापक स्व. सरयू प्रसाद के श्राद्ध कार्यक्रम के लिए उनकी धर्मपत्नी वीना देवी, पुत्र विश्वजीत कुमार उर्फ मंटोला एवं विनीत कुमार को उतरी छोटानागपुर प्रमंडल अध्यक्ष सह राज्य सदस्य भागवत तिवारी, प्रखंड अध्यक्ष मेहीलाल हसदा सहित प्रखंड के तमाम शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में 75000 रुपया नकद,फोन-पे के माध्यम से सहयोग राशि प्रदान की गई। इस राशि को प्रदान करने में प्रखंड क्षेत्र के बहुत सारे सरकारी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने आर्थिक सहयोग किया। संघर्ष मोर्चा वैसे शिक्षक साथी को संगठन की ओर से धन्यवाद देता है जो इस दुख की घड़ी में दिवंगत परिवार के साथ खड़े रहे । ज्ञात हो कि स्व.सरयू प्रसाद सरलाकला विद्यालय में 2002 से कार्यरत थे, वे आँखों से देख नहीं सकते थे फिर भी उन्होंने जीवन में कभी हार नही मानी और निरंतर संघर्ष करके अपने जीवन में शिक्षादीक्षा देने की अलख बच्चो के बीच जागते रहे। वे प्रखर वक्ता के साथ साथ आंग्रेजी विषय के अच्छे जानकार शिक्षक थे, कुछ दिनों से वे बीमार हो गए थे, अचानक उन्हें लकवा मार दिया, उनके अपने परिवार जनों के साथ साथ संगठन की ओर से उनके बेहतर इलाज करवाने को लेकर पूरा सहयोग किया परन्तु उन्हें नहीं बचाया जा सक क्योंकि नियति को कुछ और मंजूर था। दुर्भाग्य है कि आज सहायक अध्यापक 20-21 वर्षो से निरंतर अध्ययन अध्यापन का कार्य कर रहे है, किंतु झारखंड के सहायक अध्यापकों को किसी भी प्रकार से सरकार की और से ना तो आर्थिक सहायता, सहयोग किया जाता है ना अनुकंपा का लाभ दिया जाता है ना ही सेवानिवृत्ति के पश्चात कुछ प्राप्त होता है। सहायक अध्यापक स्व. सरयू प्रसाद के जाने का गम सभी शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को है उनकी कमी जीवन भर सहायक अध्यापकों को खलेंगी। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वाले उपस्थित सहायक अध्यापक, हितेश कुमार महतो, विजय कुमार , सुशील कुमार नारायण महतो, सुभाष कुमार महतो, दिनेश्वर कुमार महतो, शीतल महथा , देवव्रत पोद्दार, अजीत कुमार संजय कुमार आदि सैकड़ों सहायक अध्यापक शामिल थे ।

## व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में संविधान दिवस मनाया गया



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संविधान दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ परिसर में ब्रजेश कुमार गौतम, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ के मार्गदर्शन में संविधान दिवस मनाया गया। आज सभी न्यायिक पदाधिकारी के साथ व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ के सभी कर्मचारियों ने भारत के संविधान के उद्देशिका को पढ़ा। जिला जज ने बताया कि देश में आज यानि 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जा रहा है। आजाद भारत के इतिहास में 26 नवंबर की खास अहमियत है। दरअसल यही वह दिन है, जब गुलामी की जंजीरों से आजाद होकर अपने स्वतंत्र अस्तित्व को आकार देने का प्रयास कर रहे राष्ट्र ने संविधान को अंगीकार किया। इसी दिन संविधान सभा ने इसे अपनी स्वीकृति दी थी। इस वजह से इस दिन को 'संविधान दिवस' के तौर पर मनाया जाता है। भारत ने 1949 को आज ही के दिन संविधान को अंगीकार किया था। पारा लीगल वोलेंटियर्स रामगढ़ जिले के सभी प्रखंडों में आज भारत संविधान दिवस के अवसर पर लोगों के साथ मिलकर उद्देशिका को पढ़ा और लोगों को जागरूक किया।

## गरसुल्ला में किसानों के बीच विधायक अंबा प्रसाद ने खाद्य वितरण किया



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के गरसुल्ला पैक्स में रविवार को बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने किसानों के बीच खाद्य पदार्थ का वितरण किया। वहीं किसानों के बीच विधायक ने 100 क्विंटल गेहूं, 4.80 क्विंटल मसूर, 500 क्विंटल सरसों 50त्न अनुदानित दर से दिया गया, वही विधायक अंबा ने कहा कि किसानों की जो भी समस्याएं हैं उन्हें जल्द हल कर लिया जाएगा। वहीं इस मौके पर जिला परिषद गीता देवी, गरसुल्ला पैक्स अध्यक्ष रामविलास गोप,वीसीओ बड़कागांव भुपनाथ महतो, कृषि मित्र दिलेश्वर महतो, सुभाष बेदिया, महेश गंझू, गरसुल्ला पंचायत समिति प्रिया कुमारी, नरेश बेदिया, प्रेमचंद महतो, अखिलेश बेदिया,सुरेश कुमार, शशि भूषण सिंह, शंकर गोप, प्रयाग बेदिया,प्रभुदयाल बेदिया, हरिओम महतो, रोहित गोप, रामचंद्र महतो, शिव शंकर दांगी,पुर्व पैक्स अध्यक्ष जितनी देवी, स्वीटी देवी, सोहामुनी टुडू,रतनी देवी। वहीं विधायक अंबा ने खस्ताहाल सड़क के मुद्दे पर पत्रकारों को बताया कि जरजरा जुबला से लेकर गरसुल्ला तक जिला डीएमएफटी मद से दस दिनों के अन्दर सडक का अंबा प्रसाद के हाथों शिलान्यास किया जाएगा

## गोला प्रखंड कार्यालय में मनाया गया संविधान दिवस, संविधान के प्रस्तावना की दिलाई गई शपथ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** प्रखंड सह् अंचल कार्यालय गोला में रविवार को भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सांडिल्य के द्वारा कार्यालय कर्मचारियों एवं अन्य लोगों को संविधान में उल्लिखित प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। संविधान के मुल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। वो तारीख जिसे देश भर में संविधान दिवस के रुप में जाना जाता है उसी 26 नवंबर को 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अपनाया था। इसके पश्चात 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शपथ दिलाने के उपरांत कहा कि हमें अपने अधिकार एवं कर्तव्यों का भलिभाँति निर्वहन करनी चाहिए। मौके पर प्रखंड नाजिर अनुज कुमार, विजेंद्र सक्सेना, पंचायत सेवक अर्जुन महली,ईश्वर डेहरी, जनार्दन प्रसाद गोप,लेखापाल विनय कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर अनीस अख्तर, विष्णु कुमार महली सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## सांडी गांवा देवती मोड़ पर 26 को संविधान दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** 26 नवंबर 2023 को चितरपुर प्रखंड के गांवा देवती मोड़ सांडी में जे.बी.के. एस.एस के पदाधिकारीयों द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर गाजे बाजे के साथ तिरंगा फहराकर और राष्ट्रीय गीत गाकर विधिवत तरीके से संविधान दिवस मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जगेश्वर महतो नागवंशी ने किया कार्यक्रम को सूरज मुंडा, त्रिभुवन महतो, डॉ संतोष कुमार,अशोक चौधरी, सुधीर कुमार अकेला, नीरज कुमार, देवेंद्र कुमार, चेतन महतो आदि ने भी संबोधित किया अपने संबोधन में जगेश्वर महतो नागवंशी ने कहा कि संविधान हमें समानता का अधिकार दिलाता है किंतु आज भी लोग उंच-नीच और छोटे बड़े के भेदभाव से समाज में ग्रसित है जिसे शिक्षा के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है साजिश के तहत लोगों को संविधान पढ़ने से वंचित किया जाता है ताकि समाज के लोग अपने संवैधानिक अधिकारो की जानकारी से दूर रहे जो की अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जेबीकेएसएस संविधान की जानकारी घर-घर तक पहुंचाएगी ताकि आम लोग अपने हक अधिकार के लिए जागरूक हो सके और संवैधानिक अधिकार प्राप्त कर सके आज के कार्यक्रम में माथुर महतो, लुमनाथ महतो शिवलाल महतो, भूपेंद्र महतो, विजय कुमार, विरेंची महतो, राहुल कुमार, मनोज चौधरी राजकिशोर, राजू मुंडा, आशीष कुमार, कमलेश कुमार, दशरथ महतो, संजय सिंन्हा, आदि कई लोग उपस्थित थे।

## राकोमयू कार्यलय उरीमारी में संविधान दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कार्यलय में रविवार को संविधान दिवस मनाया गया।वहीं राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने सर्वप्रथम बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।वहीं राजू यादव ने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर हमें न सिर्फ स्वतंत्र भारत का नागरिक होने की अहसास होता है बल्कि संविधान में उल्लिखित मौलिक अधिकारों से हमें अपना हक मिलता है और साथ ही लिखित मूल कर्तव्यों से हमें नागरिक के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों की भी याद दिलाता है। संविधान सभा ने 26 नवम्बर 1949 में अपना काम पूरा कर लिया और 26 जनवरी 1950 को यह संविधान लागू हुआ। संविधान लिखने वाली सभा में 299 सदस्य थे जिसका अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद थें। और संविधान सभा के मसौदा समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर थें। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, महादेव बेसरा, डा जीआर भगत,कानू मरांडी,अजय मिश्रा,राम दुलार साव,सिगू मांझी, बिनोद प्रजापति, रवि पावरीया,नथू प्रसाद,अशोक कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## सौंदा बस्ती के तत्वावधान में लिफ्टर समूह की बैठक सयाल कैंटीन में हुई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल में रविवार को सेल संचालन समिति सौंदा बस्ती के तत्वाधान में सयाल डी कैंटीन में लिफ्टर समूह सौंदा बस्ती एवं दंगल सरदार की एक बैठक संपन्न की गई जिसकी अध्यक्षता नीतीश कुमार एवं संचालन रामविलास करमाली ने किया वही बैठक का मुख्य उद्देश्य सयाल डी होने वाले कोयले का उठाओ के लिए सम्पूर्ण रूप से सौंदा बस्ती एवं सरैया टोला के लोगो द्वारा लिफ्टिंग कार्य किए जाने का निर्णय किया गया तथा दंगल सरदार को उन कार्य का दायित्व सौंपा गया। वहीं सेल समिति के तरफ से कहा गया की डीओ होल्डर सौंदा बस्ती एवं सरैया टोला के प्रभावित ग्रामीण को निर्भीक होके लिफ्टिंग का दायित्व देने का काम करे समिति तथा ग्रामीणों का सम्पूर्ण सहयोग कोयला उठाओ में किया जाएगा साथ की जल्द ही माइनिंग क्लियरिंग कराने का भी निर्णय किया गया है वहीं इस मौके पर धनेश प्रसाद, अंबर कुमार, अजय प्रसाद, शिवसेवक प्रसाद, अखिलेश प्रसाद ,राजदीप प्रसाद, चत्रभुज प्रसाद, अरविंद प्रसाद निरंजन प्रसाद, भोला साव, पिंकू राज, रूपेश कुमार, शिवकुमार, सोहन साव, ललन प्रसाद , जनक प्रसाद , विक्रांत, गुप्तेश्वर, तिलेश्वर, राजेश, रवि आदि लोग मौजूद थे।

## खेल से स्वास्थ्य होता है बेहतर, कैरियर के लिए भी बेहतर विकल्प सुधीर मंगलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के सिकनी में एसपीएल क्रिकेट सीजन 2 मेगा फ़ाइनल मैच का शुभारंभ के मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर सुधीर मंगलेश ने कहा कि खेलकूद में हार जीत लगा रहता है। खिलाड़ी को लक्ष्य निर्धारित कर खेलना चाहिए। खेल जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। साथ ही खेल के क्षेत्र में भी कैरियर के बेहतर विकल्प भी है।एवं खेल से हमें अनुशासन और एकता की सीख मिलती है. खिलाड़ियों को हार से निराश नहीं होना चाहिए, हार से ही सीख मिलती है. आगे बढ़ने की भी प्रेरणा मिलती है। फाइनल मैंच विरहोन्हे बनमा सिकनी के बीच खेला गया खबर लिख जाने तक खेल जारी था।मौके पर शिव महतो संदीप कुमार रोशन कुमार रोहित कुमार जियाउल समसुल पिन्टु समसाद इंजी सलमान महफुज अंसारी व सौकंडों खेल प्रेमी मौजूद थे।

## जीएम ऑफिस में संविधान दिवस पर डॉ. राजेंद्र व डॉ. भीमराव को श्रद्धांजलि दी गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र ऑफिस के प्रांगण में रविवार को भारत के संविधान दिवस के उपलक्ष में अधिकारियों, यूनियन प्रतिनिधियों, कर्मचारियों ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि व्यक्त किया। इसके अलावे दीप प्रज्वलित कर शपथ लिया। संविधान के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए अपने कार्यों का निष्पादन ईमानदारी और देशहित में करने की बातें कहीं। अवसर पर फोटो प्वाइंट, रीड द प्रिंएमबल कियोस्क आदि व्यवस्था की गई थी। मौके पर मुख्य रूप से प्रभारी महाप्रबंधक सुजीत कुमार सिन्हा, एसओपी एमएफ हक, एन. श्रीवास्तव, पर्सनल के मनीष कुमार अंबष्टा, एसके तिवारी, यूनियन प्रतिनिधि बैजनाथ मिस्त्री, प्रशांत बेलथरिया, अवधेश कुमार उपाध्याय, बिजेन्द्र प्रसाद, शांता कुमार, मदन, दीपक कुमार, कुंजलाल प्रजापति, कर्मचारी दुर्गेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# एक निकाह ऐसा भी : 21 जोड़े हुए एक दूजे के

## ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन के द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन





प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : एक निकाह ऐसा भी÷ इसी स्लोगन के साथ केंदुआ स्थित ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन के द्वारा बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 26 नवंबर 2023 को केंदुआ नंबर 4 के ईदगाह मैदान में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां 21 जोड़े एक दूजे के हुए। आयोजकों द्वारा हज़ारों मेहमानों और बारातियों का भव्य तरीके से स्वागत हुआ और उनके खाने पीने की पूरी व्यवस्था भी की गई थी।

फाउंडेशन के अध्यक्ष हाजी गुलाम ख्वाजा के अनुसार तमाम जोड़ों को दीवान, अलमारी, फ्रीज, सिलाई मशीन, बक्सा, टेबल, कुर्सी, मिक्सर, घड़ी, पंखा, बर्तन सेट, बिस्तर सहित घर गृहस्ती के सारे सामान देकर विदाई दी गई। वहीं कार्यक्रम का संचालन कर रहे ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन के सचिव मौलाना आबिद रजा फैजी ने कहा कि यह फाउंडेशन हर साल सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन करती है और आगामी नवंबर 2024 मे भी ठीक इसी तरह विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा।

मुख्य अतिथि के रूप मे झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, मन्नान मालिक सहित अन्य उपस्थित हुए। सभी ने फाउंडेशन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसा नेक काम हर जिला हर प्रखंड में होना चाहिए, सभी को मेरी बधाई एवं शुभकामनाएं है।

इस अवसर पर विशेष रूप से हाजी ज़मीर आरिफ, निसार आलम, शाहनवाज खान, साहिर खान, सोहराब अंसारी, राशिद रजा अंसारी, संतोष सिंह, शादाब आलम, मासूम खान, अशफाक आलम आदि के एलावे कई दरगाह के सूफी संत और उलमा ए केराम व कई दलों के नेतागण एवं अनेकों प्रशासनिक अधिकारी सहित हज़ारों की संख्या मे लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे संस्था के सदस्य मो. जमील, मंजर अंसारी, मुमताज आलम, जावेद अंसारी, समाजसेवी मुनव्वर हुसैन, गुलाम अहमद रजा उर्फ राजन, मो. कलामुद्दीन, मो. निजाम, मिस्टर, शमशाद, बदरुद्दीन, सनाउल, वकार एवं केंदुआ नंबर 4 के सैकड़ों नौजवानों की सराहनीय भूमिका रही।

# संविधान दिवस : उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में अधिकारियों ने किया संविधान की प्रस्तावना का वाचन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : संविधान दिवस के अवसर पर रविवार को समाहरणालय के सभागार में उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिले के वरीय पदाधिकारियों एवं अन्य कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों एवं संविधान सभा ने जिस परिकल्पना के साथ संविधान के निर्माण में अपना योगदान दिया है उसके मूल मंत्र को अपनाने की आवश्यकता है। भारतीय संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। संविधान के मूल उद्देश्यों का बार-बार पठन करने से ही उसके मूल मंत्र का हम अपने व्यवहार एवं दिनचर्या में पालन कर सकेंगे।

हम सबको मिलकर अपने मौलिक दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प लेना है। मौके पर उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमलाकांत गुप्ता, निदेशक एनईपी इंदु रानी, विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रदीप कुमार, अंशु कुमार पांडेय, रवींद्रनाथ ठाकुर, जिला नजीर आनंद कुमार, सामान्य शाखा के असलम परवेज, जन शिकायत कोषांग के एनके कुशवाहा, जिला जनसंपर्क कार्यालय के तापस रंजन पाल सहित समाज कल्याण, आपूर्ति, कल्याण सहित अन्य शाखा के कर्मी मौजूद थे।

# भरकट्टा माहुरी वैश्य नवयुवक समिति के द्वारा आयोजित की गई राज्य स्तरीय रक्तदान शिविर

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : रविवार को भरकट्टा स्थित तुलाडीह प्रशिक्षण भवन में माहुरी वैश्य नवयुवक समिति के द्वारा राज्य स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह एवं केंद्रीय माहुरी वैश्य नवयुवक समिति अध्यक्ष संजीत तर्वे ने संयुक्त रूप से किया। इस बीच बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने स्वयं रक्तदान करते हुए लोगों से रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण रक्तदान करने पहुंचे थे, जहाँ सदर अस्पताल गिरिडीह से पहुँची टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच करते हुए लोगों का ब्लड डोनेट कराया। इस बाबत विधायक विनोद कुमार सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान हर मनुष्य को करना चाहिए, हम सब का रक्त किसी को काम आवे, उन्होंने लोगों से रक्तदान अवश्य करने का अपील किया। इस दौरान केंद्रीय नवयुवक समिति के अध्यक्ष सह आजसू जिला उपाध्यक्ष संजीत तर्वे ने बताया कि यह शिविर पूरे राज्य में माहुरी वैश्य नवयुवक समिति के द्वारा लगाया जाता है। आज का यह शिविर पांचवी बार लगाई गई है। इसके बाद मिर्जागंज में आयोजित की जायेगी। नवयुवक समिति के राकेश तर्वे और प्रेम तर्वे ने कहा कि शिविर माहुरी समाज लगाता है लेकिन खून की जरूरत पड़ने पर किसी भी समाज के व्यक्ति को हमलोग दिलवाते हैं, कहा कि खून की कमी से किसी की जान नही जाए इसका समाज भरपूर ख्याल रखता है। मौके पर कार्यक्रम में प्रमुख रामु बैठा, जिला परिषद सदस्य सूरज सुमन, मुखिया सावित्री देवी, राजकुमार नारायण सिंह, पंसस महेश शर्मा,जितेंद्र सिंह,बलराम राय,अजय राम, नितेश गुप्ता, हिमांशु लोहानी, निर्णय लोहानी, जितेंद्र सेठ, भरकट्टा मंडल अध्यक्ष अजित चरण पहाड़ी, सचिव रामचन्द्र प्रसाद, युवा मंच अध्यक्ष राकेश तर्वे, सचिव प्रेम तर्वे, कोषाध्यक्ष अमरजीत, गोलू तर्वे, सुमन वेशख्यिर, चंदन तर्वे, रितेश माथुर, महिला समिति अध्यक्ष उषा देवी , सँयोगिता तर्वे, प्रीति देवी, अनिता देवी, सुषमा सेठ, संजीव वेशख्यिर, पंकज कुमार, चंदन माथुर, अमित गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।



# अस्ताचलगामी अर्घ्य के साथ बड़का पर्व संपन्न



**बगोदर/गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बगोदर के आस पास क्षेत्र में बड़का पर्व बडी ही धुम धाम से मनाया गया । बताया जाता है की छठ की तरह ही मनाया जाता है । जिसमें शुक्रवार को नहाय खाय से शुरु हुआ शनिवार को खरना और रविवार को विभिन्न छठ घाट पहुँच कर विधि विधान पुजा अर्चना कर अस्ताचलगामी सूर्य देव अर्घ्य देकर मनाया गया । वहीं बगोदर प्रखण्ड के खेतको में जिप सदस्या रीता दे वी ने जमुनिया नदी पहुँच विधि विधान से पुजा अर्चना कर डुबते सूर्य देव अर्घ्य देकर क्षेत्र में सुख समृद्धि और शांति की कामना की इस मौके जिप प्रतिनिधि माथुर प्रसाद मनोज कुमार सुरेन्द्र कुमार महेन्द्र प्रसाद सहित बडी संख्या में श्रद्धालु बाजा ढोल लेकर पहुंचे थे।

# उसरी बचाओ अभियान के तहत बैठक और जागरुकता का कार्य लगातार जारी, जल्द होगा उसरी में पद यात्रा : राजेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह** : गिरिडीह ज़िले में उसरी नदी में जल्द बनेगा तीन छिलका डेम सदर विधायक और सीसीएल जीएम ने पर्यावरण बचाने के लिए शास्त्री नगर घाट पर बैठक की थी उसके बाद जगह भी निरीक्षण किया था,इस आस्वसन के बाद गिरिडीह की जनता काफी खुश है।उसरी नदी के प्रति जागरूकता अभियान को लेकर आज मेट्रो गली हुई,उसके सब उसरी नदी के तट पर पहुंचे, प्राइवेट कोचिंग सेंटर का संगठन के अध्यक्ष नागेंद्र सिंह के कोचिंग सेंटर में बैठक हुई।बैठक में मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता सतीश कुंदन और राजेश सिन्हा उपस्थित थे।बैठक बैठक में शिक्षक नागेंद्र सिंह ने कहा कि हम सभी कोचिंग सेंटर के संचालकों को भी जल्द एक साथ बैठक कर इस अभियान के बारे चर्चा करेंगे।ज्ञात हो कि राजेश सिन्हा भी प्राइवेट कोचिंग सेंटर के अधिकारी है उन्होंने कहा की हरेक कोचिंग सेंटर के स्टूडेंट के हजारों स्टूडेंट को उसरी बचाने के लिए पदयात्रा में सामिल होने की जरूरत है,सभी कोचिंग सेन्टर को भी जल्द आमंत्रित किया जाएगा,सिन्हा ने यह बताया कि सामाजिक संगठन,आम जनता,राजनीतिक संगठन सब को पर्यावरण बचाने में साथ आना चाहिए,जल्द हजारों की संख्या में उसरी में पदयात्रा होगी जिससे जागरूकता फैलाई जायेगी कि उसरी को दूषित नहीं करे,उसरी का बालू टेंडर जगह से उठाया जाय,प्रशासन को सजग रहने की जरूरतहै। सामाजिक कार्यकर्ता सतीश कुंदन ने कहा की उसरी धरोहर है गिरिडीह की गंगा है इसका बचाव जरूरी है,उन्होंने कहा की उसरी बचाव अभियान को आगे बढ़ाने के लिए सब को जागरूक होना पड़ेगा,सिर्फ अखबार में पढ़कर संतुष्ट नहीं रहना होगा।



# असमानता से समानता सबकी गिनती एक समान पर जागरुकता अभियान की शुभारंभ




प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा** : संविधान दिवस के अवसर पर इब्तिदा नेटवर्क के सहयोग से झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा 16 दिवसीय जागरूकता अभियान की शुरुआत करते हुए छत्रुटांड़ पंचायत सचिवालय में असमानता से समानता सबकी गिनती एक समान विषयक पर सेमिनार आयोजित किया गया। उक्त सेमिनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती शारदा सिंह जिला परिषद अध्यक्ष धनबाद, विशिष्ट अतिथि भाटडीह ओपी के निरंजन प्रसाद, ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी, सचिव हलिमा एजाज तथा किशोरी लीडरों एवं नेतृत्वकारी महिलाओं द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक 16दिवसीय जागरूकता अभियान -2023 में महिलाओं की भागीदारी को महत्वपूर्ण मानते हुए कहा कि उक्त अवसर पर समाज में व्याप्त असमानताओं को चिन्हित कर समानता की ओर अग्रसर होना है।

# संविधान दिवस पर एनएसयूआइ ने भीमराव अंबेडकर को किया याद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर एनएसयूआई विश्वविद्यालय छात्र प्रतिनिधि जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में एनएसयूआई ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माला अर्पण कर उन्हें याद किया। इसके साथ ही एनएसयूआई ने लोकतांत्रिक राष्ट्र के मौलिक मूल्यों के प्रति खुद को प्रतिबद्ध करने और हमारे संविधान के निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के सिद्धांतों का सम्मान करने का संकल्प दोहराया। मौके पर जिला महासचिव आयुष सिंह, जिला सचिव आकाश प्रमाणिक, कतरसास नगर अध्यक्ष साहिल अली, झरिया नगर अध्यक्ष देवेन्द्र पासवान, आरएसपी कॉलेज अध्यक्ष सुधीर सिंह, मोहित कुमार, पीके रॉय कॉलेज के उपाध्याय रोशन कुमार, महासचिव सोमोदीप मुखर्जी, ध्रुव कुमार, सचिव रोहन कुमार, मो आदिल आदि मौजुद थे।



# क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण में बताया, कैसे पाएं लक्ष्य



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई, धनबाद में क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम के अंतर्गत गंभीर और रचनात्मक सोच कौशल पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सीबीएसई, पटना के तत्ववाधान में लाभदायकपूर्ण संपन्न हुआ। इस भव्य कार्यशाला का शुभारंभ स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह, प्रशिक्षक रिसोर्स पर्सन सुषमा सिंह, वरिष्ठ शिक्षिका, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, बोकारो तथा वरिष्ठ शिक्षिका पूनम झा, विद्या ज्योति स्कूल, टिस्को गम्हरिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यशाला में कुल 60 प्रशिक्षुओ ने भाग लिया तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन मेजबान स्कूल डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई की प्राचार्या के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ तथा विद्वत प्रशिक्षुओ को उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में गंभीर एवं रचनात्मक क्षमता को वृद्धि करना है। साथ ही बच्चों की सभी संभावित आंतरिक प्रतिभाओं को चिन्हित कर बाहर निकालना है तथा शिक्षकों की शिक्षण पद्धति को भी सुदृढ़ तथा उत्कृष्ट बनाना है।

# पूर्व मध्य रेल में संविधान दिवस का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर** : भारतीय संविधान को अंगीकार किये जाने की 74वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज दिनांक 26.11.2023 को पूर्व मध्य रेल में 'संविधान दिवस' का आयोजन किया गया ।

इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबन्धक श्री अनिल कुमार खंडेलवाल के नेतृत्व में पाटलिपुत्र रेल परिसर, दीघा, पटना में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना ''हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने का संकल्प लेते हैं'' पढ़ी गयी।



संविधान दिवस के अवसर पर इसी प्रकार के समारोह में दानापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, धनबाद, सोनपुर एवं समस्तीपुर सहित पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलो, यूनिटों, कारखानों, रेल भर्ती बोर्ड/प्रकोष्ठ सहित पूर्व मध्य रेल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर भी आयोजित किये गये जिनमें संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गयी।

# परिवहन कार्यालय सहित प्रखंडों में किया संविधान की प्रस्तावना का वाचन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देशानुसार संविधान दिवस के अवसर पर रविवार को परिवहन कार्यालय सहित सभी प्रखंडों में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। परिवहन कार्यालय में जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में तथा प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में सभी कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया और संविधान सभा ने जिस परिकल्पना के साथ संविधान के निर्माण में अपना योगदान दिया उसका पालन करने, संविधान के मूल मंत्र का अपने व्यवहार एवं दिनचर्या में पालन करने का संकल्प लिया।

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार

# पदाधिकारियों की उपस्थिति से जनता का विश्वास बढ़ता है : डीडीसी

## तय रुपरेखा के अनुरुप व्यवस्था नहीं करने पर पंचायत में दोबारा किया जाएगा शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : रविवार को उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा के दौरान 24 एवं 25 नवंबर को आयोजित शिविरों की समीक्षा की गई। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि शिविरों में जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी व सहायक नोडल पदाधिकारी की उपस्थिति से लोगों में उनकी समस्या का निश्चित रूप से समाधान हो जाने का विश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देशानुसार आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान किसी भी शिविर में सरकार द्वारा तय रुपरेखा, मानक व मार्गदर्शन के अनुरुप व्यवस्था नहीं करने पर संबंधित पंचायत में दोबारा शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिविरों के दौरान ऑन द स्पॉट लोगों की समस्या का समाधान करने का प्रयास करें। शिविरों का आयोजन करने का उद्देश्य समय पर आवेदनों का निष्पादन करना है।इसके अलावा उन्होंने पदाधिकारी से लोगों को सरकार की कई अन्य महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने, सभी मुखिया के साथ 15वें वित्त की समीक्षा करने, ठंड के मद्देनजर अधिक से अधिक लोगों के बीच कंबल वितरण करने का निर्देश दिया।बैठक में अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमलाकांत गुप्ता, निदेशक एनईपी इंदु रानी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



# एनएसयूआई ने ली लोकतंत्र के मौलिक मूल्यों का सम्मान करने का संकल्प

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : नवंबर एनएसयूआई ने अंबेडकर चौक बस्ताकोला झरिया में नगर अध्यक्ष देवेंद्र पासवान के नेतृत्व में संविधान दिवस के अवसर पर अंबेडकर जी को माला पहनकर उन सभि महानजनों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने संविधान निर्माण में अहम भूमिका निभाई। उक्त कार्यक्रम मे संविधान कब अंगीकृत हुआ ये बताया गया तथा संविधान के महत्व को समझाया गया। उसके बाद संविधान की प्रस्तावना सबको सुनाई गई और संविधान की शपथ भी दिलाई गई । झरिया नगर अध्यक्ष देवेंद्र पासवान एवं कॉलेज अध्यक्ष सुधीर सिंह अपने सभी मौजूद साथियों को बताया कि संविधान किसी भी देश के लिए सर्वोच्च कानून है। यह एक लिखित उपकरण है जिसमें राजनीतिक संगठन के नियम और नागरिकों के अधिकार शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान नगर अध्यक्ष देवेंद्र पासवान, आरएसपी कॉलेज अध्यक्ष सुधीर सिंह, उपाध्यक्ष मयंक चौहान, मीडिया प्रभारी संदीप, शिव, आदिल, अमन, विक्रम आदि मौजूद थे।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# धूमधाम से मना ख्रीस्त राजा पर्व, बिशप विंसेंट बरवा की अगुवाई में निकली भव्य शोभायात्रा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कैथोलिक मतवालंबियों के पूजन वर्ष के समापन पर रविवार को ख्रिस्त राजा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के विभिन्न स्थानों से शुरू हुई। जो अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में जाकर समाप्त हुई। जहां बिशप विन्सेंट बरवा के नेतृत्व में मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। बिशप का सहयोग कई पुरोहितों ने किया। शोभायात्रा में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा भी शामिल हुए। शोभायात्रा में प्रभु येसु के प्रतिरूप संक्रामेत को सुसज्जित वाहन सजाई गयी थी। इसकी अगुवाई परी वेश में सज्जित छोटी बालिकाओं द्वारा किया गया। शोभायात्रा में शामिल लोग ख्रीस्त राजा की जय, ख्रीस्त हमारे राजा हैं, हे ख्रीस्त तेरा राज्य आवे जैसा नारे लगा रहे थे। मौके पर बिशप बरवा ने कहा कि प्रभु ख्रीस्त सांसारिक नहीं वरन हमारे मुक्ति और ईश्वरीय राज्य स्थापना के लिए ही इस धरती में आए थे। उन्होंने जिस मानवीय आर्दश को इस धरती में प्रस्तुत किया वह निश्चित रूप से उनके एक राजा होने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सच्चे ख्रीस्तीय का आर्दश पेश करे।

**प्रभु ख्रीस्त के बताए मार्ग का अनुसरण करें : विधायक भूषण बाड़ा :** विधायक भूषण बाड़ा ने कग की आज हम सब उन्हीं राजा के शांति, न्याय, प्रेम और सेवा के स्थापित राज्य के स्मृति में ख्रीस्त राजा का पर्व मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी को चाहिए कि वे प्रभु ख्रीस्त के बताए मार्ग का अनुसरण करें। उन्होंने कहा वर्तमान समय में लोग अध्यात्म से दुर होकर भौतिकवाद के प्रति आकर्षित हो गए है। इसी कारण पहले जहां हम जंगली जानवरों से डरते थे। लेकिन अब हम मुनष्य से डर रहे हैं। यह सभी के लिए चिंता का विषय है। ईश्वर ने कहा है कि तुम संसार की ज्योति हो इस ज्योति को अपने जीवन में सदैव जलने दें और सच्चे खीस्तीय का आर्दश प्रस्तुत करते हुए ईश्वरीय राज्य के स्थापना के सहभागी बनें।

**प्रेम, दया व क्षमा के मार्ग पर चलते हुए लोगों की करें सेवा : जोसिमा खाखा :** जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने राजा ख्रीस्त के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रभु येशु ने समाज के हर वर्ग की सेवा व कष्टों से मुक्ति दिलाने के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए, उसी प्रकार हमें भी प्रेम, दया व क्षमा के मार्ग पर चलते हुए लोगों की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रभु येशु कोई सांसारिक राजा ना होकर शांति, प्रेम और मानवता के राज्य को स्थापित करने वाले सच्चे राजा हैं। मानवता, प्रेम और न्याय के सदमार्ग पर चलकर ही जीवन को महान बनाया जा सकता है। ख्रीस्त राजा पर्व के अवसर शोभायात्रा में जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, समीर किंडो, उर्मिला केरकेट्टा, फादर गण, सिस्टर बहनें और भरी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में संविधान दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश कुमार पाठक, आरती कुमारी व पल्लवी कुमारी द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर नाटक का आयोजन करवाया गया। देश में हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन हमारे संविधान सभा ने मौजूदा संविधान को अपनाया था। यह हमारा संविधान ही है जो विविध जातियों, धर्म व संस्कृतियों से परिपूर्ण 140 करोड़ की आबादी वाले हमारे देश को एकता के सूत्र में पिरोता है और विश्व में हमें अपनी एक अलग पहचान देता है। विद्यार्थियों में संविधान के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका पल्लवी कुमारी के निर्देशन में संविधान के महत्व पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमें मुस्कान, अंतरा, तनु, स्तुति, कृतिका, भूमि, पायल, प्रांशु, प्रिया, आनंदी, राखी, प्राची, शुभांगिनी, अंशु, श्यामा, अविका, आशी व हर्षिता ने अभिनय किया। नाटक के माध्यम से बच्चों ने संविधान के बिना देश की दुर्दशा तथा संविधान बनने के बाद देश की स्थिति में अंतर समझाया। मौके पर प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को संविधान में निहित मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों की बारीकियों से अवगत करवाते हुए संविधान की प्रस्तावना को कंठस्थ करते हुए आत्मार्पित करने हेतु प्रेरित किया।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में आवेदन जमा कर लाभ ले जनता : मोजम्मिल अहमद



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो जिलाध्यक्ष मोज़म्मिल अहमद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के अगुवाई में राज्य में निरंतर सरकार आम लोगों के हितों पर कार्य कर रही है, इसी क्रम में राज्य के अंतिम व्यक्ति तक सरकार द्वारा चल रहे योजनाओं को लाभ देने हेतु हेमंत सरकार आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम 24 नवम्बर से शुरुआत कर अनेकों योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित करेंगें। साथ ही लाभुकों को राज्य सरकार द्वारा 2 लाख रुपये से आवास देने की योजना अबुआ आवास योजना में ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को आवेदन जमा कर योजना के लाभ लेने हेतु कहा, साथ ही गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, पषुधन योजना, एवं अनेको योजनाओं से लाभ दे जोड़ने का कार्य करेगी, साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी का 28 तारिक को लोहरदगा आगमन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी 28 नवम्बर को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होने आप जनता के बीच आ रहें है, एवं कार्यक्रम में करोड़ो के योजनाओं के उदघाटन एवं परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे। साथ ही सरकार द्वारा चल रहे योजनाओं के माध्यम से जिला के लाभुकों को लाभ देंगे। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में जहां लोग सरकारी बाबू, और ऑफिस के चक्कर लगाते रहते थे फिर भी काम नहीं होता था, परंतु अभी झारखंडी बेटा हेमंत जी के सरकार में सरकारी अफसर आपके द्वार पर जाकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ लाभ देने एवं अन्य परेशानियों को हल करने में मदद करने का कार्य कर रहे है, इन्ही सब कामों को देख आज केंद्र की भाजपा सरकार हेमंत जी से घबराई हुई है।

## प्रखंड व थाना परिसर में मनाया संविधान दिवस दिलाया गया शपथ



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संविधान दिवस के अवसर पर सेन्हा प्रखंड के विभिन्न सरकारी संस्थान में कार्यरत कर्मियों को दिलाया गया शपथ। प्रखंड क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय एवं थाना परिसर सेन्हा में संविधान दिवस मनाया। इस अवसर पर अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि भारत का संविधान दुनिया का सब से बड़ा लिखित संविधान है। जिसे देश के जनता को समानता का अधिकार दिया है। शिक्षा की आजादी,रहने जीने की अनादि और अपने विचार को व्यक्त करने की आजादी दिया गया है। सेन्हा थाना परिसर में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा की भारत का संविधान को बनाने में 2 वर्ष 11 महीना 18 दिन का समय लगा था। और 26 नवंबर 1949 को अपौचारिक रूप से अंगीकृत किया गया था। संविधान में अखंड भारत के सभी वर्ग को ध्यान में रखा गया है। वही विचार एवं अपराधीयों को दंड का प्रावधान है.इसके ततपश्चात अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी तथा थाना प्रभारी अभिनव कुमार द्वारा उपस्थित कर्मचारियों तथा पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षा जवानों को भारत के प्रस्तावना को पढ़ कर शपथ दिलाया गये। मौके पर प्रखंड सह अंचल के सभी कर्मी व पुलिस जवान उपस्थित थे।

# कुडू में लगा मेगा लीगल इम्पावरमेंट कैंप, लोगों को बताए गए अधिकार, मिला योजना का लाभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** सभी को शुलभ और सस्ता न्याय दिलाना ही प्राधिकार का मुख्य उद्देश्य है। प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना होगा कि न्याय हर जगह मौजूद है। न्याय हम सभी की ज़रूरत है और सबको मिलना भी चाहिए, हमे सिर्फ इसकी सही जानकारी रखने की आवश्यकता है। उक्त बातें झालसा के निर्देशानुसार झारखण्ड विधिक सेवा प्राधिकार रांची (झालसा) के तत्वावधान विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा (डालसा) द्वारा प्रखंड मुख्यालय परिसर कुडू में शनिवार 25 नवंबर को विधिक सेवा सशक्तीकरण कैंप (मेगा लीगल इम्पावरमेंट कैंप) में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम पूजा कुमारी लाल ने कही।कार्यक्रयम को सीओ प्रवीण कुमार सिंह, बीडीओ प्रवेश कुमार साव, उप प्रमुख एनुल अंसारी, पैनल अधिवक्ता उमेश कुमार, नारायण साहू आदि ने भी संबोधित किया और कानून से जुड़ी जानकारियां बताई। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का फलदार पौधा देकर स्वागत किया गया। मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी सुनील चंद्र कुंवर, कल्याण पदाधिकारी अवध किशोर प्रसाद, पीएलवी दीपक कुमार, हफीजुल अंसारी, कुडू मुखिया शुष्मा देवी, कोलसिमरी पंचायत की मुखिया सुखमनी टोप्पो, ककड़गढ़ पंचायत की मुखिया चेमनी टोप्पो, सुन्दरू पंचायत की मुखिया छोटी रानी उराँव, चिरी पंचायत के मुखिया रामेश्वर लोहरा, बड़की चाँपि पंचायत के उप मुखिया हेना तिवारी, बड़की चाँपि पंचायत के वार्ड सदस्य सुनील मुंडा, अलोमनी देवी, जैनुल अंसारी, गीता भगत, अनिता लकड़ा, सहित कई पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य सहित लाभुक उपस्थित थे। परिसंपत्ति का हुआ वितरण।

## किसानों के बीच दो-दो किलो सरसों बीज वितरण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के चितरी डाँडू पंचायत अन्तर्गत एकागुड़ी ग्राम में सरकार द्वारा संचालित योजना बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत प्रत्येक किसानों के बीच 2-2 किलो सरसों बीज का वितरण प्रखंड बीस जुत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम एवं उप मुखिया सघनु लोहरा की उपस्थिति में विजय राम, हंसराज उराँव, मुस्ताक अहमद, आनन्द महली, जोखना उराँव,नुरेशा खातुन, मंगरी देवी, नवल महतो, प्रकाश साहु, आसिफ अंसारी, हीरामुनी देवी, ललित उराँव, प्रदीप भगत, मनी उराँव सहित अन्य किसानों के बीच बीज वितरण किया गया। बीज वितरण के लिये जिला कृषि कार्यालय आत्मा द्वारा किसानों के बिच उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसे किसान कम बारिश और कम मेहनत में रवि फसल कर सकते हैं। बिरसा फसल विस्तार योजना के अन्तर्गत रवि फसल के माध्यम से तेलहन खेती को बढ़ावा देने के लिये बीज वितरण किया गया। वही बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम ने कहा की अधिक दामों में ग्रामीण क्षेत्र के किसान बिन खरीद कर खेती करने में असमर्थ हैं.जिसे झारखण्ड सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को खेती के लिये विभिन्न तरह की योजनाएं चलाते हुए समयानुसार खेती करने के लिये बीज उपलब्ध करा रही है। जिसे रवि फसल के लिये सरसों बीज वितरण किया जा रहा है। ग्रामीण किसान तेलहन खेती कर अच्छी पैदावार कर सकते हैं। और अपनी आय में वृद्धि कर समृद्ध हो सकते हैं। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, सहायक तकनीकी प्रबंधक सुमन कुमार, उप मुखिया सधनु लोहरा, कृषि मित्र एतवा उराँव सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

## बोलबा के कादोपानी में बिरसा जयंती हॉकी टूर्नामेंट का हुआ समापन



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बोलबा कादोपानी में बिरसा जयंती हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया फाइनल मैच कसीरा बनाम दूरी चोखा के बीच आयोजित हुई जिसमें कसीरा की टीम तीन गोल से जीत दर्ज किया। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का के द्वारा किया गया। वही विजेता टीम को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया ,अपने संबोधन में उन्होंने कहा सिमडेगा जिले को खेल के नगरी के रूप में जाना जाता है और यहां सभी खेलों को प्राथमिकता दी जा रही है आने वाले दिनों में सिमडेगा जिला खेल के हब के रूप में जाना जाएगा, क्योंकि यहां पर खेल और खिलाड़ी के प्रति लगातार झारखंड पार्टी समर्पित होकर कार्य कर रही है। और आने वाले दिनों में सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का काम करेगी, उन्होंने सभी खिलाड़ियों को अनुशासन में रहकर खेलने की बात कही ताकि सिमडेगा से बाहर चलकर देश-विदेश में जिले का नाम रोशन हो सके। उन्होंने कहा कि लगातार यहां के खिलाड़ी जिस प्रकार परचम लहरा रहे हैं वह किसी से छुपा हुआ नहीं है इसीलिए आप सभी उनका आदर्श और उनके संघर्ष को याद करते हुए खेल ताकि बेहतर खेल एक बेहतर खिलाड़ी बन सके। झारखंड पार्टी के लिए पूरा सहयोग करेगी। मौके पर अमन खेस, बाबूराम लकड़ा, चिराग बाड़ा, संध्या डांग, रसाल खलखो, बिरसा मांझी, सहित आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कुडू के चिरी में जनता को करोड़ों रूपये का देंगे सौगात : शंकर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के कुडू प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य शंकर उरांव ने राज्य के युवा और विकासशील मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में राज्य का निरंतर विकास सरकार की ओर से आम लोगों के हितों पर कार्य कर दिखाए जाने की बात कही है। इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कुडू प्रखंड अध्यक्ष शंकर उरांव ने जानकारी देते हुए कहा कि राज्य के अंतिम व्यक्ति तक सरकार द्वारा चलाए जा रहे? कल्याणकारी योजनाओं को लाभ देने हेतु मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली सरकार जनता को उन्हें उनका हक अधिकार दिलाने को लेकर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य के सभी जिलों में बीते 24 नवम्बर से शुरूआत कर राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से जनता को आच्छादित करने हेतु कार्यक्रम की शुरूआत कर अनेकों योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित कर दिखाया है। साथ ही हेमंत सोरेन सरकार द्वारा जनहित में आयोजित की जा रही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में झामुमो कुडू प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य शंकर उरांव शामिल होकर लाभुकों को राज्य सरकार द्वारा 2 लाख रूपये से आवास देने की योजना अबुआ आवास योजना में ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को आवेदन जमा कर योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर जनता को प्रोत्साहित किया। उन्होंने इसे लेकर कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के द्वारा कार्यक्रम स्थल पर गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, पशुधन योजना एवं अनेकों योजनाओं से लाभ देकर स्वावलंबन बनाने हेतु सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य करेंगे।

## संविधान के प्रस्तावना एवं मौलिक कर्तव्य का पाठ हमें जवाबदेह नागरिक बनाता है : पीडीजे




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की उद्देशिका एवं मौलिक कर्तव्य का पाठ पढ़ा गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल के नेतृत्व में आज सिविल कोर्ट परिसर में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान के प्रस्तावना एवं 11 मौलिक कर्तव्यों का पाठ पढ़ा गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल ने संविधान की प्रस्तावना एवं मौलिक कर्तव्यों को पढ़ा जिसका उपस्थित अधिकारियों, न्यायिक कर्मियों, पीएलबी एवं पुलिस बल के जवानों ने प्रस्तावना एवं मौलिक कर्तव्यों का पाठ दोहराया। इस अवसर पर पीडीजे ने उपस्थित लोगों को यह कहा कि आज के दिन ही संविधान सन् 1949 में लागू हुआ था। संविधान के प्रस्तावना और मौलिक कर्तव्यों को पढ़ने से हमें जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद मिलती है। इसलिए आज के दिन पूरे राष्ट्र में संविधान के मौलिक कर्तव्य एवं प्रस्तावना या उद्देशिका का पाठ पढ़ा जाता है। आज उपस्थित लोगों में पीडीजे के अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्री सुभाष, तृतीय जिला जज अरविंद कुमार, वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, डालसा सचिव राजेश कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी सुचिता निधि तिग्गा के अतिरिक्त सिविल कोर्ट के 100 से ज्यादा कर्मी, लोहरदगा जिले में प्रतिनियुक्त पीएलबी, पुलिस बल के जवान भी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस सेवादल द्वारा कार्य समिति की बैठक सह विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** संविधान दिवस के शुभ अवसर पर दिनांक 26/11/2023 को राजेंद्र भवन लोहरदगा में जिला कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष श्री शंभू प्रजापति की अध्यक्षता में जिला कार्य समिति की बैठक सह विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से जिला कांग्रेस समिति के कार्यकारी अध्यक्ष श्री सकील अहमद उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सकील अहमद ने कहा कि कांग्रेस सेवादल कांग्रेस पार्टी का रीढ़ है। सेवा दल को मजबूती ही कांग्रेस पार्टी की मजबूती है। उन्होंने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु सेवा दल के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष थे और कांग्रेस के बड़े बड़े नेता सेवा दल से जुड़े रहे हैं। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में सेवा दल की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी जिससे पार्टी को लाभ मिलेगा।पार्टी की जीत निश्चित होगी।सेवा दल प्रदेश विश्वकर्मा ने कहा कि सेवा दल का कमिटी जिला से लेकर पंचायत तक मजबूत करना होगा। जिला अध्यक्ष श्री शंभू प्रजापति ने कहा कि आज संविधान दिवस के रूप में पूरे भारतवर्ष में डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर को याद करना चाहिए।आज के दिन ही बाबासाहब ने भारतीय संविधान का निर्माण किया था।इस अवसर पर हमलोग उनको नमन करते हैं।।जिला महासचिव संतोष पंडा ने कहा कि बाबा भीम राव अंबेडकर जिन्होंने हमारे भारत वर्ष के लिए संविधान का निर्माण किया हम सभी लोग भारतवासी उनके ऋृणी हैं।

## एक दिवसीय विधिक जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 कार्यक्रम का आयोजन 25 नवम्बर, 2023 (शनिवार) को मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय, सिमडेगा में किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि माननीया, न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी, न्यायाधीश, झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची-सह-प्रशासनिक न्यायाधीश, एवम विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री के.रवि कुमार (I.A.S), सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार उपस्थित हुए। उक्त कार्यक्रम में जिला के उपायुक्त श्री अजय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ कुमार भी हुए सामिल। इस कार्यक्रम में उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह जी के निर्देश पर आवासीय बालिका हॉकी प्रशिक्षण केंद्र सिमडेगा की प्रशिक्षु हॉकी खिलाड़ियों के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर का हॉकी स्टिक एवं अन्य खेल किट एवं गोलकीपर और गोलकीपर किट देकर सम्मानित किया गया। समापन कार्यक्रम इस कार्यक्रम के समापन के उपरांत स्टेटस हॉकी स्टेडियम में बालिकाओं का मैत्री हॉकी मैच का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि माननीया, न्यायमूर्ति श्रीमती अनुभा रावत चौधरी, न्यायाधीश, झारखण्ड उच्च न्यायालय, रांची सह-प्रशासनिक न्यायाधीश एवम अन्य अतिथियों ने मैदान में बैठकर बालिकाओं के मैच का आनंद लिया और खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें प्रोत्साहित भी किए। आवासीय बालिका हॉकी प्रशिक्षण केद्र सिमडेगा के खिलाड़ियों को बहुत ही अच्छा हॉकी स्टिक, गोलकीपर कीट और अन्य पूर्ण खेल कीट देने के लिए सिमडेगा के उपायुक्त महोदय श्री अजय कुमार सिंह जी का हॉकी सिमडेगा की ओर से कोटि कोटि आभार और सिमडेगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री मनीष कुमार जी को भी हॉकी सिमडेगा की ओर से कोटि कोटि धन्यवाद ,वे जब से सिमडेगा प्रस्थापित हुए तब से ही हॉकी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने में उनका सहयोग मिलता रहा है। आज इसी तरह के प्रशानिक अधिकारियों के प्रोत्साहन से ही सिमडेगा जिला की सलीमा टेटे, संगीता कुमारी एवम अन्य हॉकी खिलाड़ी विश्व स्तर पर अपना चमक बिखेर रही है।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 76 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,सभी ने वंदे मातरम,भारत माता की जय का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 52 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं चेकअप कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने डॉ कुमुद अग्रवाल को पुष्प दे कर अभिवादन किया और कहा की सेवा ही परमोधर्म है जरूरतमंदों और असहायों का जितनी भी मदद की जाए कम है, डॉ कुमुद ने कहा की समय-समय पर अपने स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहने से समय पर बिमारी का पता चल सकता है। उपाध्यक्ष शशि भूषण सिंह एंव सचिव जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में काफी दुर दुर से लोग यहाँ आ कर अपना चेकअप करा कर संतुष्ट हैं, और यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है,आज लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए,डॉक्टर से चेकअप कराते हुए परामर्श भी लिए,आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, जयप्रकाश शर्मा, शशि भूषण सिंह,गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, अशोक कुमार शाह, अतुल सराफ, अफरोज आलम, रवीना खातून, जहीर अंसारी, मनी देवी, अंजलि सर्राफ, प्रदीप साहू, धनंजय पांडे, मीना देवी, नंदलाल कास्यंकार, मो0उसियन, रमेश शर्मा, काहिरा खातून, मोहम्मद सरफुल, सोनिया पोद्दार, मो0 कौनेन, निर्मला देवी, विकास कुमार, प्रभु दयाल साहू, अंजू देवी, वीरेंद्र कुमार, अविनाश चंद्र, मनोज अग्रवाल, रामचंद्र गिरी, सुरेंद्र प्रसाद, किशोर अग्रवाल, सुनील कुमार अग्रवाल, वीरेंद्र गुप्ता, प्रदीप तमेड़ा,कृष्णा प्रसाद, गीता देवी, लक्ष्मी महतो, अशोक ठाकुर, डोमाचंद्र कर्मकार, तानिया महतो, भवसागर महतो आदि थे।

## पोक्सो एक्ट में दूसरे आरोपी अमर गोस्वामी पुरुलिया से गिरफ्तार, जेल



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में सनसनी मचा रखी एक खबर में दूसरा आरोपित व्यक्ति अमर गोस्वामी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, पोक्सो एक्ट के तहत आत्महत्या के लिए मजबूर करने के साथ अन्य धाराओं में दूसरे आरोपी अमर गोस्वामी फरार चल रहा था, जिसे पुलिस टीम के द्वारा पश्चिम बंगाल के पुरूलिया से शनिवार को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। गिरफ्तार आरोपी अमर को मेडिकल जांच आदि की प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात शनिवार की दोपहर न्यायालय के समक्ष सुपुर्द कर दिया गया,जहां से उसे लोहरदगा मंडल कारा भेज दिया है।उल्लेखनीय है कि किशोर कुमार वर्मा के अलावे दो अन्य लोगों पर शहरी क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की की आपत्तिजनक तस्वीरें खींचने और उन्हें वायरल करने जैसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने आदि आरोप लगे थे। पीड़िता की मां द्वारा सदर थाने में दर्ज कराए गए कांड संख्या 328/2023 में किशोर कुमार वर्मा,अमर गोस्वामी एवं एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। जिसमें विभिन्न धाराओं के साथ पोक्सो एक्ट के तहत भी केस दर्ज किया गया है। मामला दर्ज होने के साथ ही त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां के निर्देशानुसार विशेष छापामारी दस्ता का गठन किया गया और बिते गुरुवार यानि 23 नवंबर को कांड के प्राथमिक अभियुक्त राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित रिटायर्ड शिक्षक किशोर कुमार वर्मा को उत्तर प्रदेश के सोनभद्र से गिरफ्तार कर लोहरदगा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था,जहां से गुरुवार को ही न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया,उक्त आरोपियों पर आरोप है कि वे पीड़िता को पत्रकारिता की शिक्षा देने के बहाने अपनी गाड़ी में ले जाने लाने का काम किया करते थे,पिछले वर्ष 2022 में न्यूज कवर करने की बात कह कर उसे किस्को ले गए। किस्को से लौटने के क्रम में गाड़ी से उतरने नहीं दिया और खखपरता शिव मंदिर ले गए। जहां जबरदस्ती अमर गोस्वामी के मोबाइल से आपत्तिजनक तस्वीरें खींची गई थी,इन तस्वीरों को फिर बाद में एक व्यक्ति के द्वारा वायरल कर दिया गया।

## चलते चलते एक नजर

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का पूर्णाहुति आज



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति सोमवार को होगी। श्रद्धालु महायज्ञ के सात दिनों के पूरे फल अंतिम दिन यज्ञ परिक्रमा, पूजन व दर्शन कर प्राप्त करें। उक्त आह्वान यज्ञाचार्य उदितानंद जी महाराज ने की। वे रविवार को हाउसिंग कॉलोनी स्थित महालक्ष्मी नारायण यज्ञ परिसर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। बताया कि यज्ञ साक्षात विष्णु के स्वरूप हैं। यज्ञ वैदिक मंत्रों द्वारा संपादित होता है। वेद नारायण के स्वरूप हैं। वेदो अखिलम धर्म मूलम... वेद धर्म का मूल है। धर्म व वेद साक्षात् नारायण के स्वरूप हैं। इसलिए यज्ञ का बहुत ही बड़ा महत्व है। यज्ञ में संपूर्ण देवी- देवताओं व तीर्थों का निवास होता है। वैदिक मंत्रों द्वारा सभी देवताओं, ऋषियों, मुनियों, दिव्य आत्माओं सहित 64 योगिनी महाकाली, महासरस्वती व महालक्ष्मी का आह्वान होता है। समग्र देवताओं का यज्ञ स्थल पर वास होता है। यज्ञ के पूजन दर्शन से सभी तीर्थों में जाने का फल प्राप्त होता है। पापों का नाश होता है। बुद्धि शुद्ध व निर्मल होती है। श्रद्धालु 1, 11, 21, 51, 108 व 1008 बार परिक्रमा कर सकते हैं। कहा कि यज्ञ में चारों वेदों का स्व स्वर पारायण हो रहा है। 7 बजे सुबह से शाम 3 बजे तक नियमों का पालन करते हुए नारायण या अपने ईष्ट देवताओं के नाम को जपते हुए परिक्रमा करनी चाहिए। पूरे पलामू प्रमंडल के श्रद्धालु सोमवार को यज्ञ की परिक्रमा में भाग लें व अपने जीवन को पुण्य के भागी बनाएं।

### संविधान दिवस पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में संविधान की प्रस्तावना का किया गया वाचन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार 26 नवंबर को राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में एक संक्षिप्त आयोजन रखा गया। इस दौरान न केवल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया बल्कि भारतीय संविधान का अनुपालन करते और कराते हुए देश के सर्वांगीण विकास में अपनी-अपनी भूमिका निभाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। अवर सचिव देवदास दत्ता ने कहा कि 26 नवंबर का दिन हमारे लिए ऐतिहासिक दिन है क्योंकि इसी दिन हमारे देश के संविधान को अंतिम रूप से अंगीकृत किया गया था। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया जिसे अन्य सभी ने दोहराया। उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार ने मतदाताओं से अपील की कि मताधिकार भी उनका संवैधानिक अधिकार है क्योंकि यह अधिकार संविधान द्वारा ही प्रदत्त है, अतः हम सभी को आज संविधान दिवस पर संकल्प लेने की जरूरत है कि हम राष्ट्र हित में अपने मताधिकार का निष्पक्ष और विवेकपूर्ण प्रयोग अवश्य करेंगे।इस दौरान कार्यालय कई पदाधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद थे।

# पुलिस लाइन में पुलिसकर्मी खेल रहे थे जुआ, छह हिरासत में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में जुआ खेलने की सूचना पर गोंदा थाना में छापेमारी की गई है। एसएसपी की ओर से एक टीम भेज कर छापेमारी कर कार्रवाई की गई। इसमें छह लोगों को हिरासत में लिए गए हैं। हिरासत में लिए गए लोगों में पुलिसकर्मी भी बताए जा रहे है। साथ ही रुपये और ताश के कार्ड भी बरामद किए गए है। बताया जा रहा है कि रविवार को रांची पुलिस लाइन में अचानक जुआ खेल रहे छह लोगों को पुलिस ने छापेमारी कर हिरासत में लिया। छह लोगों को हिरासत में लेने के बाद जानकारी मिली कि उसमें कई पुलिसकर्मी भी हैं। इसके बाद मामले को दबाने की भरपूर कोशिश की गई। इस संबंध में सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने बताया कि जुआ खेलने की शिकायत पर छापेमारी की गई थी। इसमें कुछ लोगों को पकड़ा गया है। मामले में पुलिस वाले शामिल हैं कि नहीं यह जांच की जा रही है।



**हिरासत में लिए गए लोगों में पुलिसकर्मी भी बताए जा रहे है। साथ ही रुपये और ताश के कार्ड भी बरामद किए गए है। बताया जा रहा है कि रविवार को रांची पुलिस लाइन में अचानक जुआ खेल रहे छह लोगों को पुलिस ने छापेमारी कर हिरासत में लिया।**

## योजनाओं को पूरा करने के लिए अधिकारियों ने मांगा मार्च 2024 तक का समय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री स्मार्ट ग्राम योजना अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं को मार्च 2024 तक अवधि विस्तार देने की मांग जिलों के अधिकारियों द्वारा की गई है। मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी की अध्यक्षता में रविवार को हुई बैठक में रांची जिला सहित अन्य जिलों की स्वीकृत सारी योजनाओं को एक्सटेंशन देने का अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री स्मार्ट ग्राम योजना से चयनित प्रखंड को विकसित किया जाना है तमाम सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जानी है। बैठक में रांची जिला के ठाकुर गिन्जो ग्राम पंचायत, बुढमू प्रखंड में कार्यान्वित की जा रही मुख्यमंत्री स्मार्ट ग्राम योजना अंतर्गत विभाग के द्वारा डीपीआर के अनुरूप सभी योजनाओं के कार्यान्वयन का कार्य पूर्ण कर लिए जाने की जानकारी प्रदान की गयी। जिला के द्वारा एक माह के अंदर योजना योजना के पूर्णता प्रतिवेदन एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र विभाग को उपलब्ध करा दिए जाने की सूचना दी गयी। योजना के प्रतिवेदन संबंधी कार्य को देखते हुए योजना अवधि को दिसंबर 2023 तक विस्तारित करने का अनुरोध किया गया। पूर्वी सिंहभूम जिले के द्वारा कांता शोल ग्राम पंचायत, डुमरिया प्रखंड में कार्यान्वित की जा रही मुख्यमंत्री स्मार्ट ग्राम योजना के अंतर्गत विभाग के द्वारा डीपीआर के अनुरूप स्वीकृत 87.70 लाख रुपये मात्र में से 41.57 लाख रुपये राशि खर्च किया गया है। योजना अंतर्गत लंबित योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए मार्च 2024 तक अवधि विस्तार देने की मांग की गयी है। हजारीबाग जिले के द्वारा चेनारो ग्राम पंचायत, चुरचू प्रखंड में अब तक स्वीकृत योजना पर काम प्रारंभ नहीं हुआ है।

# संस्था का उदेश्य आत्मनिर्भर ग्रामीण समाज का निर्माण: नीतीश




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : ग्रामीण भारती सेवा संस्था ने रविवार को अपना चौथा वर्षगाँठ समारोह स्वर्णरेखा होटल रांची में धूमधाम के साथ मनाया। ग्रामीण भारती के निःशुल्क रात्रि पाठशाला के बच्चों ने विशिष्ट अतिथियों का स्वागत ढोल के थाप से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। मुख्य अतिथि डॉ दीप नारायण मुखर्जी ने ग्रामीण भारती सेवा संस्थान के सराहनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। प्राकृतिक कृषि संगठन के झारखंड राज्य प्रमुख कुलदीप कुमार ने पर्यावरण-अनुकूल कृषि पद्धतियों के महत्व पर जोर दिया।इस दौरान उन्होंने स्थानीय किसानों के बीच वर्मीकम्पोस्ट उत्पादक किट वितरित किया। ग्रामीण भारती के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने संस्था के चार वर्ष के कार्यों की जानकारी साझा की। कहा कि संस्था का उदेश्य आत्मनिर्भर ग्रामीण समाज का निर्माण करना है। विभिन्न सामाजिक कार्यों के साथ यह संस्था रांची व खूंटी के विभिन्न सुदूरवर्ती गांवों में निःशुल्क रात्रि पाठशाला आयोजित कर रही है। यहां गरीब बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके समग्र विकास में भी जोर दे रही है। अध्यक्ष ने कहा कि अब यह संस्था संथाल परगना व ओडिशा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य का विस्तार कर रही है। उन्होंने झारखंड सरकार सहित सभी सामाजिक संगठन से समर्थन व सहयोग का आग्रह किया।कार्यक्रम के दौरान संस्था के बच्चों के बीच शिक्षा सामाग्री व खेल उपकरण का वितरण किया गया।

# जींवन रुपी गाड़ी का पहिया है भारतीय संविधान : देवेंद्र प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** नागरिक संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद गुप्ता ने सभी भारतवासियों को भारतीय संविधान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डॉ आंबेडकर के अनुसार भारत का संविधान देश को समर्पित एक विलक्षण दस्तावेज है। भारत का संविधान महज वकीलों का दस्तावेज नहीं, बल्कि यह जीवन रूपी गाड़ी का पहिया है। संविधान कार्य करने योग्य है, लचीला और कठोर भी है। डॉ आंबेडकर संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष थे और उन्होंने 22 भाग, 395 अनुच्छेद और 8 अनुसूचियां युक्त संविधान 2 साल 11 माह 17 दिन (09.12.1946 से 26.11.1949) में अपनी स्वास्थ्य की परवाह न् करते हुए लिखा था। संविधान के प्रथम अनुच्छेद में ही देश का संवैधानिक नाम भारत रखा गया है। डॉ. आंबेडकर के अनुसार संविधान में उपबन्धित मूल अधिकार कानून का उपहार है। डॉ आंबेडकर के अनुसार यदि संविधान विफल होता है तो इसका मतलब यह नहीं कि हमारे पास एक खराब संविधान है; बल्कि इसका अर्थ यह है कि संविधान को चलाने वाला व्यक्ति ही दुष्ट है।

यह दुनियां का सर्वश्रेठ लिखित मानववादी ग्रन्थ है। भारत का संविधान एक राष्ट्रग्रन्थ है जो सभी भारतीयों के लिए अनुकरणीय है। भारत का संविधान किसी वर्ग विशेष के हितों का संरक्षण न् कर



सभी भारतीयों के कल्याण की उदात्त भावना से लिखी गई है। हमारा संविधान स्वतंत्रता, समानता, बंधुता और न्याय के चार स्तम्भों पर अवस्थित है। हमारा संविधान हमें राष्ट्रधर्म और भारतीय राष्ट्रवाद की शिक्षा देता है और धर्म आधारित राष्ट्र को अस्वीकार करता है।

# चीन में फैल रही नई बीमारी से अलर्ट हुआ भारत, सभी राज्यों को दिए खास निर्देश

एजेंसी

**दिल्ली.** चीन में निमोनिया के बढ़ते मामलों ने भारत में भी चिंता बढ़ा दी है. इसके मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र और अस्पताल की तैयारियों के उपायों की तुरंत समीक्षा करने की सलाह दी है. स्वास्थ्य मंत्रालय हालात पर करीबी नजर रख रहा है, जिससे संकेत मिलता है कि किसी भी तरह की चिंता बढ़ाने की जरूरत नहीं है.स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को 'कोविड-19 के संदर्भ में संशोधित निगरानी रणनीति के लिए परिचालन दिशानिर्देश' लागू करने के लिए कहा गया है.

ऐसे में जिला एवं राज्य अधिकारी (इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी/गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण) के मामलों पर नजर रखेंगे. ऐसा कहा जा रहा है कि सामान्य कारणों से सांस संबंधी बीमारी में खास तौर से इन्फ्लूएंजा, माइकोप्लाज्मा निमोनिया जैसे कारणों से वृद्धि होती है. कुछ मीडिया रिपोर्ट में उत्तरी चीन में बच्चों में श्वसन संबंधी बीमारियों के मामले सामने आने की जानकारी दी गई है. इसे लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार, चीन में पिछले कुछ सप्ताह से सांस लेने से संबंधी बीमारियों के मामले बढ़े हैं. उसने कहा, 'बच्चों में श्वसन संबंधी बीमारियों के सामान्य कारणों का पता लगाया गया है और किसी असामान्य रोगजनक या किसी अप्रत्याशित क्लीनिकल स्वरूप की कोई पहचान नहीं की गई है.उधर चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने इस माह के मध्य में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सांस लेने संबंधी बीमारियों, विशेष रूप से इन्फ्लूएंजा, माइकोप्लाज्मा निमोनिया, छोटे बच्चों को प्रभावित करने वाला एक सामान्य जीवाणु संक्रमण और श्वसन सिंकाइटियल वायरस में वृद्धि की सूचना दी. इस सप्ताह, सरकार के आधीन चाइना नेशनल रेडियो ने कहा कि बीजिंग चिल्ड्रेन्स हॉस्पिटल में प्रतिदिन औसतन 7,000 मरीज भर्ती होते हैं, जो अस्पताल की क्षमता से अधिक है.



## कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव आज

**रांचीः** कार्तिक पूर्णिमा सोमवार को है। पंडित राजेंद्र पांडेय ने रविवार को बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्नान, दान-पुण्य और दीपदान का विशेष महत्व है। वहीं दूसरी ओर रांची के बोड़ेयां के ऐतिहासिक श्री मदन मोहन मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस विशेष अवसर के लिए मंदिर को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। पूर्णिमा के दिन मंदिर में पांच बार आरती और विशेष पूजन के साथ भोग लगाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।




# अत्मसमर्पण करने वाले नक्सली जेल नहीं भेजे जाएंगे : डीजीपी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** नक्सलियों पर लगाम लगाने के लिए सरकार कमर कस चुकी है। सरकार के निर्देश पर पुलिस को सफलता भी मिल रही है। इसे और तेज गति से सफल बनाने के लिए झारखण्ड सरकार ने नक्सलियों के लिए आत्मसमर्पण नीति अब अत्यधिक आकर्षक एवं सुलभ बनाने के लिए नई नीति बनाई गई है । इस संबंध में झारखंड के डीजीपी अजय सिंह ने निर्देश जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि अत्मसमर्पण करने वाले नक्सली जेल नहीं भेजे जाएंगे, बल्कि पुनर्वास केंद्र (ओपन जेल) में परिजनों के साथ रहेंगे। ऐसे में वे अपना जीवन सामान्य तरीके से जी सकेंगे। झारखंड पुलिस ने मुख्य धारा से भटक कर उग्रवाद का रास्ता अपनाने वालों से अपील की है। जिसमें कहा गया है कि हिंसा का रास्ता छोड़कर सरकार की नई आत्म-समर्पण नीति के तहत मुख्यधारा से जुड़े। साथ ही सामान्य नागरिक की तरह पारिवारिक जीवन व्यतीत करें।

### इन नंबरों पर दें सूचना

सूचना देने के लिए जारी नंबर
पुलिस उप-महानिरीक्षक, कोल्हान क्षेत्र, चाईबासा 94317061359
पुलिस अधीक्षक, प सिंहभूम, चाईबासा 9431706451
एसडीपीओ, चक्रधरपुर 8639175460
एसडीपीओ, सदर 9431706453
एसडीपीओ, जगन्नाथपुर 8292999770
एसडीपीओ, मनोहरपुर 9430358469
एसडीपीओ, किरीबुरु 9431706455
पुलिस निरीक्षक, सोनुवा 7004485909
पुलिस निरीक्षक, सदर 9431706454
पुलिस निरीक्षक, झींकपानी 9431706461
पुलिस निरीक्षक, नोवामुंडी 9431706460
पुलिस निरीक्षक, किरीबुरु 9437706459
पुलिस निरीक्षक, मनोहरपुर 9431706458
थाना प्रभारी, गोईलकेरा 7909018490
थाना प्रभारी, सोनुवा 9431706468
थाना प्रभारी, मुफ्फसिल 9431706463
थाना प्रभारी, टोन्टो 9431706476
थाना प्रभारी, छोटानागरा 898682086
थाना प्रभारी, मनोहरपुर 9431706469
थाना प्रभारी, गुवा 9431706472
थाना प्रभारी, जराईकेला 8986606155
थाना प्रभारी, जेटेया 7903461282 है।

# पर्यावरणविद कौशल ने 200 बरातियों को शॉल ओढ़ा कर किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : जिले के छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत के आजाद नगर में गुलाम गौस पत्नी शबाना परवीन के पुत्री तारा नाज के विवाह में बिहार राज्य से औरंगाबाद के कुटुंबा थाना अंतर्गत नवाबगंज से आये 200 बारातियों को विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर्यावरण धर्म गुरु पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने सभी बारातियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया वहीं उन्हें थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा देकर विदाई किया। उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्मावलंबियों को जन्नत का दरवाजा खुला रखना है तो उन्हें खुदा का आदेश पालन करना होगा।

उन्होंने कहा कि खुदा का जो इशारा है वह कुदरत की हरे रंग और धर्म के हर रंग से जुड़ा हुआ है।मक्के मदीने में रोजेका गोमज का रंग भी पिछले 1400 वर्षों से हरा है।उन्होंने यह भी कहा कि उसी अनुसार इस्लाम धर्म की पगड़ी भी हरे रंग की होती है। इतना ही नहीं उनके अखाड़े का रंग भी हरा होता है जो प्रकृति के रंग से जुड़ा हुआ है। पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि पृथ्वी पर बिना हरियाली लाये खुशहाली की कामना करना बेमानी होगा। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्र को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना होगा। नहीं तो आने वाली पीढ़ी विकलांग हो जाएगी। गुलाम गौस की पुत्री की शादी में शामिल उप मुखिया नगीना खातून, पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी, डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल एवं उनके प्रतिनिधि जुबेर अंसारी, छतरपुर पूर्वी से जिला परिषद अमित कुमार के प्रतिनिधि सुचित कुमार जायसवाल, लड़की के दादा अमीन इदरीश,शहाबुद्दीन अंसारी, जमीरउद्दीन अंसारी, साकिम अंसारी , कर्मचारी अंसारी,शमीम अंसारी, मुंतजरि अंसारी, मुस्ताक अंसारी, असगर अंसारी, सहित कई लोग शामिल थे।

## मुक्ति संस्था ने 32 अज्ञात शवों का किया सामूहिक दाह संस्कार

**रांची :** मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी के तट पर 32 अज्ञात शवों का विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया। संस्था के सदस्यों ने रिम्स के मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को निकालकर जुमार नदी के तट पर लेकर गए। यहां संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने सभी शवों को मुखाग्नि दी। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने कहा कि अबतक नौ वर्षों में कुल 1655 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। अंतिम अरदास परमजीत सिंह टिंकू ने किया। इस मौके पर संस्था के रवि अग्रवाल, रतन अग्रवाल, आशीष भाटिया, संदीप कुमार, अरुण कुटारियार, सीताराम कौशिक, संजू कुमार, राहुल चौधरी, विकास सिंघानिया, नवीन गाड़ोदिया, नीरज खेतान, सुमित अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।



# रांची : लोकतंत्र संविधान बचाओ, जान बचाओ : भाकपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर राष्ट्रव्यापी किसान संगठनों एवं मजदूर संगठनों की आवाहन पर रांची कि राजभवन के समक्ष अखिल भारतीय किसान सभा, अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस , खेत मजदूर यूनियन के ओर से राजभवन के समक्ष राज्य भर से हजारों की संख्या में तीन दिवसीय महापड़ाव को सफल बनाने के लिए जो 28 नवंबर तक चलेगा महापड़ाव में केंद्र की मोदी सरकार के प्रति गगन भेदी नारों के साथ भाजपा भगाओ, देश बचाओ, लोकतंत्र संविधान बचाओ, जान बचाओ ,मोदी हटाओ के नारे से गूंज रहा था। महापड़ाव के सभा में सभा की अध्यक्षता ए आई के एस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, एटक के प्रदेश सचिव अशोक यादव ने किया, संचालन युवा नेता अजय कुमार सिंह ने किया। मंच पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मजदूर नेता डॉक्टर भालचंद्र कांगो, एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेद्र कुमार, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता , भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव सह अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव महेंद्र पाठक , एटक के राज्य सचिव अशोक यादव , कार्यकारी अध्यक्ष लखनलाल महतो ए आई के एस के कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णदेव सिंह, मुख्य रूप से उपस्थित थे । लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर भालचंद्र कांगो ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार से जनता ऊब चुकी, देश के बड़े-बड़े पूंजीपतियों को मुनाफा दिलाने के लिए मोदी सरकार सारे सार्वजनिक संगठनों ,सैकड़ो मजदूर संगठनों का गठबंधन यानी मोदी सरकार के विरोध में आम जनता का गठबंधन हो चुका है। पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि देश में महंगाई चरम पर है, हर उपयोग के सामानों के दाम आसमान छू रहे हैं ,10 वर्षों में कई गुना दाम बढ़े हैं, लोगों की रोजगार समाप्त हो रहा है, लगातार कल कारखानों में छटनी हो रही है , केंद्र सरकार की नीतियों के कारण कारखाने बंद हो रहे हैं । नोट बंदी जीएसटी एवं तालाबंदी से लाखों कारखाने बंद हो गए, करोड़ों लोग बेरोजगार हो गए ,महंगाई चरम सीमा पर पहुंच चुका है। जिसके चलते केंद्र सरकार के विरोध में आम जनता की गुस्सा चरम पर है । एटक के कार्यकारी अध्यक्ष लखनलाल महतो, ए आई के एस के कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णदेव सिंह, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य प्रमोद कुमार पांडे, महादेव राम, कन्हाई मल पहाड़िया, आदिवासी महासभा के पशुपति कॉल, महिला नेत्री छाया कॉल, सोनिया देवी, भारतीय खेत मजदूर युनीयन के सचिव इम्तियाज़ खान, अशोक यादव, रुचीर कुमार तिवारी , अंबुज ठाकुर ,डा. पियूष अर्जून कुमार महेस बाड़ों , सहित कई लोगों ने संबोधित किया। सभा में डॉक्टर भालचंद्र कांगो रमेद्र कुमार, भुवनेश्वर मेहता,महेंद्र पाठक , अशोक यादव ,कृष्णदेव सिंह, राजेंद्र प्रसाद यादव, स्वयंवर पासवान ,गणेश महतो, ब्रजकिशोर सिंह , शंभू महली, छाया कॉल, प्रोफेसर डॉक्टर पीयूष ,डॉक्टर बी एन ओहदार , विष्णु कुमार, मनोज महतो ,लालदेव सिंह, नीरज सिंह, सुरेंद्र दीक्षित, प्रिया प्रवीण, शंभू कुमार एक के रसीदी,शंभु मोहली, दइपनरआयन यादव ,राम श्वरुप पासवान , रामजी साह नीहारीका, मोनिका ,बिक्रम सिंह ,नीरज सिंह , मजदूर नेता सुभेदु सेन,सुजीत सिन्हा , रुचीर तिवारी ,आर के तिवारी, शत्रुघ्न महतो, शंभू कुमार, छाया कोल ,नेमन यादव, राजेन्द्र यादव, अर्जुन कुमार , सहीत हजारों के किसान मजदूर उपस्थित थे।